बीएचईएल की 39वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अभिभाषण

प्रिय शेयरधारक,

निदेशक मंडल और स्वयं मेरी ओर से मैं आपकी कंपनी के उन्चालीसवें वार्षिक आम बैठक में आप सभी लोगों का स्वागत करता हूँ। वर्ष 2002–2003 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट और लेखापरीक्षित लेखें आपके पास हैं, और आपकी अनुमति से मैं उन्हें पठित मानता हूँ। वर्ष 2002–2003 कई प्रभावशाली उपलब्धियों से परिपूर्ण एक और सफल वर्ष रहा था। मैं आपको सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्न हूँ कि बीएचईएल ने अर्थव्यवस्था की प्रतिबंधित कार्यनिष्पादन के बावजूद प्रभावशाली परिणाम दर्ज किए हैं।

वातावरण : वैश्विक

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2003 में सकल घरेलू उत्पाद में 3 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है और यह पूर्वानुमान किया है कि यह वर्ष 2003 में सुधरकर 3.2 प्रतिशत हो जाएगी। विकासशील देशों में उसके वर्ष 2003 में 5 प्रतिशत तक वृद्धि होना प्रत्याशित है। वर्ष 2002 के दौरान मुख्य विकसित देशों में वैश्विक व्यापार में धीमापन के साथ औद्योगिक उत्पादन मंद हो गया है। जबकि आधारिक परिदृश्य इराक युद्ध के फलस्वरूप निरंतर परंतु केवल धीमी गति को समुत्थान की भविष्यवाणी करता है वहीं दृष्टिकोण अत्यधिक अनिश्चितता के अधीन है। वैश्विक विद्युत उद्योग उद्योगमुखी प्रवृति का सामना कर रहा है, एनरॉन–पश्चात विफलता और अन्य उपयोगिता कंपनियों द्वारा अपने मौजूदा निवेशों पर पुनर्विचार करने से विद्युत संयंत्र उपस्करों के लिए नए ऑर्डरों में गिरावट आई। यह उल्लेख करना उचित है कि जहां वर्ष 2002 में विश्व भर में विद्युत संयंत्र उपस्कर के 150 जीडब्ल्यू से अधिक का ऑर्डर दर्ज किया गया था, वहीं यह वर्ष 2002 में 100 जीडब्ल्यू तक गिर गया और इसके वर्ष 2003 के दौरान 40–60 जीडब्ल्यू के बीच रहना अनुमानित है। जबकि ऑर्डरों में वैश्विक रूप से अत्यधिक गिरावट हुई है, वहीं विकासशील देशों में विशिष्ट उच्च–वृद्धि की अर्थव्यवस्थाओं में समग्र मांग अगले कुछ वर्षों में काफी होना संभावित है। बीएचईएल के कई लक्ष्य बाजारों और देशों में आशाजनक दृष्टिकोण है।

विश्व के विद्युत संयंत्र के उपस्कर बाजार में अद्योगामी प्रवृत्ति ने कुछ प्रमुख विद्युत संयंत्र उपस्कर विनिर्माताओं के लिए नकदी की कमी ला दी है जिससे कई क्षीण हो चुके समुद्रपारीय उपस्कर विनिर्माताओं के लिए नए विलय और अधिग्रहणों की आवश्यकता हुई। जबकि विकसित बाजारों में भागीदारों की संख्या कम होना बीएचईएल जैसी कंपनियों के लिए बाजार के अधिक अवसर प्रदान करता है वहीं बाजार की पहुँच पर लाइसेंसीकरण के प्रतिबंध विश्व के कुछ भागों में अवसरों को बाधा पहुंचा सकता है।

वातावरण : घरेलू

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2001–2002 में 5.6 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2002–2003 में 4.3 प्रतिशत की धीमी वृद्धि दर्ज की। अल्प वर्षा कृषि में नकारात्मक वृद्धि के लिए उत्तरादायी थी और औद्योगिक मंदी वर्ष 2002 में जारी रही, यद्यपि स्थिति वर्ष 2002–2003 की अंतिम तिमाही से सुधरनी प्रारंभ हुई और यह सुधार वर्ष 2003–2004 की पहली तिमाही में जारी रहा। औद्योगिक उत्पादन ने वर्ष 2001–2002 में 2.6 प्रतिशत से वर्ष 2002–2003 में 5.8 प्रतिशत की प्रोत्साहनजनक वृद्धि दर्शाई है। पूंजीगत सामग्री उद्योग, जिसका बीएचईएल एक हिस्सा है, ने पिछले दो वर्षों की नकारात्मक प्रवृत्ति में बदलाव देखा है और वर्ष 2002–2003 में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि की है। चालू वर्ष के लिए दृष्टिकोण अच्छी वर्षा के बाद आशाजनक प्रतीत होता है। उपलब्ध विभिन्न अनुमानों के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2003–2004 के दौरान 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होना संभावित है। राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग और सेवाओं का योगदान बढ़ता रहा है और इस प्रवृत्ति के चालू वर्ष में भी जारी रहने की प्रत्याशा है। देश के भुगतान–शेष की स्थिति में वर्ष 2002–2003 के दौरान लगातार दूसरी बार चालू खाता अधिशेष के कारण काफी सुधार हुआ है। विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि मार्च, 2003 के अंत में 71 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक रही जबकि वर्ष के दौरान मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत पर निम्न रही।

कार्यनिष्पादन विशिष्टताएं

वर्ष 2002–2003 के दौरान बीएचईएल ने पिछले वर्ष की अपेक्षा अपने कार्य निष्पादन में सुधार किया है और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अबतक के सर्वाधिक 7482 करोड़ रुपए का कुल कारोबार दर्ज किया। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में ऑर्डर बुक करने, मूल्य वर्धन और सकल मार्जिन में वृद्धि प्राप्त की। प्रति शेयर निवल परिसंपत्ति मूल्य कंपनी की आंतरिक सुदृढ़ता को प्रदर्शित करते हुए 192.40 रुपए तक पहुंच गया।

कार्यशील पूंजी प्रबंध में सुस्पष्ट सुधार से लगाई गई वर्षांत पूंजी को 396 करोड़ रुपए कम किया गया है। निरंतर प्रयासों ने ऋणदाताओं और मालसूची को भी वर्ष 2001–2002 में कुल कारोबार के क्रमशः 230 दिनों और 100 दिनों की तुलना में कमी लाकर कुल कारोबार का 199 दिन और 98 दिन कर दिया है। मैं अब संक्षेप में वर्ष 2002–2003 के दौरान आपकी कंपनी की कुछ प्रभावशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डालना चाहूंगा।

अब तक की सर्वाधिक आर्डर प्राप्ति

सुधरी हुई गुणवत्ता, चक्र अवधि की कमी और लागत में कमी करने के माध्यम से प्रतिस्पर्धा वृद्धि पर कंपनी के निरंतर बल देने से आर्डर प्राप्ति के मोर्चे पर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते रहे हैं और मैं आपको सूचित करते हुए प्रसन्न हूं कि आपकी कंपनी ने वर्ष 2002–2003 में घरेलू और समुद्रपारीय बाजारों से 11,227 करोड़ रुपए मूल्य के अब तक का सर्वाधिक आर्डर प्राप्त किया। इसके फलस्वरूप आपकी कंपनी ने वर्ष के अंत में पिछले वर्ष की अपेक्षा

26 प्रतिशत अधिक 15,800 करोड़ रूपए का उत्कृष्ट ऑर्डर प्राप्त किया।

निर्यात पर बल

मैं आपको सूचित करते हुए हर्ष का अनुभव कर रहा हूं कि आपकी कंपनी ने स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक ठोस आधारशिला पर स्थापित किया है। पिछले 3–4 वर्षों के दौरान समुद्रापारीय व्यवसाय प्राप्त करने के तीव्र प्रयासों से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए हैं और इसने आपके संगठन की अत्यधिक प्रतिस्पर्धा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक वैश्विक भागीदार के रूप में उभरने में सहायता की है। आपकी कंपनी के पास पिछले पांच वर्षों की अवधि में निर्यात ऑर्डर बुक करने में लगभग पंद्रह गुना वृद्धि प्राप्त करते हुए वर्ष के दौरान 1455 करोड़ रुपए का रिकार्ड वास्वविक निर्यात ऑर्डर था। प्रमुख सफलता टर्नकी आधार पर लीबिया में 600 मेगावाट गैस–आधारित विद्युत स्टेशन की स्थापना के लिए ऑर्डर की प्राप्ति से हासिल हुई थी। यह संभवतः भारत में किसी पूंजीगत सामग्री की विनिर्माता कंपनी द्वारा प्राप्त एकमात्र सबसे बड़ा समुद्रपारीय ऑर्डर हैं। आपकी कंपनी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान निरंतर प्रत्येक वर्ष निर्यात बाजार के नए क्षेत्रों में प्रवेश करने का भी गौरव बनाए रखा है।

परियोजना चालू करना

बीएचईएल ने के.वि.प्रा. के क्षमता वृद्धि लक्ष्य को 44 प्रतिशत से पारकर लिया है। वर्ष के दौरान देशों में कुल 20 उपयोगिता सैट (1960 मेगावाट) और 8 औद्योगिक/कैपटिव सेट (249 मेगावाट) चालू किए गए थे। इसके साथ बीएचईएल के उपयोगिता सेटों की संस्थापित क्षमता देश की कुल संस्थापित क्षमता में लगभग 65 प्रतिशत का हिस्सा बनाए रखते हुए बढ़कर 69,130 मेगावाट हो गई, जो वर्ष के दौरान देश में उत्पादित विद्युत का 76 प्रतिशत है।

उपस्कर का कार्यनिष्पादन

बीएचईएल निर्मित थर्मल सेटों ने अब तक का सर्वाधिक 74.1 प्रतिशत संयंत्र भार अनुपात (पीएलएफ) प्राप्त किए, जो राष्ट्रीय औसत से 1.9 प्रतिशत अधिक था और यह पिछले वर्ष की तुलना में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि है। बीएचईएल के थर्मल सेटों ने अब तक का सर्वाधिक 83.9 प्रतिशत प्रचालन उपलब्धता दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि है।

प्रौद्योगिकी विकास

चूंकि बीएचईएल के उत्पाद और प्रणालियां प्रकृति में प्रौद्योगिकी गहन हैं इसलिए कंपनी के लिए अनुसंधान और विकास तथा प्रौद्योगिकी विकास कार्यनीतिक महत्व रखते हैं। इस क्षेत्र में मुख्य विशिष्टता लोकप्रिय रूप से ज्ञात फ्लेक्सिबल ट्रांसमिशन सिस्टम (एफएसीटीएस) थाईरिस्टर नियंत्रित रिएक्टरों को शामिल करते हुए लाइन की विद्युत अंतरण बढ़ाने और पारेषण हानियों को कम करने के लिए नई श्रृंखला प्रतिपूर्ति स्कीम का सफल विकास था, जिससे देश को 'एफएसीटीएस' प्रौद्योगिकी रखने वाले देशों के चयनित दल में शामिल करना है। अन्य मुख्य उपलब्धि कार्यनिष्पादन विश्लेषण, परिवर्ती प्रचालन दशाओं के दौरान प्रचालन और अनुरक्षण लागत कम करने पर लक्षित विद्युत संयंत्रों की नैदानिकी और इष्टतमीकरण (पीएडीओ) के लिए साफ्टवेयर पैकेज को विकसित करना था। इस विकास ने बीएचईएल के लिए व्यवसाय का एक नया मार्ग खोला है।

पुरस्कार

मैं यहां यह उल्लेख करने में प्रसन्न हूं कि विभिन्न क्षेत्रों में आपकी कंपनी के कार्य निष्पादन को विधिवत मान्यता प्राप्त हुई हैं। बीएचईएल सीआईआई–एक्जिम बैंक संपूर्ण व्सवसाय उत्कृष्ट मॉडल के अधीन महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रशस्ति प्रमाणपत्र जीतने वाला पहला सरकारी क्षेत्र का उद्यम बना। त्रिची यूनिट ने व्यवसायिक उत्कृष्टता और सभी स्तरों पर प्रोत्साहजनक संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंध की ओर अपनी निरंतर यात्रा के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया। विद्युत क्षेत्र–उत्तरी क्षेत्र ने गुणवत्ता में उत्कृष्टता प्राप्ति के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित 'राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार' प्राप्त किया। वर्ष 2003 के लिए प्रधानमंत्री के तीन प्रतिष्ठित श्रम पुरस्कारों के अतिरिक्त बीएचईएल के कर्मचारियों ने एक बार फिर देश में सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों में अधिकतम संख्या में विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल के विनिर्माता संयंत्रों ने श्रम मंत्रालय द्वारा स्थापित छः राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया।

ग्राहक सेवा

बीएचईएल ने आबाधित विद्युत आपूर्ति सुविधाजनक बनाने और विद्युत संयंत्रों को अच्छी चालू दशा में रखने के लिए लक्षित तत्काल और सक्षम ग्राहक सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनर्वालित किया। वर्ष के दौरान कंपनी ने 14 बीएचईएल–भिन्न सेटों सहित 101 थर्मल उपयोगिता और औद्योगिक सेटों की पूर्ण मरम्मत की। ग्राहक की आपारस्थिति मांग का प्रदयुत्तर देते हुए बीएचईएल ने मात्र 4 दिनों में ओएनजीसी, अंकलेशवर में ई 1400 तटीय रिग का युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए पुनरूद्धार किया। डीवीसी के मेजिया टीपीएस में 210 मेगावाट यूनिट की पूंजीगत पूर्ण मरम्मत 60 दिनों की समय–अनुसूची की तुलना में 45 दिनों में पूरी की गई थी, जिससे कामबंदी की अवधि में पर्याप्त कमी हुई।

दूरस्थ क्षेत्र विकास के लिए योगदान

बीएचईएल अपनी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में अपने योगदान के माध्यम से दूर–दराज/दूरस्थ क्षेत्रों के विकास के लिए राष्ट्रीय प्रयास में योगदान देता रहा है। बीएचईएल ने मौसुनी द्वीपसमूह (पश्चिम बंगाल) में पहली बार द्वीपसमूह में 500 घरों को प्रकाशवान बनाकर भारत के सबसे बड़े स्टैंड अलोन और सौर फोटो वोल्टिक विद्युत संयंत्र (105 केडल्ब्यू) की आपूर्ति की और उसे चालू किया। बीएचईएल इस समय लक्षद्वीप के विभिन्न द्वीपसमूहों में सौर ऊर्जा का प्रयोग करते हुए 1100 केडब्ल्यू क्षमता का विश्व में विशालतम द्वीपसमूह विद्युतीकरण परियोजना में से एक का निष्पादन भी कर रहा है। विद्युत की कमी वाले लद्दाख में ऊर्जा की आवश्यकता के प्रत्युत्तर में बीएचईएल ने क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए लद्दाख स्वायत्तशासी पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

अ–परम्परागत ऊर्जा प्रणालियों, उत्पादों और सेवाओं तथा विपरित विद्युत उत्पादन के लिए संगठन के भीतर नवीकृत ध्यान प्रदान करने की दृष्टि से एक केंद्रीय विपणन समूह सृजित किया गया है। यह समूह बाजार, सरकारी/गैर–सरकारी निधिकरण एजेंसियों, विनिर्माता यूनिटों के साथ उपयुक्त परस्पर कार्रवाई सुनिश्चित करके कंपनी में अ–परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के लिए कार्यनीतिक दिशा प्रदान करेगा और इस क्षेत्र में व्यवसाय वृद्धि के लिए आवश्यक उपाय करेगा।

उभरती हुई व्यावसायिक प्रवृत्तियां : अंतर्राष्ट्रीय

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दृष्टिकोण 2003 वर्ष 2001–2025 से 24 वर्षीय भावी अवधि में विश्व की ऊर्जा खपत में लगभग 58 प्रतिशत की वृद्धि का पुर्वानुमान करता है। उच्चतम वृद्धि का पुर्वानुमान विकासशील एशियाई देशों के लिए है, जहां ऊर्जा की मांग के भावी अवधि में दुगुना हो जाना प्रत्याशित है। जबकि तेल के प्रमुख ऊर्जा ईंधन बना रहना प्रत्याशित है, वैश्विक तेल के मूल्यों में उतार–चढ़ाव एक अनिश्चित कारक है। उद्योगीकृत विश्व में प्राकृतिक गैस के वृद्धिकारी ऊर्जा खपत में अत्यधिक योगदान देना प्रत्याशित है। कोयला–आधारित ऊर्जा के प्रयोग में पर्याप्त वृद्धि एशिया, विशेषकर चीन और भारत में होनी प्रत्याशित है। ये प्रवृत्तियां आपकी कंपनी के मूल व्यवसाय के दीर्घाविधिक स्थायित्व की संकेतिक हैं।

विकास संबंधी योजनाएं

बीएचईएल भारत में अपने व्स्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी अग्रता को बनाए रखने और पुनर्बलित करने तथा एक व्यावसायिक और प्रतिस्पर्धी संगठन के रूप में विदेशी बाजारों में वर्धित उपस्थिति के साथ वैश्वीकरण प्रक्रिया के साथ एकीकृत होने के लिए भी पहले करने की आकांक्षा रखता है। कंपनी एक संगठनात्मक संस्कृति विकसित करेगी और मान्यताओं को बढ़ावा देगी, जो उसे अपनी लक्ष्य प्राप्ति में समर्थ बनाएंगे। जैसा मैंने पिछले वर्ष उल्लेख किया था, कंपनी ने कंपनी का विकास मार्ग प्रशस्त करते हुए ''कार्यनीतिक येाजना–2007'' शीर्षक नई नैगम योजना बनाई है। कल्पनादृष्टि, लक्ष्य और मान्यताओं को अपने व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी अग्रता बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए उपयुक्त कार्यनीतियों के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में अपने मूल और संबद्ध व्यावसायिक क्षेत्रों में स्वयं की पुनः स्थापित करने के लिए पहले करने हेतु पुनः निर्धारित, संशोधित और पुनः समायोजित किया गया था। वर्तमान कार्यनीतिक योजना के विकास की प्रक्रिया की अद्वितीय विशेषताओं में कंपनी के कर्मचारियों से विचार और सुझाव आमंत्रित करना और सरकार, विनियामक निकायों, मुख्य ग्राहक मु.का.अ. आदि से परामर्श करना और कार्यनीतिक योजना में उनके सुझावों को उचित रूप से समामेलित करना शामिल है।

नई कार्यनीतिक योजना के भाग के रूप में आपकी कंपनी ने आगे बढ़ते हुए चुनौतियों का सामना करने और अर्थव्यवस्था के पुराने तथा साथ ही नए क्षेत्रों में उभरते हुए अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपनी मूल शक्तियों को ध्यान में रखते हुए कई कार्यनीतिक पहले की हैं। कंपनी द्वारा अभिज्ञात कार्यनीतिक मुख्य क्षेत्रों में शामिल हैं : संगठन को पुनः स्थापित करना, वैश्वीकरण/निर्यात कार्यनीतियां, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संबंधी पहलें, प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए निरंतर पहलें, सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित पहलें और मानव संसाधन प्रबन्ध तथा वित्तीय प्रबंध से संबंधित पहलें।

विकास की संभावनाओं को और बढ़ाने के लिए कई व्यवसाय संबंद्ध उपाय किए जा रहे हैं, जिनमें विद्युत, पारेषण, ढुलाई और औद्योगिक प्रणालियों एवं उत्पादों के मूल व्यवसाय को सुदृढ़ करके मूल्य वृद्धि तेल क्षेत्र आदि जैसे अर्ध–संबंद्ध क्षेत्रों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए मौजूदा शक्तियां बढ़ाना शामिल है। चूंकि सेवाक्षेत्र अर्थव्यवसथा के विकास चालक के रूप में तेजी से उभर रहा है इसलिए ईपीसी, प्रचालन और अनुरक्षण (ओएंडएम), नवीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम) और अन्य सेवाओं जैसे अवसरों का पता लगाने के लिए ध्यान केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है।

समुद्रपारीय व्यवसाय में आपकी कंपनी वैश्विक बाजार मे एक नियमित ईपीसी संविदाकार के रूप में बीएचईएल को स्थापित करने, महत्वपूर्ण भागीदारों के साथ स्वतंत्र विद्युत उत्पादक प्रवर्तक के रूप में चयनात्मक भागीदारी, समुद्रपारीय संयुक्त उपक्रम स्थापित करने, उत्पाद, अतिरिक्त पुर्जों और सेवाओं आदि की बिक्री पर ध्यान केंद्रण जैसे कई महत्वपूर्ण व्यावसायिक पहलें भी कर रही है।

उभरते हुए व्यावसायिक परिदृश्य को देखते हुए आपकी कंपनी ने वर्ष 2006–2007 तक लगभग 12 प्रतिशत का सीएजीआर प्रदर्शित करते हुए 12,500 करोड़ रूपए का विक्रय कुल कारोबार, 15 प्रतिशत के वास्तविक निर्यात संघटक लगाई गई पूंजी पर न्यूनतम 20 प्रतिशत की आय और कुल कारोबार के 150 दिनों के कार्यशील पूंजी चक्र की प्राप्ति जैसे महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

बीएचईएल को प्रतिस्थापित करना

कार्यनीतिक योजना, 2007 के भाग के रूप में, अभिज्ञात कार्यनीतिक ध्यान केंद्रण क्षेत्रों में से एक कारपोरेशन को प्रतिस्थापित करना था। बीएचईएल व्यावसायिक वातावरण में परिवर्तनों को देखते हुए स्वयं को पुनः अनुकूलित करने और अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संगत कार्यनीतियां अपनाने के लिए समय–समय पर उपाय करता रहा है। तथापि, भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के पश्चात व्यावसायिक वातावरण में वर्धित अस्तव्यस्तताने संपूर्ण समाधान के लिए ग्राहक की बढ़ती हुई प्रत्याशाओं, टर्नकी परियोजनाओं, अवधि काल संबंध आदि के साथ संयोजित ओईएम संवर्धित वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी की अनुपलब्धता, अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने में तेजी लाने की आवश्यकता, चीन, रूस और चेकोस्लोवाकिया गणराज्य आदि जैसे उभरते हुए बाजारों से नए वैश्विक भागीदारों से बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा, जैसी कई चुनौतियां बीएचईएल के समक्ष उत्पन्न कर दी हैं। बाजार स्थल भी भारत के वैश्वीकरण प्रयासों 'विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के साथ एकीकरण और स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों जैसे नए ग्राहक क्षेत्रों के वैश्विक प्रादुर्भाव के कारण परिवर्तित हो गया है।

उपरोक्त परिदृश्य ने बीएचईएल को उन चुनौतियों का सामना करने और तेजी से परिवर्तित हो रही बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को पुनः अनुकूल बनाने का अधिवेश दिया। शामिल मुद्दों पर कंपनी में विभिन्न मंचों में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई थी और उन्हें व्यापक कार्य योजनाओं में संश्लेषित किया गया। तथापि, कंपनी के भीतर सोच की बाह्य–आंतरिक अपूर्वाग्रहित वैधीकरण और उसका यथा उपरोक्त परिमार्जन विवेकसम्मत महसूस किया गया था। तदनुसार, निदेशक मंडल ने संगठन के बाहर से परिदृश्य प्राप्त करने के लिए सावधानीपूर्वक, मामले पर विचार करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक वातावरण से उद्भासित, कार्यकलापों के संगत क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रबंधित वैश्विक कंपनियों के साथ कार्य करने की अनुभव रखने वाले विश्व विख्यात परामर्शदाता को नियुक्त करने की आवश्यकता महसूस की।

उसके अनुसरण में, बीएचईएल ने परामर्शदाताओं की एक विश्व विख्यात फर्म की सेवाओं का प्रयोग किया और संगठन को प्रतिस्थापित करने का कार्य का प्रारंभ किया है। परामर्शदाताओं ने अपने कार्य का नैदानिक चरण पूरा कर लिया है और कंपनी द्वारा तैयार की गई कार्यनीतिक योजना, 2007 में विकास के उद्देश्यों की अभिपुष्टि की है।

लोगों पर ध्यान

किसी भी संगठन की सफलता उसके सर्वाधिक महत्वपूर्ण संसाधन अर्थात ''मानव संसाधन'' पर निर्भर करती है। हेनरी फोर्ड ने एक बार कहा था ''आप मुझसे मेरी सभी इमारतें, कार्यालय और आधार ढांचा सुविधाएँ ले सकते हैं, 'मेरे लोगों' को मेरे साथ छोड़ दें और मैं इन सभी को पुनः निर्मित कर लूंगा।'' यह आज ज्ञान अर्थव्यवस्था में सत्य है, जहां किसी संगठन की वास्तविक परिसंपत्ति उसके लोग हैं। आपकी कंपनी विश्वास करती है कि सर्वोत्तम निवेश उसके मानव संसाधन में किया गया निवेश है और हम अद्यतन प्रौद्योगिकी और प्रबंधकीय कुशलताओं पर नियमित रूप से पृष्ठभूमि संबंधी जानकारी द्वारा इस संसाधन की दक्षता का निरंतर उन्नयन कर रहे हैं। तदनुसार, कंपनी ज्ञान प्रबन्ध नीति विकसित करने के लिए प्रक्रियारत है। कंपनी में आज लगभग 45,000 कर्मचारियों का योग्य और प्रशिक्षित कार्यबल है। बेहतर कार्यनिष्पादन करने के लिए उन्हे प्रेरित करने हेतु मानव संसाधन प्रक्रियाओं की निरंतर समीक्षा की जा रही है और उन्हें अद्यतन बनाया जा रहा हैं। कार्य निष्पादन प्रबन्ध प्रणाली, जिसे पिछले वर्ष कार्यान्वित किया गया था को पुनःशोधित और ई–सामर्थवान किया गया था। ई–समर्थवान प्रणाली युक्त एमएपी (कार्य निष्पादन के माध्यम से अग्रसर होना) सभी कार्यपालकों को उपलब्ध एक साधन है, जो स्वयं उनके कार्य निष्पादन तथा साथ ही उनके दल के कार्यनिष्पादन की योजना बनाने, मॉनिटर और मूल्यांकित करने में उनकी सहायता करता है। यह प्रणाली आने वाले वर्षों में कार्यनिष्पादन प्रेरित करेगी, दक्षता बढ़ाएगी और उत्पादकता में सुधार लाएगी।

पर्यावरणीय और सामाजिक उत्तरदायित्व

कार्यबल को प्रेरित करते हुए आपकी कंपनी ने संपूर्ण समाज के प्रति भी अपने उत्तरदायित्व का पालन किया है। सामुदायिक विकास के लिए अपनी वास्तविक प्रयास जारी रखते हुए बीएचईएल ने कंपनी द्वारा अपनाए गए गांवों में कई कल्याण और सामाजिक–आर्थिक विकास के कार्यकलाप प्रारंभ किए।

वर्ष के दौरान वैश्विक पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप सतत विकास की प्राप्ति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पूर्ति हेतु आपकी कंपनी की सभी युनिटों ने आईएसओ 14001 और ओएचएसएएस 18001 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों का प्रमाणीकरण प्राप्त किया है, जिससे उन्होनें अपने व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय दायित्वों के सक्रियतापूर्वक निर्वहन की कंपनी की प्रतिबद्धता रेखांकित किया है।

बीएचईएल ने वर्ष 2002–2003 के दौरान अपशिष्ट रोकने, अपशिष्ट पदार्थ का पुनःशोधित और पुनःप्रयोग आदि करने के लिए ''अपशिष्ट के विरूद्ध युद्ध'' का विशेष कार्यक्रम प्रारंभ किया है।

यह कार्यक्रम ''पुनःकार्य और अस्वीकृति'' समाप्त करने पर बल देने के साथ वर्ष 2003–2004 में जारी रखा जा रहा है।

कंपनी ने ''ऊर्जा प्रबन्ध नीति'' भी तैयार की है, जो एकमात्र ऊर्जा संरक्षण तक हमारे प्रयासों को सीमित नहीं करके बल्कि ऊर्जा क्षमता की वृद्धि और ऊर्जा के अपव्यय के निवारण शामिल करते हुए हमारे दृष्टिकोण में निदेर्शनात्मक अंतरण लाना चाहती है।

आभार

अपना अभिभाषण समाप्त करने के पूर्व मैं निदेशक मंडल की ओर से समी कर्मचारियों और उनके परिवारों को उनके अत्यधिक कठोर परिश्रम और समर्पण के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहूंगा। वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट वास्तव में बीएचईएल का गौरव ऊचांईयों तक ले जाने में कर्मचारियों और उनके परिवारों का प्रयास प्रदर्शित नही कर सकती। मैं निदेशक मंडल तथा स्वयं अपने ओर से भी भारत और विदेश में अपने सभी सम्मानित ग्राहकों को संगठन में उनके विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहूंगा। और इस पारस्परिक समर्थनकारी संयंत्र को जारी रखने की आशा रखूंगा। मैं बीएचईएल के शेयरधारकों को कंपनी के अस्तित्व और उसके अर्थ को समझने तथा उनके कंपनी में विश्वास करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इस महान संगठन की मान्यताओं और दक्षताओं में उनका विश्वास अपनी कंपनी के प्रबन्ध और कर्मचारियों को किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरणा देता है। कंपनी अपने तकनीकी सहयोगकर्ताओं, आपूर्तिकर्ताओ और व्यावसायिक सहयोगियों को उनके मूल्यवान समर्थन और हमारे सभी प्रयासों में विश्वास व्यक्त करने के लिए सराहना करना चाहेगी। मैं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेषकर भारी उद्योग विभाग, राज्य सरकारों, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को कंपनी के विभिन्न प्रचालनों और विकास योजनाओं में प्राप्त समर्थन और दिशानिर्देश के लिए हमारी हार्दिक सराहना सूचित करना चाहूंगा।

सधन्यवाद,

ह./–

नई दिल्ली — **(के.जी. रामचंद्रन)**

दिनांक : 30 सितम्बर, 2003 — अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110 049

प्रतिनिधि फार्म

फोलियों/आईडी नं.
शेयरों की संख्या

मैं, हम ..... जिला .....
..... का/के .....
..... उपर्युक्त कंपनी का/के सदस्य

हूं/हैं और एतद्द्वारा ..... जिला ..... को अथवा

उनकी अनुपस्थिति में ..... जिला ..... को मेरे/हमारे प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करता हूं/करते हैं, जो 30 सितम्बर, 2003 को आयोजित होने वाली 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक में मेरी/हमारी ओर से मतदान करेंगे।

दिनांक ..... 2003 को हस्ताक्षरित

एक रुपए का रसीदी टिकट

टिप्पणियां : क) फार्म पर कंपनी में दर्ज नमूना हस्ताक्षर के अनुसार टिकट के ऊपर हस्ताक्षर किया जाना चाहिए।
ख) यह फार्म बैठक के आयोजन से अड़तालीस घंटे पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा कराया जाना चाहिए।

यहां से काटिये

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110 049

उपस्थिति-पर्ची

दिनांक 30 सितम्बर, 2003 मंगलवार को
पूर्वाह्न 10.00 बजे फिक्की सभागार, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
में आयोजित होने वाली 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक

उपस्थित सदस्य का नाम	
फोलियो/आई डी नं.	
धारित शेयरों की संख्या	
प्रतिनिधि का नाम (यदि सदस्य के स्थान पर प्रतिनिधि भाग ले रहा हो)	

मैं एतद्द्वारा 30 सितम्बर, 2003 को आयोजित 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करता/करती हूं।

सदस्य/प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

विधिवत् भरी गई इस पर्ची को बैठक कक्ष में प्रवेश द्वार पर सौंपा जाए।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110 049

प्रिय शेयरधारक/शेयरधारकों

संदर्भ : इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवाएं (ईसीएस) द्वारा लाभांश का भुगतान

यदि आपने पहले से हमारे रजिस्ट्रारों यानि मैसर्स कार्वी कंसल्टेंट्स लिमिटेड या निक्षेपागार सहभागी (डीमेट होल्डिंग के मामले में), को ईसीएस/बैंक लेखा विवरण प्रेषित नहीं किए हैं, तो आपसे हमारा अनुरोध है कि नीचे दिए गए फॉर्मेट में उक्त विवरण उपलब्ध कराएं, ताकि 30 सितम्बर, 2003 को आयोजित होने वाली कंपनी की 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक में घोषित होने वाले लाभांश का शीघ्र, सुरक्षित एवं सही भुगतान किया जा सके।

कृपया सुनिश्चित करें कि रजिस्ट्रारों/निक्षेपागार सहभागी को आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं, क्योंकि उनमें कोई त्रुटि होने पर लाभांश की राशि गलत खाते में जमा हो जाएगी।

ईसीएस द्वारा और/अथवा नामोदिष्ट बैंक खाते में लाभांश का भुगतान, जो कि लाभांश वारंट पर लिखा होगा, लाभांश वारंट के कपटपूर्ण नकदीकरण को रोकने में सहायक होगा।

कृपया आपकी बेहतर सेवा करने के प्रयास में हमारी सहायता करें।

भवदीय

(एन.के. सिन्हा)
कंपनी सचिव

पीएस : यदि आपके पास डीमेट रूप में शेयर हैं, तो अपने निक्षेपागार सहभागी को आपके बैंक खाता विवरणों/ईसीएस अधिदेश पर ध्यान देने का परामर्श दें।

ईसीएस अधिदेश/बैंक खाता विवरणों के लिए फार्म

मैं/हम ..... एतद्द्वारा बीएचईएल/अपने निक्षेपागार सहभागी को

- ❑ मेरे/हमारे लाभांश वारंट पर निम्न विवरण छापने
- ❑ ईसीएस द्वारा बैंक खाते में मेरी लाभांश राशि जमा करने हेतु प्राधिकृत करता हूं/करते हैं

(जो लागू न हो, कृपया उसे काट दें)

मेरा/हमारा फोलियो सं. ..... डीपी आईडी सं. ..... ग्राहक खाता सं. .....

बैंक खाते का विवरण :

क.	बैंक का नाम	:	.....
ख.	शाखा का नाम (केवल अधिदेश के लिए पता)	:	.....
ग.	एमआईसीआर चैक में दिए गए बैंक और शाखा के 9 अंकों की कोड संख्या	:	.....
घ.	लेखा का प्रकार (बचत/चालू)	:	.....
ङ.	चैक बुक में दिए गए अनुसार लेखा सं.	:	.....
च.	शेयरधारक का एसटीडी कोड एवं दूरभाष सं.	:	.....
छ.	पैन/जीआईआर सं.	:	.....

यदि ईसीएस कार्यान्वित न हो सकी अथवा बैंक ईसीएस को किसी कारण से समाप्त कर देता है, तो मैं/हम कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराऊंगा/ठहराएंगे।

को प्रेषण :

मैसर्स कार्वी कंसल्टेंट्स लिमिटेड
यूनिट : बीएचईएल
105–108, अरूणाचल भवन
19, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110 001

.....
शेयरधारक के हस्ताक्षर

9 अंकों की कोड सं. की यथार्थता के सत्यापन हेतु कृपया आपके उक्त लेखा से संबंधित आपके बैंक द्वारा जारी चैक या खाली रद्द किए गये चैक की प्रति संलग्न करें।

फार्म 2 बी

(कृपया नियम 4 गगग एवं 5घ देखें)

नामांकन फार्म

(व्यक्तिगत या संयुक्त रूप में आवेदन करने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) द्वारा भरा जाए)

मैं/हम ..... एवं ..... और .....
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के क्रमांक ..... का/के शेयरधारक, नामांकन करना चाहता हूं/चाहते हैं तथा निम्न व्यक्ति (व्यक्तियों), जिसमें मेरी या जिनमें हमारी मृत्यु होने पर अंतरण और/अथवा शेयरों से सम्बद्ध देय राशि के सभी अधिकार निहित हैं, को नामित करता हूं/करते हैं।

नामिती/नामितियों के नाम एवं पता/पते

नाम : .....
पता : .....
.....
जन्म तिथि* : .....

(*नामिती के नाबालिग होने के मामले में भरा जाए)

** नामित नाबालिंग है, जिसका अभिभावक ..... है
नाम एवं पता .....
.....
.....

(** यदि लागू न हो, तो हटा दिए जाए)

हस्ताक्षर : .....
नाम : .....
पता : .....
तिथि : .....
हस्ताक्षर : .....
नाम : .....
पता : .....
तिथि : .....
हस्ताक्षर : .....
नाम : .....
पता : .....
तिथि : .....

दो गवाहों के पते, नाम एवं हस्ताक्षर

	नाम एवं पता	तिथि सहित हस्ताक्षर
1.		
2.		

अनुदेश :

1. केवल उन व्यक्तियों द्वारा ही नामांकन किया जा सकता है,जिन्होंने अपनी ओर से एकल या संयुक्त रूप से शेयरों के लिए आवेदन किया हो या धारक हो। सोसायटी,न्यास,कॉरपोरेट निकाय, साझेदारी फर्म,हिन्दू अविभाजित परिवार का कर्ता, मुख्तारनामा धारक सहित गैर-व्यक्ति नामांकन नहीं कर सकते। यदि शेयर संयुक्त रूप से धारित किया जाता है,तो सभी संयुक्त शेयरधारक नामांकन फार्म पर हस्ताक्षर करेंगे। नमूने के तौर पर स्थान उपलब्ध कराया गया है। यदि संयुक्त धारक अधिक है, तो शेयरों के धारकों तथा गवाह के हस्ताक्षर के लिए अधिक शीटें प्रयोग में लाई जा सकती हैं।
2. शेयरों के धारक द्वारा नाबालिग को नामित किया जा सकता है तथा उस स्थिति में धारक द्वारा अभिभावक का नाम और पता दिया जाएगा।
3. न्यास,सोसायटी,कारपोरेट निकाय,साझेदारी फर्म, हिन्दू अविभाजित परिवार का कर्ता या मुख्तारनामा धारक नामिती नहीं होगा। अनिवासी भारतीय प्रत्यावर्तन के आधार पर नामिती हो सकता है।
4. शेयर के अंतरण पर नामांकन विखंडित हो जाता है।
5. वैध उत्तराधिकारी के विरूद्ध कंपनी द्वारा नामिती के पक्ष में शेयर का अंतरण वैध निर्वहन होगा।
6. कंपनी/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्त्ता को नामांकन/नामांकन फार्म के संबंध में सूचना दो प्रतियों में देनी होगी,जो उसकी एक प्रति शेयरधारक को वापस करेगी/ करेगा।

विषय – सूची

वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना 9

बीएचईएल (भेल) एक दृष्टि में 12

पांच वर्षों का सार 14

निदेशकों की रिपोर्ट 15

- प्रबंध चर्चा एवं विश्लेषण
- लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां
- ऊर्जा संरक्षण आदि
- कारपोरेट अभिशासन
- सूचीकरण करार के अनुसार नियुक्ति/पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशक का संक्षिप्त जीवन–वृत्त

लेखापरीक्षित लेखे 60

- महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां
- तुलन–पत्र
- लाभ एवं हानि लेखा
- अनुसूचियां

नकद प्रवाह विवरण 99

उत्पाद की रूपरेखा 111

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110 049

सूचना

सूचित किया जाता है कि **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड** के सदस्यों की 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक मंगलवार, 30 सितम्बर, 2003 को 10.00 बजे (पूर्वाह्न) फिक्की सभागार, बाराखम्भा रोड (तानसेन मार्ग), नई दिल्ली-110001, में आयोजित की जाएगी, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है :

सामान्य कार्यक्रम

1. कंपनी के 31 मार्च, 2003 के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र, उस तारीख् को समाप्त वर्ष के लाभ एवं हानि लेखा और उस पर निदेशकों एवं लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट को प्राप्त करना, उस पर विचार करना और उन्हें स्वीकार करना।
2. लाभांश की घोषणा करना।
3. श्री ए.सी.वधावन के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना, जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने पर पुनःनियुक्ति के लिए अपना नाम प्रस्तावित करेंगे।
4. डॉ. आनंद पाटकर के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना, जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने पर पुनःनियुक्ति के लिए अपना नाम प्रस्तावित करेंगे।
5. श्री जी.पी.गुप्ता के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना, जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने पर पुनःनियुक्ति के लिए अपना नाम प्रस्तावित करेंगे।
6. लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक निर्धारित करना।

विशेष कार्यक्रम

7. निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और उपयुक्त समझे जाने पर आशोधन करके या बिना आशोधन के इसे **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करना :

   ''संकल्प किया जाता है कि श्री ईशान शंकर, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 260 के साथ पठित कंपनी के अन्तर्नियम के अनुच्छेद 67 के अनुसरण में कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जो इस वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक इस पद पर मौजूद हैं और जिनके संबंध में कंपनी ने स्वयं निदेशक की ओर से लिखित रूप में नोटिस प्राप्त किया है, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 257 के उपबंधों के अनुसरण में है, को एतद्द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।''

8. निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और उपयुक्त समझे जाने पर आशोधन करके अथवा बिना आशोधन के इसे **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करना :

   ''संकल्प किया जाता है कि ए.दीदार सिंह, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 260 के साथ पठित कंपनी के अन्तर्नियम के अनुच्छेद 67 के अनुसरण में कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जो इस वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक इस पद पर मौजूद हैं तथा जिनके संबंध में कंपनी ने स्वयं निदेशक से लिखित रूप में नोटिस प्राप्त किया है, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 257 के उपबंधों अनुसरण में है, को एतद्द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।''

निदेशक मंडल के आदेश से

ह./-
(एन.के.सिन्हा)
कंपनी सचिव

नई दिल्ली
दिनांक : 29 अगस्त, 2003
पंजीकृत कार्यालय
बीएचईएल हाऊस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली-110049

टिप्पणियां :

1. बैठक में उपस्थित होने और मतदान के लिए हकदार सदस्य अपने स्थान पर उपस्थित होने और मतदान के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने के लिए हकदार हैं और इस प्रतिनिधि का कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। विधिवत भरा हुआ प्रतिनिधि फार्म वार्षिक सामान्य बैठक के निर्धारित समय से कम से कम अड़तालीस घंटे (48 घंटे) पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करा दिया जाना चाहिए। खाली (ब्लैंक) प्रतिनिधि फार्म संलग्न है।

2. उपर्युक्त विशेष कार्यक्रम के संबंध में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 173(2) के अनुसरण में संगत व्याख्यात्मक विवरण संलग्न है।

3. नियुक्ति और पुनःनियुक्ति के लिए प्रस्तावित प्रत्येक निदेशक का संक्षिप्त जीवनवृत्त निदेशक रिपोर्ट के **अनुबंध-5** में दिया गया है।

4. श्री ए.सी.वधावन, डॉ. आनंद पाटकर और श्री जी.पी.गुप्ता, कंपनी के निदेशक चक्रानुक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने के कारण उन्होंने पुनःनियुक्ति के लिए स्वयं का प्रस्ताव किया है। तथापि, उनकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार श्री ए.सी.वधावन और डॉ. आनंद पाटकर की सेवावधि दिनांक 14.06.2004 तक और श्री जी.पी.गुप्ता की नियुक्ति की दिनांक 13.08.2004 तक है।

5. सदस्य पंजी और कंपनी की शेयर अंतरण बहियां सदस्यों द्वारा अनुमोदित लाभांश, यदि कोई है, के भुगतान के लिए 10 सितम्बर, 2003 से 30 सितम्बर, 2003 तक (दोनों दिनों सहित) बंद रहेंगी।

6. सदस्यों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपनी इलेक्ट्रानिक क्लियरिंग सर्विसेज (ईसीएस) अधिदेश विधिवत भरे हुए और हस्ताक्षरित फार्म (वार्षिक रिपोर्ट में कहीं भी दिया गया हो) में प्रस्तुत करें।

7. 31 मार्च, 2003 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशक मंडल द्वारा इक्विटी शेयरों पर सिफारिश किया गया लाभांश कंपनी की वार्षिक सामान्य बैठक में मंजूर हो जाने पर, सदस्यों द्वारा लाभांश की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अंदर अर्थात 29 अक्तूबर, 2003 को या इसके पूर्व उन शेयरधारकों को संदेय होगा, जिनके नाम कंपनी की सदस्य पंजी में मौजूद होंगे या जिनके नाम मंगलवार, 10 सितम्बर, 2003 को जमाकर्ता के रिकार्डों में शेयरों के हिताधिकारी स्वामी के रूप में दर्ज होंगे।

8. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205ग के साथ पठित धारा 205क के अनुसरण में लाभांश की राशियां, जो कि 7 वर्षों से अप्रदत्त/अदावाकृत हैं, केन्द्रीय सरकार के निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में अंतरित की जानी अपेक्षित हैं। तत्पश्चात उक्त राशि पर सदस्यों का कोई दावा नहीं रह जाएगा। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1995-96 का देय लाभांश, जो कि अदावाकृत है, 29 सितम्बर, 2003 के बाद और 1996-97 के बाद के वर्षों के लिए उनकी क्रमशः नियत तारीखों को उक्त खाते में अंतरित कर दिया जाए।

   जिन सदस्यों ने 31.3.1996 को समाप्त वित्तीय वर्ष अथवा बाद के किसी वित्तीय वर्ष (वर्षों) के लिए अपने लाभांशों को नकदीकृत नहीं कराया है वे निर्दिष्ट 7 वर्ष की अवधि समाप्त होने से पहले उनका भुगतान प्राप्त करने के लिए कंपनी से संपर्क करें।

9. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 109क के संदर्भ में सदस्य फार्म 2बी (वार्षिक रिपोर्ट में अन्यत्र दिया गया है) में उस व्यक्ति को नामित करके नामांकन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जिन्हें सदस्य की मृत्यु होने पर कंपनी में उसके शेयर प्राप्त होंगे।

10. धारा 619(2) के अनुसरण में, सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षक की नियुक्ति/पुनःनियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा की जाएगी और धारा 224 की उप-धारा (8) के खंड (कक) के संदर्भ में उनका पारिश्रमिक वार्षिक सामान्य बैठक में कंपनी द्वारा नियत किया जाएगा। वर्ष 2003-2004 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा अभी की जानी है। सामान्य बैठक बोर्ड को प्राधिकृत कर सकती है कि वह कार्य की मात्रा में वृद्धि और वर्तमान मुद्रास्फीति पर विचार करने के बाद 2003-2004 के लिए लेखापरीक्षकों का समुचित पारिश्रमिक निर्धारित करें।

11. कारपोरेट सदस्य को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित तभी माना जाएगा जबकि वह कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 187 के अनुसार प्रतिनिधित्व करे, अर्थात यदि कारपोरेट सदस्य वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए अपना प्रतिनिधि प्राधिकृत करते समय बोर्ड के संकल्प/मुख्तारनामे की प्रमाणित प्रति प्रेषित करें।

12. सदस्यों से अनुरोध है कि उनके पते में कोई परिवर्तन होने पर निम्नलिखित को तत्काल सूचित करें:

    क) इलेक्ट्रॉनिक शेयर लेखे के संबंध में अपने निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) सहभागियों को, और

    ख) प्रत्यक्ष शेयरों के संबंध में कंपनी को इसके पंजीकृत कार्यालय में, जिसमें उनके फोलियो नं., बैंकर के नाम तथा खाता संख्या का भी उल्लेख किया जाए ताकि लाभांश वारंट तुरंत और सुरक्षित स्थिति में प्राप्त किए जा सकें।

13. बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे संलग्न हाजिरी पर्ची को भरकर बैठक के स्थान पर प्रवेश के समय प्रस्तुत करें। तथापि, सभागार में प्रवेश उस स्थान पर काउंटरों पर उपलब्ध प्रवेश-पत्र के आधार पर ही होगा, जो हाजिरी-पर्ची के बदले में दिया जाएगा।

14. कंपनी के लेखों और प्रचालन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पूर्व कंपनी को अपने प्रश्न (क्वेरीज) भेजें ताकि अपेक्षित जानकारी बैठक में तुरंत उपलब्ध कराई जा सके।

15. सदस्यों से अनुरोध है कि वे :

(i) बैठक के समय वार्षिक रिपोर्ट,नोटिस और हाजिरी पर्ची की अपनी प्रतियां लाएं।

(ii) सभी पत्राचारों में अपनी फोलियो संख्या लिखें।

(iii) सुरक्षा की दृष्टि से सभागार के अंदर ब्रीफकेस अथवा बैग ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iv) यह नोट करें कि वार्षिक सामान्य बैठक में कोई उपहार नहीं दिया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेश से
ह./-
(एन.के.सिन्हा)
कंपनी सचिव

नोटिस का अनुबंध

कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 173(2) के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण

निम्नलिखित व्याख्यात्मक विवरण में दिनांक 29 अगस्त,2003 के संलग्न नोटिस की मद संख्या 7 और 8 में उल्लिखित कार्यक्रम से संबंधित वास्तविक तथ्यों का उल्लेख है।

मद संख्या 7

59-वर्षीय श्री ईशान शंकर मैकेनिकल इंजीनियर हैं। भारत सरकार के निदेशानुसार,श्री ईशान शंकर को दिनांक 10 अक्तूबर,1997 से पांच वर्षों के लिए कंपनी का निदेशक (कार्मिक) [अब निदेशक (मानव संसाधन)] नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें प्रत्येक क्रमशः 9 अक्तूबर,2002 और 9 जनवरी,2003 के बाद तीन महीने की अवधि के लिए सेवा विस्तार किया गया था। भारत सरकार ने आगे 29 फरवरी,2004 अर्थात 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर उनकी अधिवर्षिता की तारीख तक उनका सेवाकाल बढ़ा दिया। इस प्रकार नियुक्त किए जाने के कारण श्री ईशान शंकर कंपनी के अन्तर्नियम के अनुच्छेद 67(iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 260 द्वारा आगामी वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक इस पद पर हैं और पुनःनियुक्ति के पात्र हैं।

कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 257 के अनुसार कंपनी ने स्वयं निदेशक से 500/-रुपए की जमाराशि के साथ लिखित रूप में नोटिस प्राप्त किया है,जिसमें उन्होंने कंपनी के निदेशक पद के लिए अपना नाम प्रस्तावित किया है।

श्री ईशान शंकर को छोड़कर कंपनी का कोई भी निदेशक उस संकल्प से किसी भी प्रकार संबद्ध नहीं है अथवा इसके लिए इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों से इस संकल्प के अनुमोदन की सिफारिश करता है।

मद संख्या 8

51-वर्षीय श्री ए.दीदार सिंह,भारत सरकार,भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय,भारी उद्योग विभाग में संयुक्त सचिव हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार श्री दीदार सिंह को श्री एस.वी.भावे के स्थान पर दिनांक 10.03.2003 से कंपनी का निदेशक नियुक्त किया गया था। इस प्रकार नियुक्त किए जाने के कारण श्री दीदार सिंह कंपनी के अन्तर्नियम के अनुच्छेद 67(iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 260 द्वारा आगामी वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक इस पद पर हैं और पुनःनियुक्ति के पात्र हैं।

कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 257 के अन्तर्गत कंपनी ने स्वयं निदेशक से 500/-रुपए की जमाराशि के साथ लिखित रूप में एक नोटिस प्राप्त किया है,जिसमें उन्होंने कंपनी के निदेशक पद के लिए अपना नाम प्रस्तावित किया है।

श्री ए. दीदार सिंह को छोड़कर कंपनी का कोई निदेशक इस संकल्प से किसी भी प्रकार से संबद्ध नहीं है अथवा इसके लिए इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों से इस संकल्प के अनुमोदन की सिफारिश करता है।

निदेशक मंडल के आदेश से
ह./-
नई दिल्ली **(एन.के.सिन्हा)**
दिनांक : 29 अगस्त,2003 **कंपनी सचिव**

पंजीकृत कार्यालय : ''बीएचईएल हाउस'' सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049

बीएचईएल एक दृष्टि में

(मिलियन रुपए में)

	2001-02	2002-03	परिवर्तन (%)
कुल कारोबार	72866	74822	2.68
मूल्यवर्धन	30740	32475	5.64
कर्मचारी (संख्या)	47516	46855	-1.39
कर–पूर्व लाभ	6628	8024	21.06
कर–पश्चात लाभ	4679	4445	-5.00
लाभांश	979	979	0.00
लाभांश–कर	0	125	---
प्रतिधारित अर्जन	3700	3341	-9.70
कुल परिसंपत्तियां	92950	95879	3.15
निवल मूल्य	42203	47082	11.56
कुल उधार	6658	5310	-20.25
ऋण : इक्विटी	0.16	0.11	-31.25
प्रति शेयर (रुपए में)			
- निवल मूल्य	172.43	192.36	11.56
- अर्जन	19.12	18.16	-5.02
- लाभांश	4.00	4.00	0.00
			(मिलियन अमरीकी डालर में)
कुल कारोबार	1503	1581	5.19
कर–पूर्व लाभ	137	169	23.36
कर–पश्चात लाभ	97	94	-3.09

रूपांतरण दरें (31 मार्च को दरें)

1 अमरीकी डालर = वर्ष 2001–2002 के लिए 48.47 रुपए

1 अमरीकी डालर = वर्ष 2002–2003 के लिए 47.34 रुपए


कुल कारोबार
(मिलियन रुपए में)
67947
66340
63478
72866
74822
98-99
99-00
2000-01
2001-02
2002-03


वर्धित मूल्य
(मिलियन रुपए में)
29810
28320
26603
30740
32475
98-99
99-00
2000-01
2001-02
2002-03


लाभ
(मिलियन रुपए में)
कर-पूर्व लाभ
कर-पश्चात लाभ
9323
5446
8654
5994
2941
3126
6628
4679
8024
4445
98-99
99-00
2000-01
2001-02
2002-03


नियोजित पूंजी
(मिलियन रुपए में)
26422
31655
42331
40482
36522
98-99
99-00
2000-01
2001-02
2002-03


प्रति शेयर निवल मूल्य
(रुपए)
125.94
137.19
147.16
172.43
192.36
98-99
99-00
2000-01
2001-02
2002-03


प्रति शेयर अर्जन
(रुपए)
22.25
24.49
12.77
19.12
18.16
98-99
99-00
2000-01
2001-02
2002-03

पांच वर्षों का सार

(मिलियन रुपए में)

	2002-03	2001-02	2000-01	1999-2000	1998-99
I आय					
उत्पादों की बिक्री व ग्राहकों को सेवाएं	74822	72866	63478	66340	67947
अन्य आय	5087	4940	5054	4704	5433
स्टॉक में परिवर्तन	-453	-373	2507	-237	823
कुल अर्जन	79456	77433	71039	70807	74203
सामग्री	31604	33068	30496	28120	30495
कर्मचारियों को भुगतान	15046	14446	21702*	11330	12416
अन्य विनिर्माण, प्रशासनिक एवं बिक्री व्यय	22380	20629	13884**	20951	20204
ब्याज तथा मूल्यह्रास से पहले के व्यय	69030	68143	66082	60401	63115
मूल्यह्रास ब्याज और कर से पहले का लाभ	10426	9290	4957	10406	11088
मूल्यह्रास	1854	1692	1578	1535	1432
सकल लाभ	8572	7598	3379	8871	9656
ब्याज	548	970	438	217	333
कर–पूर्व लाभ	8024	6628	2941	8654	9323
कर के लिए प्रावधान	3579	1949	-185	2660	3877
कर–पश्चात लाभ	4445	4679	3126	5994	5446
लाभांश (लाभांश कर सहित)	1104	979	809	855	679
प्रतिधारित लाभ	3341	3700	2317	5139	4767

* इसमें 1.1.1997 से 31.3.2000 तक का 7078 मिलियन रुपए का वेतन संबंधी संशोधन का बकाया शामिल है।

** 5140 मिलियन रुपए वेतन बकाया के संबंध में किया गया प्रावधान समाप्त करने के बाद।

II कंपनी की निजी संपत्तियां					
सकल ब्लॉक	33493	31820	30040	28109	26573
घटाएं : संचित मूल्यह्रास और पट्टा समायोजन	21788	20054	18614	17230	15948
निवल ब्लॉक	11705	11766	11426	10879	10625
पूंजीगत चालू कार्य	587	567	612	724	733
निवेश	103	103	103	103	151
चालू परिसंपत्तियां, ऋण तथा अग्रिम	83484	80514	75762	70190	65385
कुल परिसंपत्तियां	95879	92950	87903	81896	76894
III कंपनी की देनदारियां					
उधार (पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियों के क्रेडिट सहित)	5310	6658	10256	2407	1701
चालू देयताएं एवं प्रावधान	47561	47135	41630	45911	44368
कुल देयताएं	52871	53793	51886	48318	46069
IV कंपनी का निवल मूल्य					
शेयर पूंजी	2448	2448	2448	2448	2448
प्रारक्षित निधि तथा अधिशेष	45589@	42248	35856	33539	28400
घटाएं : आस्थगित राजस्व व्यय	955	2493	2286	2409	23
निवल मूल्य	47082	42203	36018	33578	30825
V नियोजित पूंजी	36522	40482	42331	31655	26422
VI वर्धित मूल्य	32475	30740	26603	28320	29810
VII अनुपात					
परिसंपत्तियों पर पीबीडीआईटी (%) #	11.0%	10.3%	5.8%	13.1%	15.0%
नियोजित पूंजी पर सकल लाभ (%)#	22.3%	18.3%	9.1%	30.5%	37.4%
प्रति शेयर अर्जन (रुपए)	18.16	19.12	12.77	24.49	22.25
प्रति शेयर निवल मूल्य (रुपए)	192.36	172.43	147.16	137.19	125.94
चालू अनुपात	1.76	1.71	1.82	1.53	1.47
कुल ऋण/इक्विटी	0.11	0.16	0.28	0.07	0.05

@ आस्थगित कर परिसंपत्तियों के लिए 4074 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 3046 मिलियन रुपए) शामिल हैं।

औसत परिसंपत्तियों एवं नियोजित पूंजी के आधार पर।

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके निदेशक 31 मार्च,2003 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित लेखों के साथ अपनी 39वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

कार्य-निष्पादन विशिष्टताएं

आपकी कंपनी ने वर्ष 2002-2003 में एक और सफलतापूर्वक वर्ष पूरा कर लिया है और 4445 मिलियन रुपए का निवल लाभ दर्ज किया है। कंपनी का निवल मूल्य 2001-2002 में 42203 मिलियन रुपए से बढ़कर 2002-2003 में 47082 मिलियन रुपए हो गया है,जो कि 11.56 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। प्रति शेयर निवल परिसंपत्ति मूल्य वर्ष 2001-2002 में 172.4 रुपए की तुलना में वर्ष 2002-2003 में 192.4 रुपए हो गया है।

वर्ष 2002-2003 के कार्यनिष्पादन की मुख्य विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं :

(मिलियन रुपए में)

	2002-2003	2001-2002	द्वारा वृद्धि/कमी
कुल कारोबार	74822	72866	2.68%
कर–पूर्व लाभ	8024	6628	21.06%
कर–पश्चात लाभ	4445	4679	-5.00%
प्रति शेयर निवल परिसंपत्ति मूल्य (रुपए)	192.4	172.4	11.56%
प्राप्त ऑर्डर	112270	98553	13.92%

इराक में युद्ध के कारण 1249 मिलियन रुपए मूल्य के उपस्कर का पोतलदान नहीं होने से कुल कारोबार प्रभावित हुआ था। वर्ष 2002-2003 के दौरान 112.270 मिलियन रुपए के आदेश प्राप्त हुए। यह वर्ष लगभग 158,000 मिलियन रुपए की उल्लेखनीय आर्डर प्राप्ति से समाप्त हुआ,जो वर्ष 2003-2004 और उसके आगे निष्पादन के लिए उपलब्ध था।

वर्ष के लिए लाभ का विनियोजन संबंधी ब्यौरा निम्नानुसार है :

(मिलियन रुपए में)

	2002-2003	2001-2002
कर–पश्चात लाभ	4445	4679
जोड़ें : - पिछले वर्ष से लाए गए लाभ का शेष	190	–
- विदेशी परियोजना प्रारक्षित निधि से अंतरण	68	49
	4703	4728
विनियोजन :		
- विदेशी परियोजना प्रारक्षित निधि	12	10
- बांड शोधन प्रारक्षित निधि	1000	1000
- लाभांश - प्रस्तावित	979	979
- कारपोरेट लाभांश कर	125	–
- सामान्य प्रारक्षित निधि में अंतरण	2068	2549
- तुलन–पत्र में अग्रेनीत	519	190
	4703	4728

वर्ष 2002-2003 के लिए 2447.60 मिलियन रुपए की चुकता पूंजी पर 40 प्रतिशत लाभांश अर्थात 979 मिलियन रुपए की राशि की सिफारिश की गई है,जो उसी स्तर पर है,जिसकी घोषणा वर्ष 2001-2002 के लिए की गई थी। इसके अतिरिक्त,उस पर कारपोरेट लाभांश कर के लिए 125 मिलियन रुपए का प्रावधान किया गया है।

समझौता ज्ञापन के लक्ष्य की तुलना में वर्ष के दौरान प्रचालन

वर्ष 2001-2002 में बीएचईएल का कार्यनिष्पादन भारत सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के संदर्भ में ''उत्कृष्ट'' आंका गया है। वर्ष 2002-2003 के लिए रेंटिंग का मूल्यांकन किया जा रहा है।

राजभाषा कार्यान्वयन

बीएचईएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/यूनिटों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। सभी समितियों की बैठक नियमित रूप से होती है और हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाए जाते हैं। कंपनी की नियम-पुस्तकाएं द्विभाषी रूप में उपलब्ध हैं। वार्षिक रिपोर्ट,समझौता ज्ञापन,कार्यनिष्पादन बजट,राजस्व बजट,प्रेस विज्ञप्ति,विज्ञापन, पदोन्नति आदेश, कैलेंडर और डायरियां भी द्विभाषी रूप में प्रकाशित किए जाते हैं।

बीएचईएल हिन्दी समन्वयकर्ताओं की वार्षिक बैठक में कम्प्यूटर पर हिन्दी के संवर्धन और हिन्दी को बढ़ावा देने में सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम प्रयोग के लिए एक विशेष प्रस्तुतिकरण दिया गया था। राजभाषा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्योन्मुखी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओं के अधीन कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में किए गए कार्य का प्रत्येक तिमाही के अंत में मूल्यांकन किया गया था और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया था। हिन्दी में कार्य करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु कई हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं। इसके अतिरिक्त एक कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया था।

माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशों के अनुसरण में ''हिन्दी में किए गए प्रशंसनीय कार्यों'' के लिए कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्टों में प्रविष्टियां की जा रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक समझौते में भागीदारी

'वैश्विक समझौता' संयुक्त राष्ट्र,व्यापारिक समुदाय,अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक और गैर-सरकारी संगठनों के बीच एक भागीदारी है। यह एक साथ कार्य करने और सहयोग के माध्यम से कारपोरेट पद्धतियों में सुधार लाने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करता है। बीएचईएल 'वैश्विक समझौता' में शामिल हुआ है और यह उसे और अपने नौ सिद्धांतों में प्रतिष्ठापित मूल मान्यताओं के सेट को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निम्नलिखित एक संक्षिप्त विवरण कि कंपनी ने वर्ष 2002-2003 के दौरान अपने 9 सिद्धांतों में से प्रत्येक पर कैसे ध्यान दिया है।

मानवाधिकार

(1) *कारोबार को अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रमाणित मानवाधिकारों के संरक्षण को समर्थन और सम्मान देना चाहिए;*

मानवाधिकार के सिद्धांतों, भारत के संविधान, श्रम कानून आदि को ध्यान में रखते हुए कंपनी की नीतियां सतर्कतापूर्वक तैयार की गई हैं।

(2) *यह सुनिश्चित करें कि वे मानवाधिकारों के दुरूपयोग के साथ संयोजित नहीं हो।* कंपनी द्वारा किसी भी तरीके से मानवाधिकार के दुरूपयोग का कोई उदाहरण नहीं है।

श्रम मानक

(3) *कारोबार को संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक समझौते के अधिकार की प्रभावी मान्यता बनाई रखनी चाहिए।*

भारत सरकार ने कामगार वर्ग के पर्याप्त हित संरक्षण के लिए कई कानून अधिनियमित किए हैं। इन कानूनों का बीएचईएल में सख्ती से पालन किया जाता है। सभी यूनिट प्रमुखों से विभिन्न कानूनों के अनुपालन के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा होती है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि श्रमिकों का हित संरक्षण हो। इसके अतरिक्त, बीएचईएल में कामगारों के लिए कई द्विपक्षीय मंच हैं, जहां कामगारों से संबंधित मुद्दों/समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और उनका निपटारा किया जाता है। बीएचईएल में एक शीर्ष स्तर द्विपक्षीय मंच भी है, जिसमें केन्द्रीय मजदूर संघ संग्ठनों, जिनसे यूनियन संबद्ध हैं, के साथ बीएचईएल की सभी यूनिटों के प्रतिनिधि होते हैं, का प्रतिनिधित्व कामगार द्वारा और प्रबंध का प्रतिनिधित्व विभिन्न यूनिट प्रमुखों के साथं अध्यक्ष और कार्यात्मक निदेशकों द्वारा किया जाता है।

(4) *बलपूर्वक और अनिवार्य श्रम के सभी रूपों को हटाना;*

कंपनी बलपूर्वक अथवा अनिवार्य रूप से श्रमिकों को नियोजित नहीं करती।

(5) *बाल श्रम का प्रभावी समापन*

बीएचईएल की भर्ती नीति के अनुसार नियोजन की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। इस आयु से कम के किसी व्यक्ति को बीएचईएल में नियोजित नहीं किया जा सकता, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बाल श्रमिकों को बीएचईएल में नियोजित नहीं किया जाता।

(6) *रोजगार और व्यवसाय के संबंध में भेदभाव दूर करना।*

कंपनी में नियमो का समस्या सेट (कार्मिक नीति) है जो लिंग, जाति, धर्म, वंश आदि पर ध्यान दिए बिना सभी कर्मचारियों पर लागू होती है।

पर्यावरण

(7) *कारोबार को पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के प्रति एक निवारक दृष्टिकोण का समर्थन करना चाहिए।*

कंपनी ने पर्यावरण के लिए नीति निर्धारित की हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 14001 के अनुरूप प्रबंध प्रणालियों के माध्यम से उसे कार्यान्वित किया है। मैसर्स डेट नॉर्क वेरिटास (डीएनवी) ने सख्त लेखापरीक्षा के बाद कंपनी की सभी यूनिटों को इस मानक से प्रमाणित किया है।

(8) *अधिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का संवर्धन करने के लिए पहल करना।*

वर्ष के दौरान कुछ पहलें कर्मचारियों और आसपास के समुदाय को शामिल करते हुए सामूहिक वनरोपण, वर्षा जल कृषि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, अपशिष्ट से ऊर्जा का उत्पादन, सक्षम जल प्रबंध आदि थीं।

(9) *पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास और विस्तार को प्रोत्साहन।*

कंपनी ने वायु विद्युत जेनरेटर, सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियां, सौर उष्मन प्रणालियां, सौर लालटेन और बैटरी चालित सड़क वाहन जैसे अ-पारंपरिक और नवीकरण स्रोतों के क्षेत्र में उत्पादों का विकास और उन्हें प्रदान किया है। कंपनी ने ईंधन सेल और मल्टीजंक्शन एमॉरफस सिलिकॉन सोलर सेल के विकास के लिए अनुसंधान और विकास संबंधी प्रयास किया है।

सतर्कता

बीएचईएल के सतर्कता संगठन के प्रमुख मुख्यतः सतर्कता अधिकारी होते हैं। बीएचईएल की प्रत्येक यूनिट/क्षेत्र में कार्यात्मक रूप से मुख्य सतर्कता अधिकारी को रिपोर्ट करने वाले वरिष्ठ सतर्कता कार्यपालक के नेतृत्व में एक स्वतंत्र सतर्कता ढांचा होता है।

वर्ष 2002-2003 के दौरान बीएचईएल का बल निवारक सतर्कता पर था। बीएचईएल की सभी यूनिटों/क्षेत्रीय कार्यालयों में नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और नैतिक मूल्यों पर भाषण आयोजित किए गए थे। मौजूदा प्रणालियों और कार्यविधियों को सुधारने की दृष्टि से प्रणाली अध्ययन भी किए गए थे। विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यपालकों के साथ पारस्परिक चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए ताकि उन्हें सतर्कता के प्रति जागरूक किया जा सके और कंपनी के नियमों, कार्यविधियों और नीतियों के बारे में उनकी जानकारी बढ़ाई जा सके। बीएचईएल के सतर्कता विभाग ने सतर्कता, जांच सूची और अन्य संबद्ध क्षेत्रों पर अनेक लेखों से युक्त अपनी वार्षिक पत्रिका 'दिशा' का दूसरा अंक भी प्रकाशित किया।

यह महसूस किया गया कि कंपनी के विभिन्न प्रचालन क्षेत्रों में पारदर्शिता उपायों के कार्यान्वयन के माध्यम से सतर्कता संबंधी कई उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। अतएव, बीएचईएल के सतर्कता विभाग ने कंपनी के प्रचालन विशेषकर ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के संपर्क क्षेत्रों में पारदर्शिता की वृद्धि के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभाई। वर्ष के दौरान कंपनी की मुख्य यूनिटों ने ऐसे सॉफ्टवेयर पैकेज विकसित किए, जिनसे ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ सूचना का आदान-प्रदान सुविधाजनक हुआ। यूनिटों में सतर्कता संबंधी ''वेब पेज'' सृजित किए गए थे।

रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान बीएचईएल के सतर्कता विभाग ने अन्वेषण के कई मामले भी हाल में लिए। जहां कहीं भी अन्वेषण से कंपनी के अधिकारियों में कमी/अनियमितता पाई गई, वहां उपयुक्त अनुशासनिक कार्यवाही की सिफारिश की गई, जिसके परिणामस्वरूप दंड अधिरोपित किए गए। आकस्मिक/नैमेत्तिक निरीक्षणों को भी विधिवत महत्व दिया गया था, जिसके परिणमस्वरूप कुछ गंभीर कमियों का पता चला, जिन्हें अन्वेषण के लिए हाथ में लिया गया।

वर्ष 2002-2003 के दौरान बीएचईएल के सतर्कता विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक प्रयोग किया गया। कर्मचारियों के लाभ के लिए सूचना की भागीदारी, नियम, नीतियों और परिपत्रों आदि के प्रदर्शन के लिए सतर्कता ''होम पेज'' सृजित किया गया था। सतर्कता संबंधी सभी मामलों से संबंधित सूचना के ऑन-लाइन संग्रहण और प्रक्रियान्वयन के लिए वर्ष के दौरान एक वेब-आधारित सतर्कता प्रबंध सूचना प्रणाली भी विकसित की गई थी।

सुरक्षा

कंपनी की एक सुपरिभाषित सुरक्षा पद्धति है। कंपनी के अधिकांश बड़े संयंत्रों की सुरक्षा का प्रबंध केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा किया जा रहा है। कुछ छोटे संयंत्रों में कंपनी की अपनी सुरक्षा व्यवस्था है, जबकि अन्य संयंत्रों, कारपोरेट कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में केन्द्रीय पुलिस संगठनों से प्रतिनियुक्ति पर लिए गए कार्मिकों द्वारा सुरक्षा प्रबंध किया जाता है। परियोजना कार्यस्थलों में आवश्यकतानुसार निजी सुरक्षा कार्मियों की व्यवस्था की जाती है। हाल ही में, एक छोटी यूनिट अर्थात रूद्रपुर ने भूतपूर्व-सैन्य कार्मिकों द्वारा प्रबंधित निजी सुरक्षा कंपनी (उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड) की सेवाएं ली हैं।

बड़े संयंत्रों की सुरक्षा लेखापरीक्षा आवधिक रूप से आसूचना ब्यूरो द्वारा की जा रही है और जहां कहीं भी उनके द्वारा इंगित किया जाता है अतिरिक्त सुरक्षोपाय का संबंधित यूनिटों द्वारा तत्काल अनुपालन किया जाता है। चूंकि आसूचना ब्यूरो द्वारा सुरक्षा लेखापरीक्षा पर्याप्त समयान्तराल पर किया जाता है इसलिए हैदराबाद, हरिद्वार, भोपाल, त्रिची, कारपोरेट अनुसंधान और विकास, हैदराबाद और इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बंगलौर संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा समीक्षाएं भी की गई थीं। इन समीक्षाओं में पिछली समीक्षा के बाद सामने आए सुरक्षा संबंधी अतिरिक्त खतरों और ऐसे नए खतरों के लिए अपेक्षित प्रत्युत्तर पर भी विस्तृत चर्चा की गई थी और मौजूदा सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए कई निर्णय लिए गए थे।

प्रबंधन, सुरक्षा स्टाफ और कंपनी के कर्मचारीगण कंपनी की सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं के प्रति पूर्णतः जागरूक हैं।

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुबंध

प्रबंध चर्चा और विश्लेषण

प्रबंध चर्चा और विश्लेषण पर एक रिपोर्ट **अनुबंध-1** में दी गई है।

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में उल्लिखित बिन्दुओं के उत्तर और उनका अनुबंध तथा टिप्पणियां और ''भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक द्वारा लेखे की समीक्षा'' **अनुबंध-2** में दिए गए हैं।

अन्य प्रकटन

ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी आत्मसातकरण और विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय से संबंधित कंपनी (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में ब्यौरों का प्रकटन) नियमावली, 1998 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(1)(ङ) के उपबंधों के अनुसार सूचना **अनुबंध-3** में दी गई है।

कारपोरेट अभिशासन पर 'सेबी' द्वारा निर्धारित सूचीकरण करार के खंड 49 के उपबंधों के अनुसार सूचना **अनुबंध-4** में दी गई है।

कंपनी (कर्मचारियों का विवरण) नियमावली, 1975 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2क) के अधीन निर्धारित सीमाओं से अधिक कंपनी का कोई भी कर्मचारी पारिश्रमिक आहरित नहीं कर रहा है।

निदेशक मंडल

कंपनी के निदेशक मंडल के गठन में पिछली रिपोर्ट से निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं।

नियुक्ति

श्री ईशान शंकर को दिनांक 10 अक्तूबर, 1997 से पांच वर्षों की अवधि के लिए कंपनी के निदेशक (कार्मिक) [अब निदेशक (मानव संसाधन)] के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें इसके बाद क्रमशः 9 अक्तूबर, 2002 और 9 जनवरी, 2003 के बाद प्रत्येक तीन महीने की

अवधि के लिए सेवा विस्तार प्रदान किया गया था। भारत सरकार ने उनकी सेवावधि दिनांक 29 फरवरी, 2004 अर्थात 60 वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर उनकी अधिवर्षिता की तारीख तक और बढ़ा दी।

श्री ए.दीदार सिंह, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग को श्री एस.वी.भावे के स्थान पर दिनांक 10 मार्च, 2003 से कंपनी के अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

कंपनी के अन्तर्नियम के अनुच्छेद 67(iv) के अनुसार, श्री ईशान शंकर और श्री ए.दीदार सिंह कंपनी की आगामी वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक निदेशक के रूप में पदधारित करेंगे और पुनःनियुक्ति के पात्र हैं।

सेवा समाप्ति

श्री एस.वी.भावे, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग दिनांक 10 मार्च, 2003 से कंपनी के निदेशक नहीं रहे।

श्री वी.के.मल्होत्रा, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग का पदभार छोड़ने पर दिनांक 12 जून, 2003 से कंपनी के निदेशक नहीं रहे।

निदेशक मंडल क्रमशः श्री एस.वी.भावे और श्री वी.के.मल्होत्रा की मूल्यवान सेवाओं और योगदान के लिए अपना आभार व्यक्त करता है।

कंपनी के अन्तर्नियम के अनुच्छेद 67(i) के अनुसार श्री ए.सी.वधावन, डॉ. आनंद पाटकर और श्री जी.पी.गुप्ता आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे और पात्र होने पर पुनःनियुक्ति के लिए अपना नाम प्रस्तावित करेंगे।

सूचीकरण करार के खंड 49Vi(क) के अनुपालन में नियुक्ति और पुनःनियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त जीवनवृत्त, विशिष्ट कार्यक्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता और उन कंपनियों के नाम, जिनमें वे निदेशक हैं, निदेशकों की रिपोर्ट के **अनुबंध-5** में दिए गए हैं।

निदेशकों का दायित्व संबंधी ब्यौरा

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2कक) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि :

(i) 31 मार्च, 2003 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखे तैयार करते समय वास्तविक विपथन की समुचित व्याख्या के साथ-साथ लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है।

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियां तैयार की हैं और उन्हें निरंतर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान किए हैं, जो कि इतने तर्कसंगत और उपयुक्त हैं कि वित्तीय वर्ष 2002-2003 के अंत में कंपनी के कारोबार की स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ और हानि का सही और उचित चित्र प्रस्तुत कर सके।

(iii) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और जालसाजी तथा अन्य अनियमितताओं से बचाव एवं उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अनुसार लेखा का समुचित रिकार्ड रखे जाने पर उपयुक्त एवं पर्याप्त ध्यान दिया।

(iv) निदेशकों ने ''गोइंग कन्सर्न'' आधार पर 31 मार्च, 2003 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार किया है।

लेखापरीक्षक

कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2000 के द्वारा यथासंशोधित धारा 619(2) के अनुसरण में किसी सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षक की नियुक्ति अथवा पुनःनियुक्ति, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 में पारिभाषित है, भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा की जाएगी। संशोधन अधिनियम, 2000 द्वारा धारा 224 की उप-धारा(8) में समाविष्ट किए गए खंड (कक) के संदर्भ में सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षक का पारिश्रमिक कंपनी द्वारा वार्षिक सामान्य बैठक में नियत किया जाएगा। सामान्य बैठक लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक नियत करने के बजाए अपनी ओर से निदेशक मंडल को इसके लिए प्राधिकृत कर सकती है।

आभार

निदेशक मंडल कंपनी के बहुमूल्य भारतीय और विदेशी ग्राहकों को संगठन के प्रति उनके सहयोग एवं विश्वास के लिए हार्दिक धन्यवाद देता है और भविष्य में आपस में सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखने की आशा करता है।

निदेशक मंडल कंपनी के प्रचालन और विकास संबंधी योजनाओं में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेषतः भारी उद्योग विभाग से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए भी कृतज्ञतापूर्वक आभार प्रकट करता है। निदेशक मंडल भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक, लेखापरीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, सांविधिक लेखापरीक्षक और शाखा लेखापरीक्षकों को भी हार्दिक धन्यवाद देता है। कंपनी सभी तकनीकी सहयोगियों और आपूर्तिकर्ताओं, वित्तीय संस्थाओं और बैंकरों द्वारा दिए गए सहयोग की भी प्रशंसा करती है। निदेशक मंडल बीएचईएल परिवार के सभी सदस्यों को भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता है, जिनके उत्साह, सहयोग और समर्पण से संतोषजनक कार्यनिष्पादन संभव हो सका।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के
निदेशक मंडन के लिए तथा उनकी ओर से
ह./-
(के.जी. रामचन्द्रन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 अगस्त, 2003

प्रबंध चर्चा एवं विश्लेषण

वित्तीय परिचालन

वर्ष 2001-2002 में 72866 मिलियन रुपए की तुलना में वर्ष 2002-2003 में कुल कारोबार अब तक के सबसे अधिक 74822 मिलियन रुपए तक पहुंच गया, जो 2.68 प्रतिशत की वृद्धि है। आर्डर बुक किए जाने की दिशा में विद्युत क्षेत्र ने वर्ष 2001-2002 में 70903 मिलियन रुपए की तुलना में वर्ष 2002-2003 में 68800 मिलियन रुपए का आर्डर बुक किया,जो 2.97 प्रतिशत की सीमांतिक कमी है। उद्योग क्षेत्र ने वर्ष 2001-2002 में 19650 मिलियन रुपए की तुलना में वर्ष के दौरान 28920 मिलियन रुपए का आर्डर प्राप्त किया,जो 47.18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2001-2002 में 8000 मिलियन रुपए की तुलना में वर्ष 2002-2003 के दौरान 14550 मिलियन रुपए का निर्यात आदेश बुक किया गया था, जो 81.88 प्रतिशत की वृद्धि है।

वर्ष 2001-2002 के लिए 30740 मिलियन रुपए की तुलना में वर्ष 2002-2003 के लिए मूल्यवर्धन 32475 मिलियन रुपए रहा, जिसने 5.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

वर्ष के लिए कर-पूर्व लाभ 8024 मिलियन रुपए रहा जो वर्ष 2001-2002 में 6628 मिलियन रुपए के कर-पूर्व लाभ की तुलना में 21.06 प्रतिशत अधिक है। उत्पादन के मूल्य (उत्पाद-शुल्क घटाकर) की प्रतिशतता के रूप में सकल मार्जिन वर्ष 2001-2002 में 13.77 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर वर्ष 2002-2003 में 15.21 प्रतिशत हो गया। उत्पादन के मूल्य की प्रतिशतता के रूप में कर-पूर्व लाभ वर्ष 2001-2002 में 9.82 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2002-2003 में 11.70 प्रतिशत हो गया।

4445 मिलियन रुपए का कर-पश्चात लाभ पिछले वर्ष के 4679 मिलियन रुपए के कर-पश्चात लाभ की तुलना में पूर्व वर्षों से संबंधित आयकर के अतिरिक्त प्रावधान के कारण 5 प्रतिशत कम हो गया।

कार्यशील पूंजी के सक्षम प्रबंधन के कारण निवल कार्यशील पूंजी (नकद और बैंक शेष के अतिरिक्त) वर्ष के दौरान 5899 मिलियन रुपए घट गई। कमी में योगदान करने वाले कारक निम्नानुसार हैं :

(क) पिछले वर्ष की तुलना में विविध देनदारों में 5083 मिलियन रुपए की कमी।

(ख) अन्य चालू परिसंपत्तियों, ऋणों और अग्रिमों में 459 मिलियन रुपए की कमी।

(ग) अन्य चालू देयताओं और प्रावधानों में 1769 मिलियन रुपए की वृद्धि।

तथापि, मालसूची में वृद्धि (69 मिलियन रुपए की) ,ग्राहकों से अग्रिम में कमी (938 मिलियन रुपए की) और ऋणदाताओं में कमी (405 मिलियन रुपए की) ने कार्यशील पूंजी में कमी को सीमांतिक रूप से प्रतिसंतुलित कर दिया है।

बिक्री दिवसों की संख्या के रूप में विविध देनदारों में वर्ष 2001-2002 के 230 दिनों से कमी होकर वर्ष 2002-2003 में 199 दिन हो गई। कुल कारोबार में दिनों की संख्या में मालसूची वर्ष 2001-2002 में 100 दिनों से घटकर वर्ष 2002-2003 में 98 दिन रह गई।

वर्ष 2001-2002 में कुल उधार 6658 मिलियन रुपए से घटकर वर्ष 2002-2003 में 5310 मिलियन रुपए हो गया,जो 1348 मिलियन रुपए की कमी है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2001-2002 में ऋण-इक्विटी अनुपात 0.16 से घटकर वर्ष 2002-2003 में 0.11 हो गया। इक्विटी 2448 मिलियन रुपए रही। निवल मूल्य 4879 मिलियन रुपए से बढ़कर 47082 मिलियन रुपए हो गया। वर्ष के अंत में नकद और बैंक शेष पिछले वर्ष के अंत में 4766 मिलियन रुपए की तुलना में 13209 मिलियन रुपए रहा।

विद्युत क्षेत्र

❑ वर्ष के दौरान विद्युत क्षेत्र ने 3521 मेगावाट उत्पादन उपस्कर, संयंत्र निष्पादन सुधार व्यवसाय,सेवाओं और आंतरिक पुर्जों की आपूर्ति तथा संस्थापन हेतु 68800 मिलियन रुपए मूल्य का आर्डर प्राप्त किया। 1564 मेगावाट के जल विद्युत उपस्कर की आपूर्ति और संस्थापन के लिए वर्ष के दौरान प्राप्त आदेश अब तक का अधिकतम था।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) से प्राप्त किए गए आर्डरों सहित प्रमुख आर्डर निम्नलिखित थे :

- **थर्मल (1920 मेगावाट) :**
  - परीछा (2 x 210 मेगावाट) - उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (यूपीआरवीयूएनएल) से पूर्ण विद्युत संयंत्र उपस्कर और पूर्ण सिविल निर्माण कार्य की आपूर्ति,उत्थापन और चालू करने के लिए बातचीत के आधार पर टर्नकी आर्डर।
  - बीरसिंघपुर (1x 500 मेगावाट) - मध्य प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (एमपीएसईबी) से पूर्ण सिविल और संरचनात्मक निर्माण कार्य के अतिरिक्त बॉयलर और टीजी पैकेज,सीएंडआई की आपूर्ति, उत्थापन और चालू करने के लिए बातचीत के आधार पर टर्नकी आर्डर।
  - विंध्याचल (2x500 मेगावाट) - बातचीत के आधार पर बॉयलर और टीजी पैकेज, बीओपी,सीएंडआई आदि के लिए नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) से अभी तक का एकमात्र सबसे बड़े मूल्य का आर्डर।
- **गैस-सीसीपी (37 मेगावाट) :**
  - वलंनथरावल सीसीपी (55 मेगावाट) - फ्रेम 6बी जीटी (37 मेगावाट) की आपूर्ति के लिए बातचीत के आधार पर मैसर्स आर्के एनर्जी से आर्डर।
- **जलविद्युत :**
  - परबती एचईपी (4x 200 मेगावाट) - परियोजना के लिए पूर्ण विद्युत-यांत्रिक निर्माण कार्य की डिजाइन,विनिर्माण, आपूर्ति,संस्थापन और चालू करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) पर नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) से बीएचईएल द्वारा प्राप्त किया गया पहला मेगा विद्युत परियोजना का आर्डर।

- तुरियल एचईपी (2x 30 मेगावाट) - समतुल्य जेनरेटरों, जेनरेटर ट्रांसफॉर्मरों और संयंत्र शेष के साथ फ्रांसिस हाइड्रो टर्बाइनों की आपूर्ति, संस्थापन और चालू करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली आधार पर नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (नीपको) से जापानी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बैंक (जेबीआईसी) निधिपोषित परियोजना के लिए ऑर्डर।
- मनेरीभाली एसटी-II एचईपी (4x76 मेगावाट) - समतुल्य जेनरेटरों और संबद्ध उपस्कर के साथ फ्रांसिस हाइड्रो टर्बाइन की आपूर्ति, उत्थापन और चालू करने के लिए बातचीत के आधार पर उत्तरांचल जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) से प्राप्त पहला ऑर्डर।
- कोटेश्वर एचईपी (4x100 मेगावाट) - समतुल्य जेनरेटरों और संबद्ध उपस्कर के साथ फ्रांसिस हाइड्रो टर्बाइन की आपूर्ति, उत्थापन और चालू करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के आधार पर टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन से ऑर्डर।

- **संयंत्र कार्यनिष्पादन सुधार कारोबार (पीपीआईबी)**
  - ऊकल टीपीएस (2x210 मेगावाट) के शेष अवधि आंकलन (आरएलए) ,दशा आंकलन (सीए) ,अवधि विस्तार अध्ययन (एलईएस) और कार्यनिष्पादन मूल्यांकन परीक्षण (पीईटी) करने के लिए गुजरात विद्युत बोर्ड (जीईबी) से प्राप्त ऑर्डर।
  - बोगाईगांव टीपीएस में प्रत्येक 60 मेगावाट की सभी 4 यूनिटों का आरएलए अध्ययन करने के लिए असम राज्य विद्युत बोर्ड (एएसईबी) से प्राप्त ऑर्डर।
- **अतिरिक्त पुर्जे/नवीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम)**
  - वर्ष के दौरान प्रचालन और अनुरक्षण/नवीकरण और आधुनिकीकरण अतिरिक्त पुर्जों के लिए कुल 6220 मिलियन रुपए का ऑर्डर, जो किसी भी वर्ष में अधिकतम था।
- **प्रचालन और अनुरक्षण कारोबार**
  - बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप, बीएचईएल ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चन्द्रपुरा टीपीएस में 120 मेगावाट की यूनिट के लिए पहला प्रचालन और अनुरक्षण ठेका प्राप्त करके प्रचालन और अनुरक्षण (ओएंडएम) के क्षेत्र में प्रवेश किया है।

❑ वर्ष के दौरान बीएचईएल (भेल) ने देश की संस्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में कुल 1960 मेगावाट के 20 यूटीलिटी सेटों की वृद्धि की। इससे, बीएचईएल निर्मित सेट अब 69130 मेगावाट के हैं, जो देश की कुल संस्थापित क्षमता का लगभग 65 प्रतिशत है। वर्ष के दौरान चालू किए गए थर्मल सेट आंध्रप्रदेश में सिम्हाद्रि - (1x500 मेगावाट), कर्नाटक में रायचूड़ (1x210 मेगावाट) और उड़ीसा में तालचर (1x500 मेगावाट) थे। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में प्रगति से 225.8 मेगावाट, राजस्थान के रामगढ़ में 75.3 मेगावाट, त्रिपुरा में बारामुरा और रोखिया में प्रत्येक 21 मेगावाट और तमिलनाडु में पेरूगुलम में 94 मेगावाट के गैस-आधारित सेटों को चालू किया गया था।

उपरोक्त के अतिरिक्त देश में 249 मेगावाट के 8 औद्योगिक सेट चालू किए गए थे।

वर्ष के दौरान भूटान में कुरिचु में 15 मेगावाट का एक हाइड्रो सेट भी चालू किया गया था।

❑ बीएचईएल ने निम्नलिखित के द्वारा नए मानदंड सृजित किए :
- सिम्हाद्रि-I में 39 महीने पूर्व की रिकार्ड अवधि की तुलना में मुख्य उपस्कर का ठेका देने से 38 महीने में तालचर-III में 500 मेगावाट की यूनिट का सिंक्रोनाइजेशन।
- रायचूड़ यूनिट-5 के पूर्व 28.9 महीने के सर्वोत्तम की तुलना में रायचूड़ में यूनिट 6 के 210 मेगावाट के थर्मल सेट के कोयला प्रज्जवलन सहित 25.8 महीने में सिंक्रोनाइजेशन।
- सिम्हाद्रि में प्रारंभ तारीख से 45 महीने में टर्नकी आधार पर 1000 मेगावाट मेगा ग्रीनफील्ड ताप परियोजना पूरा करना।

❑ बीएचईएल थर्मल सेटों का समग्र कार्यनिष्पादन राष्ट्रीय औसत से बेहतर था। बीएचईएल आपूरित यूनिटों ने वर्ष के दौरान अब तक के उच्च कार्यनिष्पादन पर प्रचालन किया।

- बीएचईएल के थर्मल सेटों ने अब तक का **उच्चतम 74.1 प्रतिशत संयंत्र भार अनुपात (पीएलएफ)** प्राप्त किया जो राष्ट्रीय औसत (72.2 प्रतिशत) से 1.9 प्रतिशत अधिक है।
- बीएचईएल के 500/250/200/210 मेगावाट के थर्मल सेटों, जो देश के विद्युत उत्पादन क्षमता का मेरूदंड हैं, का संयोजित संयंत्र भार अनुपात **(पीएलएफ) अब तक अधिकतम 79.6 प्रतिशत रहा।** इन सेटों की 88.1 प्रतिशत पर प्रचालन उपलब्धता **(ओए) भी उच्चतम थी।**
- बीएचईएल के 200/210 मेगावाट, 250 मेगावाट और 500 मेगावाट के थर्मल सेटों ने वर्ष के दौरान **अब तक की अधिकतम क्रमशः 78.1 प्रतिशत, 90.5 प्रतिशत और 82.3 प्रतिशत** संयंत्र भार अनुपात (पीएलएफ) दर्ज किया।
- बीएचईएल द्वारा आपूरित 147 थर्मल सेटों ने 70 प्रतिशत से अधिक का संयंत्र भार अनुपात (पीएलएफ) प्राप्त किया। इनमें से 39 सेटों ने 90 प्रतिशत से अधिक का संयंत्र भार अनुपात और 67 सेटों ने 80-90 प्रतिशत के बीच संयंत्र भार अनुपात दर्ज किया।
- बीएचईएल के 107 थर्मल सेटों ने 90 दिनों से अधिक अबाधित परिचालन का समय दर्शाया, जिसमें से 12 सेट वर्ष के दौरान लगातार 200 दिनों से अधिक तक परिचालित रहे।
- बीएचईएल के उपस्करों की खराबी के कारण बीएचईएल के थर्मल सेटों की कामबंदी वर्षों से काफी कम हुई है। यह वर्ष 1986-87 में 12.5 प्रतिशत, वर्ष 1989-90 में 8 प्रतिशत, वर्ष 2000-2001 में 5 प्रतिशत, वर्ष 2001-2002 में 4.8 प्रतिशत और वर्ष 2002-2003 के दौरान 4 प्रतिशत थी।
- वर्ष के दौरान बीएचईएल के हाइड्रो सेटों की यूनिट उपलब्धता 97.92 प्रतिशत थी।

❑ बीएचईएल ने अबाधित विद्युत आपूर्ति सुविधाजनक बनाने और विद्युत संयंत्रों को अच्छी चालन दशा में बनाए रखने के उद्देश्य से सक्षम ग्राहक सेवा प्रदान करने का अपना प्रयास जारी रखा। वर्ष

के दौरान बीएचईएल के 101 ताप संगठनों और बॉयलरों, टीजी और सहायक उपकरणों जैसे विभिन्न उत्पादों को शामिल करते हुए 14 बीएचईएल-भिन्न सेटों सहित औद्योगिक सेटों की पूर्ण मरम्मत की।

- ❑ बीएचईएल ने मुसावल में सीमेन्स निर्मित (बीएचईएल-भिन्न) टीजी की पूर्ण मरम्मत उसकी 62.5 मेगावाट की डिजाइनशुदा क्षमता को बहाल करने के लिए की, जिससे उसे ग्राहक महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड (एमएसईबी) से सराहना प्राप्त हुई। यूनिट पूर्ण मरम्मत के पूर्व अधिकतम 40 मेगावाट का उत्पादन कर रही थी।
- ❑ बीएचईएल ने एमएसईबी/कोराडी टीपीएस के पोलैंड निर्मित 120 मेगावाट के टीजी का पुनर्बलन किया जिससे सेट ने पिछले कई वर्षों से 90-95 मेगावाट के प्रतिबंधित भार की तुलना में अपनी पूर्ण निर्धारित क्षमता प्राप्त की।
- ❑ कोठागुडम यूनिट 6, जो अपनी 110 मेगावाट की मूल क्षमता की तुलना में 105 मेगावाट की अनिर्धारित क्षमता पर चालू था, को वर्ष के दौरान पुनःमार्जित और 120 मेगावाट की निर्धारित क्षमता तक पहुंचाया गया।
- ❑ पानीपत में 110 मेगावाट का पुनर्वास कार्य पूरा किया गया था और कार्य अन्य पार्टी द्वारा बीच में छोड़ देने के बाद वर्ष के दौरान मशीन को सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज किया गया।

औद्योगिक क्षेत्र

औद्योगिक क्षेत्र ने पिछले वर्ष प्राप्त 19650 मिलियन रुपए की तुलना में वर्ष 2002-2003 के दौरान 28920 मिलियन रुपए का आदेश बुक किया। वर्ष के दौरान 60 प्रतिशत से अधिक की समग्र सफलता प्राप्त की गई है। बीएचईएल ने कारोबार के नए क्षेत्रों में मार्ग प्रशस्त किया है और नए उत्पादों के लिए 3500 मिलियन रुपए मूल्य के पर्याप्त आदेश बुक किए।

प्रमुख कारोबार संबंधी विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं :

- ❍ आईओसी ने मथुरा में अपने प्रचालन के लिए एफआर 5 जीटीजी आधारित कैप्टिव विद्युत संयंत्र के लिए बड़े आर्डर से बीएचईएल में अपना विश्वास बनाए रखा। हिन्दुस्तान एल्युमीनियम कंपनी (हिंडाल्को) से 31.4 मेगावाट और 5.6 मेगावाट एसटीजी आधारित सह-उत्पादन संयंत्र और भारत एल्युमीनियम कंपनी (बाल्को) से 275 टीपीएच पीएफ बॉयलर के लिए आर्डर प्राप्त किए गए हैं। रिलाएंस, राऊरकेला इस्पात संयंत्र और आईटीसी भद्राचलम से तथा साथ ही चीनी उद्योग की परियोजनाओं से एसटीजी और बॉयलरों का आर्डर प्राप्त किया गया है।
- ❍ 'गेल' इंडिया द्वारा अपने दाहेज-विजयपुर पाइप लाइन परियोजना के लिए 3 प्राकृतिक गैस कंप्रेसरों के लिए प्रतिष्ठित आर्डर प्राप्त किए गए। कंप्रेसर के अन्य आर्डरों में बीपीसीएल, मुंबई से हाइड्रोजन पुनःचक्रण गैस कंप्रेसर, चेन्नई पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, (सीपीसीएल), चेन्नई से आर्द्र गैस कंप्रेसर और इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) पानीपत रिफाइनरी विस्तार परियोजना से दो पुनःचक्रण गैस कंप्रेसर शामिल हैं। बीएचईएल ने वेलहेड्स और क्रिसमस ट्री वाल्वों के लिए 90 प्रतिशत से अधिक का अपना बाजार शेयर बनाए रखा है।
- ❍ बीएचईएल और ओएनजीसी ने ओएनजीसी द्वारा अपेक्षित तेल क्षेत्र के विभिन्न उपस्करों की आपूर्ति, पुनःमार्जन और उन्नयन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। चालू वर्ष के लिए ओएनजीसी से 12 तेल के रिगों के पुनःमार्जन के लिए महत्वपूर्ण आर्डर प्राप्त हुआ है।
- ❍ बीएचईएल ने औद्योगिक मशीनों और एल्टरनेटरों के लिए 70 प्रतिशत से अधिक का बाजार शेयर बनाए रखा - प्रमुख ऑर्डरों में न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड में प्रशीतक जल पम्प के लिए 2800 कि.वा., 1500 आरपीएफ, 6.6 के.वी.के 16 वर्टिकल मोटर का आर्डर शामिल है।
- ❍ भारतीय रेलवे के पास संसाधनों की कमी ने रोलिंग स्टॉक की मांग में कमी बनाए रखी। इस प्रकार, परिवहन क्षेत्र के लिए आर्डर की बुकिंग पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है। प्रमुख आर्डरों में रेल कोच फैक्टरी (आरसीएफ), कपूरथला से 25 केवी बीजीएसी ईएमयू के लिए विद्युत कर्षण (ट्रेक्शन) उपस्कर के 20 सेट शामिल हैं।
- ❍ 400 केवी पारेषण लाइन के साथ 400/220/110 केवी स्विचयार्ड के लिए तमिलनाडु विद्युत बोर्ड (टीएनईबी) ,अलमट्टी से पारेषण परियोजना हेतु सबसे बड़ा आर्डर प्राप्त किया गया था। अन्य प्रमुख पारेषण परियोजनाओं के ऑर्डर में पावरग्रिड से बारीपद में 400/220/132 केवी सब-स्टेशन, न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन से कैगा में 400 केवी स्विचयार्ड, राजस्थान राज्य विद्युत निगम लिमिटेड से जोधपुर में 400/220 केवी सब-स्टेशन और उत्तराचंल पावर कारपोरेशन लिमिटेड से रूड़की में 220/132 केवी सब-स्टेशन शामिल हैं। 400 केवी सब-स्टेशन जेपोर-गजुवाका डी/सी लाइन, रेंगाली-इंद्रावती एस/सी लाइन और मेरामंडली-जेपोर एस/सी लाइन के लिए नियत श्रृंखला कैपेसिटर हेतु आर्डर प्राप्त किए गए हैं। पारेषण उत्पादों के क्षेत्र में प्रमुख ऑर्डरों में जीईबी, बड़ौदा से 100 एमवीए, 220 केवी के 10 ऑटो ट्रांसफॉर्मर और 90 केएन के 374585 डिस्क इंसुलेटर, एमपीएसईबी, जबलपुर से 315 एमवीए के 3 ऑटो ट्रांसफॉर्मर और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड से 100 एमवीए के 8 ऑटो ट्रांसफॉर्मर शामिल हैं।
- ❍ रक्षा मंत्रालय से 3 एसआरजीएम के ऑर्डर प्राप्त किए गए हैं।
- ❍ बीएचईएल ने टर्नकी आधार पर रिहंद सुपर थर्मल विद्युत संयंत्र-चरण-II (2x500 मेगावाट) के लिए कोयला प्रहस्तन संयंत्र की इंजीनियरी आपूर्ति, उत्थापन, परीक्षण और चालू करने के लिए एनटीपीसी से ऑर्डर प्राप्त करके कोयला प्रहस्तन संयंत्र के क्षेत्र में प्रवेश किया। यह बीएचईएल के आईएसजी यूनिट के लिए टर्नकी आधार पर संपूर्ण कोयला प्रहस्तन प्रणाली निष्पादित करने में एक प्रमुख सफलता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लिमिटेड, चेन्नई से डिसेलिनेशन संयंत्र और एनटीपीसी रिहंद से राख जल पुनःचक्रण प्रणाली के लिए ऑर्डर प्राप्त किए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

- वर्ष 2002-2003 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 14550 मिलियन रुपए का वास्तविक निर्यात ऑर्डर प्राप्त किया गया था। यह उपलब्धि समुद्रपारीय व्यवसाय को संपूर्ण कंपनी में दिए जा रहे बल के परिणामस्वरूप पिछले पांच वर्षों के दौरान प्राप्त गति जारी रखना प्रदर्शित करती है।
- वर्ष के दौरान बीएचईएल ने विविध उत्पादन क्षेत्रों में निम्नलिखित प्रतिष्ठित परियोजना ऑर्डर प्राप्त किए और इस प्रकार अपने निर्यात आय का और विस्तार किया :
  - **टर्नकी आधार पर लीबिया में 4x156.1 मेगावाट गैस-आधारित विद्युत स्टेशन स्थापित करने का ऑर्डर।** चार वी94.2 गैस टर्बाइन जेनरेटिंग उपस्कर वाला यह ऑर्डर बीएचईएल द्वारा अब तक प्राप्त एकमात्र सबसे बड़ा समुद्रपारीय ऑर्डर है।
  - **उन्नत श्रेणी गैस टर्बाइन के लिए पहला समुद्रपारीय ऑर्डर-** ईपीसी आधार पर **2 x फ्रेम 6एमए गैस टर्बाइन आधारित 140 मेगावाट (आईएसओ रेटिंग) टर्नकी विद्युत परियोजना।** यह आर्डर ऑनलाइन इंटरनेट बोली देने के आधार पर पेट्रोलियम डेवलेपमेंट ओमान(पीडीओ) से प्राप्त हुआ था। ऑनलाइन इंटरनेट बोली देने के माध्यम से ऐसी बड़ी परियोजना में सफलता द्वारा कंपनी में ई-कॉमर्स संबंधी पहल को और बल देना प्रत्याशित है।
  - **इंडोनेशिया में 20 मेगावाट स्टीम टर्बाइन आधारित सह-उत्पादन परियोजना की आपूर्ति और पर्यवेक्षण-**यह दक्षिण-पूर्व एशिया में हाइड्रो और गैस टर्बाइन आधारित विद्युत संयंत्रों की पहले की गई स्थापना के बाद वहां स्टीम चक्र आधारित ताप विद्युत परियोजना के लिए पहला ऑर्डर है। परियोजना के सीमाक्षेत्र में "फ्लूडाइज्ड बेड कम्बशन बॉयलर", "इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर" और "न्यू जेनरेशन मैक्स डीएनए वितरित नियंत्रण प्रणाली" के लिए एकमात्र निर्यात ऑर्डर भी शामिल हैं।
  - **ताईवान पावर कंपनी से बिहाई हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्लांट के लिए संयंत्र सीएंडआई सहित 1x68 एमवीए हाइड्रो टर्बाइन जेनरेटर और सहायक उपकरणों की आपूर्ति और पर्यवेक्षण-** इस ऑर्डर से बीएचईएल ने पहले न्यूजीलैंड, थाईलैंड, मलेशिया, अजरबैजान, नेपाल और भूटान को जल विद्युत संयंत्र उपस्कर की आपूर्ति करके जल विद्युत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का और विस्तार किया है।

उपरोक्त प्रत्येक परियोजनाएं अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में और समेकन की ओर एक मुख्य कदम प्रदर्शित करती है।

- वर्ष के दौरान प्राप्त अन्य उल्लेखनीय निर्यात ऑर्डरों में निम्नलिखित शामिल हैं :
  - मलेशिया, बंगलादेश, ग्रीस और कजाकिस्तान से ट्रांसफॉर्मर।
  - कुवैत, ईरान, घाना और इंडोनेशिया से वाल्व और सूट ब्लोअर।
  - इटली और आस्ट्रेलिया से सोलर सेल।
  - संयुक्त राज्य अमरीका, ओमान, आयरलैंड और आस्ट्रेलिया से इन्सुलेटर।
  - बंगलादेश से मोटर।
- बिक्री पश्चात सर्विस पर निरंतर ध्यान देने के कारण ओमान, अजरबैनान, कजाकिस्मान, थाइलैंड, लीबिया, बंगलादेश, चीन माल्टा, मलेशिया, ग्रीस, श्रीलंका और सऊदी अरब से अतिरिक्त पुर्जों और सर्विस के लिए ऑर्डर प्राप्त हुए।
- ओईएम/एमएनसी के लिए स्रोत प्रदान केन्द्र बनने के लिए अपने प्रयासों के भाग के रूप में एबीबी और सीमेन्स से नियंत्रण उपस्कर और एस्टॉम से इन्सुलेटर की आपूर्ति के लिए ऑर्डर प्राप्त हुए थे।
- अपनी समुद्रपारीय व्यवसाय की संभावनाओं में और वृद्धि करने की दृष्टि से वर्ष 2002-2003 के दौरान बीएचईएल द्वारा निम्नलिखित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे :
  - *''मलेशिया में ट्रैक्शन इलेक्ट्रिक्स और डीजल इलेक्ट्रिक लोको के पुनर्वास''* के लिए व्यावसायिक अवसरों में संयुक्त भागीदारी के लिए ईएम-रेल, मलेशिया के साथ समझौता ज्ञापन।
  - *''भारत से बाहर विद्युत उत्पादन, पारेषण और परिवहन परियोजनाओं''* में संयुक्त भागीदारी के लिए मैसर्स स्कोडा एक्सपोर्ट, चेकोस्लोवाकिया गणराज्य के साथ समझौता ज्ञापन।
- वर्ष के दौरान निष्पादित मुख्य समुद्रपारीय ऑर्डरों में निम्नलिखित शामिल हैं :
  - संयुक्त राष्ट्र के ''ऑयल फॉर फुडस'' कार्यक्रम के अधीन शामिल चार ऐसी यूनिटों के लिए ऑर्डर के एवज में बैजी, इराक में पहले 154 मेगावाट (आईएसओ रेटिंग) गैस टर्बाइन जेनरेटर सेट को चालू करना। सभी यूनिटों के लिए आपूर्तियां पूरी हो गई हैं।
  - बीएचईएल के पर्यवेक्षणाधीन शेनझेन नान्शान पावर स्टेशन चीन में 123 मेगावाट(आईएसओ रेटिंग) गैस टर्बाइन जेनरेटर सेट को मात्र 35 दिनों की रिकार्ड अवधि में चालू करना।
  - श्रीलंका स्थित एईएस के केलानीतिसा सीसीपीपी में 123 मेगावाट (आईएसओ रेटिंग) गैस टर्बाइन जेनरेटर सेट को चालू करना और 57 मेगावाट स्टीम टर्बाइन के लिए आपूर्तियां।
  - इराक में रुमैला मुक्त चक्र विद्युत संयंत्र के लिए 2X123 मेगावाट (आईएसओ रेटिंग) गैस टर्बाइन जेनरेटर सेट का कारखाने से एसआईटीईए इंटरनेशनल, स्विटजरलैंड को प्रेषण।
  - ईपीसी संविदा के अधीन अब तक का पहला 70 मेगावाट (आईएसओ रेटिंग) उन्नत श्रेणी गैस टर्बाइन जेनरेटर सेट का कारखाने से कान आलम विद्युत परियोजना, पेट्रोलियम डेवलेपमेंट ओमान के लिए प्रेषण।

पूंजी निवेश

विनिर्माण प्रौद्योगिकी और सुविधाओं का उन्नयन करने के लिए हमारे निरंतर प्रयास में वर्ष 2002-2003 के दौरान आयोजना पूंजी कार्यक्रमों पर 1617 मिलियन रुपए का पूंजी निवेश किया गया। निवेश का बल चालू उत्पाद आधुनिकीकरण स्कीमों को पूरा करने और पुरानी सुविधाओं

के प्रतिस्थापन और उन्नयन पर भी था। पूरा करने की वृद्धिकारी प्रबलता का सामना करने के लिए वर्ष 2003-2004 के लिए योजनाबद्ध निवेश चालू आधुनिकीकरण स्कीमों को पूरा करने और उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने, चक्र अवधि और लागत कम करने और नई विनिर्माण प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रारंभ् करने के लिए चयनित उत्पादों के लिए सुविधाओं के आवश्यकता आधारित उन्नयन को अपनाने की ओर अभिमुख हैं।

मुख्य स्कीमों की विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं :

इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन/बंगलौर में :

- विद्युत स्टेशन नियंत्रण के लिए अद्यतन सीएंडआई प्रौद्योगिकी प्रदान करने/ऑटोमेशन स्थापित करने की विनिर्माण दक्षता (139 मिलियन रुपए)। इस नई प्रौद्योगिकी के आधार पर लगभग 4000 मिलियन रुपए मूल्य का ऑर्डर प्राप्त किया गया।

एचईईपी और सीएफएफपी/हरिद्वार यूनिट में

- उच्चतर टर्बाइन क्षमता और निम्नतर उष्मा दर के साथ 210/250/500 मेगावाट सेटों के लिए उन्नत डिजाइन वाले स्टीम टर्बाइन ब्लेड का विनिर्माण करने के लिए एक आधुनिक, वातानुकूलित ''अत्याधुनिक ब्लेड'' शॉप की स्थापना की गई थी (727 मिलियन रुपए) ।
- दो सिलिण्डर के स्टीम टर्बाइन और निष्पादनाधीन 660 मेगावाट और उससे अधिक रेटिंग के सुपर-क्रिटिकल पैरामीटर स्टीम टर्बाइन की नई श्रृंखला को प्रारंभ करने के लिए स्टीम टर्बाइन विनिर्माण सुविधाओं का आधुनिकीकरण (565 मिलियन रुपए)।
- 660 मेगावाट की रेटिंग सहित टीजी सेटों के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए अद्यतन सुविधाओं से सज्जित करने के लिए जेनरेटर विनिर्माण सुविधाओं का आधुनिकीकरण चल रहा है (710 मिलियन रुपए)।
- सीएफएफपी/हरिद्वार में स्वच्छ कार्य वातावरण और सांविधिक उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने के लिए धूम निष्कर्षण और धूल संग्रहण प्रणाली का कार्य चल रहा है (61 मिलियन रुपए)।

त्रिची यूनिट में

- कतिपय परीक्षण और दीर्घावधि प्रचालन करने के लिए 6.2 मेगावाट एकीकृत गैसीकरण संयुक्त चक्र संयंत्र को पुनःमार्जित किया जा रहा है (40 मिलियन रुपए) । यह एक राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास परियोजना यथा एनटीपीसी के विद्युत स्टेशन कार्यस्थल में से एक में 100 मेगावाट आईजीसीसी प्रदर्शन संयंत्र प्रारंभ करने के लिए एक प्रारंभिक कदम है।

एचपीईपी/हैदराबाद यूनिट में :

- विभिन्न मॉडलों के संयोजन (एसेम्बली) और परीक्षण के लिए चक्र अवधि घटाने हेतु स्थापित किए जा रहे बड़े आकार के गैस टर्बाइनों का परीक्षण बेड और संयोजन स्थान (72 मिलियन रुपए) ।
- गैस टर्बाइन नोजल खंड और बकेट्स आंतरिक विनिर्माण में समर्थ बनाने के लिए सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं।

पीएस-ईआर, कोलकाता कार्यालय में

- 3200 वर्गमीटर के कार्यालय क्षेत्रफल वाला बीएचईएल के स्वामित्वाधीन कार्यालय काम्पलेक्स साल्ट लेक में निर्मित किया गया था।

ये स्कीमें कंपनी को सुविधाओं को आधुनिक बनाने और समकालीन स्तर तक इसकी विनिर्माण प्रौद्योगिकी का उन्नयन करने में समर्थ बनाएंगी।

इन आधुनिकीकरण स्कीमों से बीएचईएल ने वर्ष के दौरान 14 सीएनसी मशीने संस्थापित कीं, जिनसे सीएनसी मशीनों की कुल संख्या 311 हो गई। ये संयंत्र और मशीनरी के कुल सकल ब्लॉक का लगभग एक-तिहाई हैं।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

मौजदा और नए उत्पादों/प्रणालियों के लिए नई प्रौद्योगिकियां विकसित करने के हमारे अभियान में वर्ष 2002-2003 में कंपनी ने वर्चुअल प्रोटोटाइपिंग/वर्चुअल रिएलिटी सिस्टम और ट्रांसफॉर्मरों के अवशिष्ट अवधि विश्लेषण जैसी पूंजीगत विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्कीमों पर लगभग 53 मिलियन रुपए खर्च किए है।

इसके अतिरिक्त, कम्प्यूटेशनल फ्लूड डाइनेमिक्स(सीएफडी) के लिए उत्कृष्टता केन्द्र (84 मिलियन रुपए) ,विद्युत संयंत्रों और उद्योगों के लिए सिमुलेटरों हेतु उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना(38 मिलियन रुपए) और 100 केडब्ल्यू हाई एनर्जी हाई वेल/सिटी प्लाज्मा स्प्रे (एचईएचवीपीएस) सुविधा (14 मिलियन रुपए) का विकास कार्यान्वयनाधीन है।

10वीं योजनावधि में पूंजी निवेश

बीएचईएल की योजना 10वीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान 7000 मिलियन रुपए निवेश करने की है। योजना के पहले वर्ष में 1617 मिलियन रुपए का व्यय किया गया था। वर्ष 2003-2004 में 1803 मिलियन रुपए का निवेश योजनाबद्ध है, जिसमें निम्नलिखित मुख्य उत्पाद क्षेत्रों में सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल है :

- भोपाल में जल विद्युत उत्पाद विनिर्माण सुविधाओं का आधुनिकीकरण (406 मिलियन रुपए की अनुमानित लागत पर कार्यान्वित किया जा रहा है)।
- हैदराबाद में उन्नत श्रेणी और बड़े आकार के गैस टर्बाइनों, सुविधाओं, पम्पों, कम्प्रेसरों, स्टीम टर्बाइन और जेनरेटर में आधुनिकीकरण के लिए सुविधाओं की वृद्धि।
- ईडीएन, बंगलौर में सोलर फोटोवोल्टिक विनिर्माण प्रौद्योगिकी का उन्नयन।
- सीबीयू, बंगलौर में कम्पोजिट इन्सुलेटर के विनिर्माण की सुविधा।

सुधार और रिट्रोफिटिंग प्रयास :

सुधार करके, नवीकरण, उन्नयन और रिट्रोफिटिंग द्वारा मौजूदा सुविधाओं की अवधि बढ़ाने के लिए भी बल दिया जा रहा है। वर्ष 2002-2003 में ऐसे कार्यकलापों पर लगभग 286 मिलियन रुपए खर्च किए गए थे और 380 मिलियन रुपए वर्ष 2003-2004 के लिए योजनाबद्ध है।

संयुक्त उद्यम

बीएचईएल द्वारा प्रवर्तित दो संयुक्त उद्यम कंपनियों, अर्थात जीई द्वारा डिजाइन की गई गैस टर्बाइन की मरम्मत और देखभाल हेतु जीई

संयुक्त राज्य अमरीका के साथ ''बीएचईएल जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज लिमिटेड'' बीजीजीटीएस और पुराने जीवाश्म (फॉसिल) ईंधन विद्युत संयंत्रों के संयंत्र निष्पादन में सुधार लाने के लिए सीमेंस एजी, जर्मनी के साथ ''पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रुवमेंट लिमिटेड'' (पीपीआईएल) ने अब परिचालन के पांच पूर्ण वित्तीय वर्ष पूरे कर लिए हैं।

वर्ष 2002-2003 के दौरान 227 मिलियन रुपए के कर-पश्चात् लाभ के साथ बीजीजीटीएस ने 2100 मिलियन रुपए की बिक्री का कुल कारोबार किया। वर्ष के दौरान बीजीजीटीएस द्वारा 2000 मिलियन रुपए का ऑर्डर बुक किया गया। हैदराबाद में बीजीजीटीएस की मरम्मत सुविधा को गैस टर्बाइन संघटकों की मरम्मत के लिए जीई की विशिष्टियों को पूरा करने के लिए अपनी योग्यता प्रदर्शित करने के बाद ''जीई प्राधिकृत मरम्मत सुविधा'' के रूप में विधिवत प्रमाणित किया गया है। बीजीजीटीएस ने वर्ष 2001-2002 के लिए 235 प्रतिशत का अंतिम लाभांश और वर्ष 2002-2003 के लिए 350 प्रतिशत का अंतरिम लाभांश अदा किया है।

वर्ष 2002-2003 के दौरान पीपीआईएल ने 2403 मिलियन रुपए के आर्डर बुक करने के साथ 204.5 मिलियन रुपए की बिक्री का कुल कारोबार दर्ज किया। पिछले वर्ष 302 मिलियन रुपए के कर-पश्चात लाभ की तुलना में पीपीआईएल ने वर्ष के दौरान 0.05 मिलियन रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया। पीपीआईएल एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रचालन करता है। राज्य विद्युत बोर्डों के पास अपने विद्युत संयंत्रों के नवीकरण और आधुनिकीकरण के लिए संसाधनों की अनुपलब्धता नए आर्डर प्राप्त करने में मुख्य बाधा रही है। यहां तक कि जहां संसाधन की व्यवस्था की जा सकी वहां राज्य विद्युत बोर्ड बहुत कम मांग-आपूर्ति स्थिति के कारण संयंत्रों को बंद करने की स्थिति में नहीं हैं। इस प्रकार वे नए आर्डर आस्थगित कर रहे हैं। बाजार में धीमी वृद्धि ने पीपीआईएल के कार्यनिष्पादन को प्रभावित किया है।

अनुसंधान और विकास तथा वर्ष 2002-2003 में प्रौद्योगिकीय उपलब्धियां

वर्ष के दौरान आंतरिक अनुसंधान और विकास के माध्यम से विकसित उत्पादों और प्रणालियों के वाणिज्यिीकरण द्वारा 5275 मिलियन रुपए का कुल कारोबार किया गया।

नए उत्पाद और प्रणाली विकास तथा लागत प्रभावोत्पादकता और उच्चतर विश्वसनीयता, क्षमता, उपलब्धता, गुणवत्ता आदि के लिए मौजूदा उत्पादों में सुधारों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों पर 732 मिलियन रुपए की राशि खर्च की गई। इसके अतिरिक्त, अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों के लिए पूंजीगत परिसंपत्तियों की खरीद के लिए 85 मिलियन रुपए का व्यय किया गया है।

वर्ष के दौरान कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नानुसार हैं :

- बीएचईएल ने एक नई श्रृंखला प्रतिपूर्ति स्कीम विकसित की है, जिसमें पारेषण लाइनों की विद्युत अंतरण दक्षता बढ़ाने और पारेषण हानियां कम करने के लिए फ्लैविसबल एसी ट्रांसमिशन प्रणाली (एफएसीटीएस) के रूप में सामान्यतया ज्ञात थाइरिस्टर नियंत्रित रिएक्टर शामिल हैं। इस परियोजना का चरण-I, नियत श्रृंखला प्रतिपूर्ति कानपुर-बल्लभगढ़ सब-स्टेशन में पूरी की गई है। बीएचईएल आंतरिक रूप से विकसित प्रौद्योगिकी को स्थापित करने के लिए अब परियोजना का चरण-II (परिवर्ती प्रतिपूर्ति) निष्पादित कर रहा है। शीघ्र ही चालू किए जाने के लिए निर्धारित यह परियोजना विश्व में ऐसी छठी परियोजना होगी। बीएचईएल द्वारा इस परियोजना की सफलता से भारत को देशों के उन चुनिन्दा देशों के समूह में शामिल होने का गौरव प्राप्त होगा जिनके पास ''फैक्ट्स'' (एफएसीटीएस) प्रौद्योगिकी है।
- भिन्न-भिन्न प्रचालन दशाओं के दौरान प्रचालन और अनुरक्षण लागत कम करने के लिए बीएचईएल ने विद्युत संयंत्रों के कार्यनिष्पादन विश्लेषण, नैदानिकी और इष्टतमकरण (पीएडीओ) के लिए एक सॉफ्टवेयर पैकेज विकसित किया है। इस विकास ने बीएचईएल को व्यवसाय का एक नया अवसर प्रदान किया है।
- कोणार्क मेटकोक लिमिटेड, उड़ीसा में 65 टन प्रति घंटे के बॉयलर के लिए एक ब्लास्ट फर्नेस गैस (बीएफजी) प्रज्जवलन प्रणाली विकसित की गई है। ब्लॉस्ट फर्नेस की गैस इस्पात उत्पादन प्रक्रिया का एक उप-उत्पाद है, जो सामान्यतया बर्बाद हो जाती हैं। बाष्प उत्पादन के लिए इसका प्रयोग इस्पात संयंत्र की समग्र क्षमता में सुधार लाता है।
- बीएचईएल ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरों) को उसके अंतरिक्ष मिशनों में प्रयोग के लिए स्पेस ग्रेड सोलर फोटोबोल्टिक पैनलों का सफलतापूर्वक विनिर्माण किया और सौंपा है। हाल ही में छोड़े गए उपग्रह इन्सेट 3ए और जीसेट 2 प्रत्येक बीएचईएल से प्राप्त सोलर पैनल से सज्जित हैं। कंपनी ने स्पेस क्वालिटी बैटरियों की एसेम्बली और परीक्षण के लिए 'इसरो' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
- बीएचईएल ने 210 मेगावाट अथवा 250 मेगावाट थर्मल सेटों के लिए एरोफॉयल ब्लेडयुक्त रेडियल फैन विकसित किया है, जो पारम्परिक सीधे ब्लेड वाले फैन की अपेक्षा अधिक सक्षम हैं।
- इन्टेलिकॉम प्रोटोकॉल कन्वर्टर विकसित किया गया है, जो किसी ताप विद्युत स्टेशन में इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपेटेटर (प्रदूषण नियंत्रण उपकरण) का केन्द्रीकृत प्रचालन समर्थ बनता है, जिससे उनके प्रचालन के लिए अपेक्षित जनशक्ति में कमी आती है। इन्टेलिकॉम कन्वर्टर आईटीसी भद्राचलम, बनारी अम्मान सुगर्स और आदित्य सीमेंट्स में संस्थापित किए गए हैं।
- जेनरेटरों के अर्जन नियंत्रण के लिए न्यू जेनरेशन डिजीटल वोल्टेज रेगुलेटर विकसित किया गया है, जो पहले की डिजाइन की तुलना में बेहतर प्रत्युत्तर, विश्वसनीयता और स्व-नैदानिकी प्रदान करता है। जल विद्युत संयंत्रों के नवीकरण

और आधुनिकीकरण के लिए उत्तरांचल जल विद्युत निगम लिमिटेड के 12 सेटों की आपूर्ति की गई है। भद्र एचईपी (6 मेगावाट) में दो वर्षों के लिए एक प्रोटोटाइप का पहले सफलतापूर्वक क्षेत्र परीक्षण किया गया था।

- भारत के पहली बार बीएचईएल ने 20 केवी एचवीडीसी कैपेसिटर विकसित किया है। इन कैपेसिटरों का प्रयोग एचवीडीसी प्रणालियों में हार्मोनिक्स कम करने के लिए फिल्टर बैंक में किया जाता है।
- बीएचईएल ने हाइड्रो जेनरेटरों के लिए निरंतर वीपीआई (वैक्यूम प्रेशर इंप्रेगनेटेड) इन्सुलेशन के साथ स्टेटर-वाइडिंग बार के विनिर्माण के लिए प्रौद्योगिकी स्थापित की है। हाइड्रो जेनरेटर वाइडिंग्स के लिए वीपीआई प्रणाली मोनोलिथिक शून्य-मुक्त निरंतर (एक सिरे से दूसरे सिरे तक) इन्सुलेशन है। इसके लाभ इन्सुलेशन की मोटाई में कमी, सुधारा हुआ उष्मा अंतरण,ओवरहेड लंबाई में कमी की संभावना, सुधरी हुई आर्द्रता प्रतिरोध और गुणवत्ता और विश्वसनीयता में समग्र सुधार है। इस प्रौद्योगिकी पर आधारित दो हाइड्रो जेनरेटर का विनिर्माण,परीक्षण किया गया है और 2x42 मेगावाट लरजी एचईपी को उसकी आपूर्ति की गई है।
- मैसर्स सल्जर की डिजाइन पर आधारित 110 और 210 मेगावाट वाले ताप विद्युत स्टेशनों के लिए उपयुक्त एक उन्नयित बॉयलर फीड पम्प (200 केएचआई) ने सफलतापूर्वक क्षेत्र परीक्षण पूरा किया है। इससे एपीजेनको से आठ उन्नयित बीएफपी के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ और इससे लगभग 250 मौजूदा पुराने चेक डिजाइन वाले बीएफपी के उन्नयन के लिए संभावित व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त हुआ। सरल अनुरक्षणीयता,वर्धित विश्वसनीयता आदि के लिए कार्टिज डिजाइन सहित उन्नयित पम्पों की मौजूदा 72 प्रतिशत (चेक डिजाइन वाले) की तुलना में 80 प्रतिशत की क्षमता है।

मानव संसाधन प्रबंध

1. औद्योगिक संबंध

कंपनी की विभिन्न यूनिटों और सेवा प्रभागों में रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान मैत्रीपूर्ण और मधुर औद्योगिक संबंध बनाए रखे गए। चालू वर्ष के दौरान भी कंपनी में भागीदारी संस्कृति को विकसित और पल्लवित-पुष्पित करने के लिए बल देना जारी रहा। विभिन्न विनिर्माता यूनिटों और सेवा प्रभागों में शीर्ष स्तर संयुक्त समिति के प्रतिनिधित्व के लिए गुप्त मतदान के माध्यम से यूनियन के चुनाव जुलाई, 2002 में कराए गए। तदनुसार, बीएचईएल के लिए संयुक्त समिति पुनर्गठित की गई थी। तत्पश्चात पुनर्गठित संयुक्त समिति के नए सदस्यों के उन्मुखीकरण और कंपनी के संबद्ध मुद्दों से परिचित कराने के लिए एक संगोष्ठी अक्तूबर,2002 में 2 दिनों के लिए हैदराबाद में आयोजित की गई थी।

पर्यवेक्षकों और कार्यपालकों के लिए संगठनात्मक प्रभावोत्पादकता बढ़ाने पर नवम्बर,2002 में एक दो-दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य कंपनी और कर्मचारियों दोनों द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों की बेहतर समझ और अनुमान की जानकारी प्रदान करना था।

कंपनी की विभिन्न यूनिटों में वर्ष के दौरान शीर्ष-स्तरीय द्विपक्षीय मंच यथा बीएचईएल की संयुक्त समिति ने 3 बैठकें की जबकि संयंत्र और शॉप काउंसिल की क्रमशः 51 और 236 बैठकें हुई।

2. बीएचईएल उत्कृष्टता पुरस्कार 2001-2002

''योग कर्मषु कौशलम'' के आदर्शों द्वारा प्रेरित होकर बीएचईएल के निदेशक मंडल ने दिनांक 30 अक्तूबर,2000 को हुई अपनी 320वीं बैठक में बीएचईएल में उत्कृष्टता की संस्कृति सांस्थानिक बनाने के लिए बीएचईएल उत्कृष्टता पुरस्कार स्कीम अनुमोदित करके ऐतिहासिक कदम उठाया। ऐसे पहले पुरस्कार वर्ष 2000-2001 के लिए दिनांक 13 जनवरी,2002 को प्रदान किए गए थे। इस स्कीम का उद्देश्य कंपनी के विकास और लाभदायकता के लिए कर्मचारी द्वारा किए गए किसी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष उल्लेखनीय और अनुकरणीय योगदान को मान्यता देना,पुरस्कृत करना और आभार व्यक्त करना है। यह स्कीम पुरस्कारों की निम्नलिखित नौ श्रेणियां निर्दिष्ट करती है जिसमें से प्रत्येक का मूल्य पुरस्कार जीतने वाले व्यक्ति के मामले में 50,000 रुपए और समूह/दल की दशा में 5 लाख रुपए तक है।

1. बीएचईएल उत्कृष्टता पुरस्कार
2. बीएचईएल गुणवत्ता पुरस्कार
3. बीएचईएल तत्परता पुरस्कार
4. बीएचईएल उत्पादकता पुरस्कार
5. बीएचईएल उत्कृष्ट तकनीकी लेख पुरस्कार
6. बीएचईएल अनुसंधान पुरस्कार
7. बीएचईएल सृजनात्मकता पुरस्कार
8. बीएचईएल ग्राहक संतुष्टि पुरस्कार
9. बीएचईएल पर्यावरण/समाज सेवा/संस्कृति/खेल पुरस्कार

जबकि पहले आठ पुरस्कार केवल कंपनी के कर्मचारियों के लिए है वहीं नौंवा पुरस्कार कर्मचारियों के पति/पत्नी और आश्रित बच्चों को भी शामिल करता है।

यह स्कीम स्वस्थ कर्मचारी सम्मान भी निर्दिष्ट करती है, जो अच्छे स्वास्थ्य की प्रशंसा में कर्मचारियों को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान यूनिट स्तर पर कर्मचारियों के लिए है,जो स्वयं के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा नहीं करने और पिछले वित्तीय वर्ष में बीमारी के कारण कोई अवकाश भी नहीं लेते।

वर्ष 2001-2002 के लिए विभिन्न यूनिटों/प्रभागों से प्राप्त 106 नामांकनों की एक संवीक्षा समिति द्वारा संवीक्षा की गई थी और उसकी सूची बनाई गई थी। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा गठित जूरी द्वारा सूची का मूल्यांकन किया गया था। पुरस्कार की घोषणा कुल 50 कर्मचारियों/परिवार के सदस्यों के लिए 8 श्रेणियों में और वैयक्तिक कुशलताओं के मान्यतास्वरूप 2 सांकेतिक पुरस्कार के लिए की गई है। उनके उल्लेखनीय योगदान की

प्रशंसा बीएचईएल की उत्कृष्टता यात्रा में एक महत्वपूर्ण मानदंड के रूप में की जाती है। उन सभी, जिन्होंने भाग लिया है और उत्कृष्ट होने का उत्साह दर्शाया है, के लिए प्रशंसा के शब्द।

उत्कृष्टता की यात्रा सदैव बहते हुए उत्साह के साथ अबाधित चलती रहेगी।

3. वर्ष 2002-2003 के दौरान बीएचईएल की यूनिटों और कर्मचारियों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

उत्कृष्टता और सरकारी क्षेत्र प्रबंध को उल्लेखनीय योगदान के लिए स्कोप पुरस्कार - व्यक्तिगत श्रेणी

श्री के.जी. रामचन्द्रन,अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में सरकारी क्षेत्र प्रबंध को अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2001-2002 के लिए सरकारी क्षेत्र प्रबंध में उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्टित ''स्कोप'' पुरस्कार प्राप्त किया है। इस पुरस्कार में एक लाख रुपए की नकद राशि और स्वर्ण पट्टिका प्रदान की जाती है।

केमटेक फाउंडेशन द्वारा ''वर्ष के उपलब्धिकर्ता का पुरस्कार''

श्री के.जी.रामचन्द्रन,अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को विद्युत संयंत्र और मशीनरी उद्योग की श्रेणी के अधीन उद्योग को उनके योगदान के मान्यताप्राप्त ''केमटेक'' फाउंडेशन द्वारा ''वर्ष के उपलब्धिकर्ता का पुरस्कार'' प्रदान किया गया है। उनका चयन देश के कुछ अत्यधिक प्रसिद्ध उद्योगपतियों की पुरस्कार समिति द्वारा सर्वसम्मति से किया गया था।

प्रधानमंत्री का श्रम पुरस्कार

श्रम मंत्रालय द्वारा संस्थापित प्रतिष्ठित ''प्रधानमंत्री का श्रम पुरस्कार'' नामतः श्रम भूषण, श्रम वीर और श्रम श्री वर्ष 2002 के लिए बीएचईएल के चार कर्मचारियों द्वारा प्राप्त किया गया है। यह वर्ष 1995 में पुरस्कार प्रारंभ करने से अब तक बीएचईएल द्वारा प्राप्त की गई पुरस्कारों की सर्वाधिक संख्या है।

विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार

वर्ष 2000 के लिए बीएचईएल के 13 कर्मचारियों द्वारा छः विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए गए। यह पुरस्कार श्रम मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

बीएचईएल की चार यूनिटें अर्थात तिरूची,हैदराबाद,इलेक्ट्रॉनिक्स प्रभाग बंगलौर और इलेक्ट्रोपोर्सलीन प्रभाग बंगलौर ने वर्ष 2000 के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार श्रम मंत्रालय द्वारा स्थापित किया जाता है।

''ऊर्जा प्रबंध में उत्कृष्टता'' - सीआईआई का पुरस्कार

एचईपीपी-हरिद्वार यूनिट को सीआईआई द्वारा चेन्नई में दिसम्बर,2002 में आयोजित प्रतियोगिता में अन्य कंपनियों के साथ ''ऊर्जा सक्षम यूनिट'' की श्रेणी में प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

''इनसान'' पुरस्कार

हैदराबाद यूनिट ने वर्ष 2002 के लिए ''इनसान'' राष्ट्रीय सम्मेलन में सुझाव स्कीम में उत्कृष्टता के लिए प्रथम पुरस्कार,सर्वोत्तम सुझावकर्ता पुरस्कार और दो सर्वोत्तम नारा पुरस्कार प्राप्त किया है। ये पुरस्कार भारतीय राष्ट्रीय सुझाव संघ (इनसान) द्वारा स्थापित किये जाते हैं। हैदराबाद यूनिट द्वारा प्राप्त किए गए पुरस्कारों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं :

(क) सुझाव स्कीम (समूह-III) में उत्कृष्टता-प्रथम
(ख) सर्वोत्तम सुझावकर्ता पुरस्कार
(ग) सर्वोत्तम नारा पुरस्कार (हिन्दी)
(घ) सर्वोत्तम नारा पुरस्कार (अंग्रेजी)

4. मानव संसाधन विकास

वर्ष 2002-2003 के दौरान यूनिट तथा साथ ही नोएडा में शीर्ष स्तर पर हमारे विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 40466 भाग लेने वालों को शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त समाज के प्रति हमारे सामाजिक दायित्व की पूर्ति के भाग के रूप में 3700 शिशिक्षुओं और 1300 तकनीशियन शिशिक्षुओं को भी हमारी यूनिटों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। हमारे उच्चतर ग्राहक संतुष्टि के लिए चालू प्रयासों के लिए भी लगभग 1100 ग्राहक कार्मिकों को यूनिटों में प्रशिक्षण केन्द्रों में हमारे उत्पादों पर पृष्ठभूमि संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

5. अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति समुदाय के कल्याण और उन्नति के लिए कंपनी के कार्यकलाप

कंपनी अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण से संबंधित भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों और राष्ट्रपति के निर्देशों का नियमनिष्ठतापूर्वक अनुपालन करती रही है। वर्ष के दौरान बीएचईएल द्वारा अपनाए गए 56 गांवों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सामाजिक-आर्थिक विकास पर केन्द्रित कई सामुदायिक विकास कार्यकलाप किए गए।

अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व

दिनांक 1.1.2003 को कुल मानव शक्ति में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व क्रमशः 18.13 प्रतिशत और 3.73 प्रतिशत था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की समूह बार संख्या **अनुबंध-क** में दी गई है।

वर्ष 2002 के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की भर्ती

समूह-वार भर्ती के आंकड़े **अनुबंध-ख** में दिए गए हैं।

वर्ष 2002 के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की पदोन्नति

समूह-वार पदोन्नति के आंकड़े **अनुबंध-ग** में दिए गए हैं।

6. दिनांक 1 जनवरी, 2003 को विकलांग कर्मचारियों की मानवशक्ति संख्या

दिनांक 1 जनवरी,2003 को कंपनी में विकलांग कर्मचारियों की समूह-वार मानवशक्ति संख्या **अनुबंध-घ** में दी गई है।

अनुबंध–क

दिनांक 1.1.2003 को कुल कर्मचारियों की संख्या और उनमें से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण।

समूह / श्रेणी	कर्मचारियों की कुल सं.	अनुसूचित जाति	कुल कर्मचारियों में प्रतिशतता	अनुसूचित जनजाति	कुल कर्मचारियों में प्रतिशतता
समूह क	11851	1429	12.06	432	3.65
समूह ख	10672	1324	12.41	287	2.69
समूह ग	21233	4743	22.34	941	4.43
समूह घ	3179	1011	31.80	89	2.80
कुल	**46935**	**8507**	**18.13**	**1749**	**3.73**

अनुबंध–ख

वर्ष 2002 के दौरान अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों द्वारा भरी गई सीधी भर्ती में आरक्षित रिक्तियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण।

पद की श्रेणी	भरी गई रिक्तियों की सं.	आरक्षित रिक्तियों की सं.		भरी गई रिक्तियों की सं.		परिवर्तित रिक्तियों की सं.	
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.ज.जा.
क	267	39	18	41	19	0	0
ख	0	0	0	0	0	0	0
ग	56	10	3	14	0	0	0
घ	1	0	0	0	0	0	0
कुल	**324**	**49**	**21**	**55**	**19**	**0**	**0**

अनुबंध–ग

बीएचईएल में वर्ष 2002 के दौरान अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों द्वारा भरी गई रिक्तियों की कुल संख्या दर्शाने वाला विवरण।

समूह	पदोन्नति की कुल सं.	अनुसूचित जाति	प्रतिशतता	अनुसूचित जनजाति	प्रतिशतता
समूह क	1939	248	12.79	66	3.40
समूह ख	1996	303	15.18	46	2.30
समूह ग	3295	758	23.00	133	4.04
समूह घ	297	116	39.06	4	1.35
कुल	**7527**	**1425**	**18.93**	**249**	**3.31**

अनुबंध–घ

दिनांक 1 जनवरी, 2003 को कुल मानवशक्ति में विकलांग व्यक्तियों की समूह–वार स्थिति

समूह	कर्मचारियों की कुल संख्या	विकलांग व्यक्तियों की संख्या
क	11851	61
ख	10672	64
ग	21233	261
घ	3179	34

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

कंपनी की कार्यकलापों के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों यथा बजट, खरीद, सामग्री, भंडार, निर्माण कार्य, लेखा, कार्मिक आदि को शामिल करते हुए प्रबंधन द्वारा जारी विभिन्न संहिताओं और नियम-पुस्तिकाओं में निर्धारित आंतरिक नियंत्रण कार्य विधियां हैं। उन संहिताओं और नियम-पुस्तिकाओं को समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। कंपनी में विनिर्मिता यूनिटों और क्षेत्रीय कार्यकलापों में अवस्थित सुसंगठित आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है, जो निदेशक (वित्त)/निदेशक मंडल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखा परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार लेखा परीक्षा करते हैं और उसका कारपोरेट आंतरिक लेखा परीक्षा द्वारा अनुवीक्षण किया जाता है। ऐसी लेखा परीक्षा का मुख्य उद्देश्य कंपनी की निर्धारित संहिताओं और नियम-पुस्तिकाओं में नियत आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और प्रभावोत्पादकता की जांच करना है। आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्य और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की समीक्षा यूनिट स्तर की लेखा परीक्षा समितियों और निदेशक मंडल स्तर की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है।

अवसर और चुनौतियां

विश्व

विद्युत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय निवेश विदेशी विद्युत उपक्रमों और विकासशील विश्व में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दोनों के रूप में हाल के वर्षों में धीमा हो गया है। यह भाग स्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी दशा और विद्युत क्षेत्र में कार्य अधिग्रहणों के असंतोषजनक वित्तीय कार्यनिष्पादन के कारण भी है। समग्र वातावरण से विकासकर्ताओं द्वारा एक जागरूक दृष्टिकोण अपनाया गया है और नई परियोजनाओं के प्रारंभ होने में लम्बा समय लग रहा है। विद्युत बाजार के पुनर्गठन और सुधार संबंधी प्रयोगों की ओर अग्रसर होने में परिवर्तन आ रहा है और कुछ देशों ने अपनी योजनाओं को विलंबित अथवा संशोधित किया है। कुल विश्वव्यापी आर्डर बुकिंग विनिर्माण क्षमता से बहुत कम रही है जिसके के कारण प्रमूख वैश्विक विद्युत संयंत्र उपस्कर विनिर्माओं, जो समेकन के चरण में गुजर रहे हैं, द्वारा उत्साही विपणन किया गया है।

जबकि हाल में समग्र आर्डरों में गिरावट आई, कई विकासशील देश आने वाले वर्षों में अपने विद्युत आधारढांचे को विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, मध्य-पूर्व और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के कार्य देशों में नए विद्युत उपस्कर के लिए आशाजनक बाजार विद्यमान है। इसके अतिरिक्त विकासशील देशें में जेनरेटिंग मशीनरी की सर्विसिंग तथा साथ ही वितरित जेनरेशन में वैश्विक अवसर हैं।

भारत

विद्युत क्षेत्र

विद्युत मंत्रालय ने ''वर्ष 2012 तक सभी के लिए विद्युत'' प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें वर्ष 2007 तक सभी गांवों और वर्ष 2012 तक सभी घरों की विद्युतीकरण शामिल होगा। इस संबंध में, भारतीय विद्युत क्षेत्र की वित्तीय स्थिति और परियोजनाओं की तैयारी को देखते हुए योजना आयोग केअनुसार 10वीं योजनावधि के दौरान 41,110 मेगावाट की व्यवहार्य विद्युत उत्पादन क्षमता वृद्धि निर्धारित की गई है। इसके लिए उत्पादन पर 2000 बिलियन रुपए और पारेषण, वितरण और ग्रामीण विद्युतीकरण पर लगभग 1600 बिलियन रुपए के निवेश की आवश्यकता होगी। इस परिप्रेक्ष्य में, सरकार ने 10वीं योजना को परिव्यय में क्षेत्र के लिए सरकारी निधिपोषण में वृद्धि कर दी है ; इसके अतिरिक्त चालू योजनावधि में राज्य विद्युत बोर्डों को वित्तीय सहायता को रूप में 400 बिलियन रुपए की राशि निर्धारित की गई है।

जबकि यह परिदृश्य विद्युत संयंत्र उपस्कर के विनिर्माताओं के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करना है वहीं वृद्धिकारी क्षमता वृद्धि लक्ष्य का मुख्य भाग केवल 10वीं योजना के परवर्ती वर्षों के दौरान ही मूर्त रूप ले सकता है। विद्युत क्षेत्र का विकास इस क्षेत्र में अच्छेद उत्साह और प्रोत्साहन के बावजूद धीमा है।

केन्द्रीय सरकार त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम (एपीडीआरपी) के माध्यम से वितरण सुधारों को भी वित्तीय रूप से सहायता दे रही है और दसवीं पंचवर्षीय योजनावधि के लिए उसने त्वरित उत्पादन और आपूर्ति कार्यक्रम (एजीएंडएसपी) के विस्तार का अनुमोदन किया है। इसके अतिरिक्त कई राज्यों में केन्द्रीय सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ केन्द्रीय संगठनों को राज्य विद्युत बोर्डों द्वारा बकाया राशि के निपटान के लिए त्रिपक्षीय करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं जो सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा और उसका विद्युत क्षेत्र पर दीर्घावधिक लाभकारी प्रभाव पड़ेगा।

जबकि ईंधन के रूप में कोयला मध्यावधि और दीर्धावधि में विद्युत का मुख्य आधार बना रहेगा वहां सरकार जल-तापीय संयोजन में सुधार लाने और जल विद्युत को तीव्रतर गति से विकसित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत उपायों पर कार्य कर रही है। सरकार की जल विद्युत पहल इस संबंध में अधिक बजटीय सहायता और तीव्रतर स्वीकृतियों जैसे विभिन्न प्रस्तावों को रेखांकित करती है। नई नवीकरणीय ऊर्जा नीति का लक्ष्य नवीकरणीय स्टैंड एलोन प्रणालियों और स्थानीय विद्युत ग्रिडों के माध्यम से दूरस्थ गांवों में विद्युत प्रदान करता है। अवधि विस्तार, ऊचत्तर क्षमता अनुपात और क्षमता की दर्जा वृद्धि के कार्यक्रमों द्वारा विद्युत क्षेत्र में कुछ क्षमता हानि को प्रतिसंतुलित करना प्रत्याशित है।

विद्युत विधेयक, 2003 का अधिनियम भारतीय विद्युत क्षेत्र में किए जा रहे व्यवसाय के तरीके में परिवर्तन लाएगा क्योंकि यह विद्युत वितरण में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करेगा और ग्राहक के चयन का अवसर देगा, जो विद्युत पारेषण और वितरण (टीएंडडी) खंड में तथा विद्युत उत्पादन में निवेशों को वर्धित गति और अवसर प्रदान करेगा। अधिनियम निजी संगठनों को उत्पादन में बढ़ावा देगा क्योंकि पारेषण स्तर और उपभोक्ताओं को सीधी बिक्री में मुक्त पहुंच स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) का शीघ्र वित्तीय समापन सुविधाजनक बनाएगा।

यह ऐसी स्थिति भी लाएगा जिसमें कैप्टिव विद्युत क्षमता के उदारीकरण से निवेश प्रारंभ करना प्रत्याशित है।

उद्योग क्षेत्र

घरेलू औद्योगिक उत्पादन ने संपूर्ण वर्ष 2002-2003 में उर्ध्वमुखी प्रवृत्ति दर्शाई और विनिर्माण क्षेत्र सुधार के संकेत दर्शा रहा है। इसके अतिरिक्त,आधारढांचा उद्योगों का कार्यनिष्पादन भी प्रोत्साहनजनक रहा है। औद्योगिक उत्पाद का सूचकांक (आईपीपी) पूंजीगत वस्तुओं में गति के साथ वर्ष 2001-2002 में -3.4 प्रतिशत के तीव्रतम से वर्ष 2002-2003 में 10.4 प्रतिशत की वृद्धिकारी प्रवृत्ति दर्शा रहा है।

वर्ष 2003-2004 में औद्योगिक वातावरण जैसा विभिन्न औद्योगिक दृष्टिकोण सर्वेक्षण द्वारा यथाप्रदर्शित है अनुकूल हो रहा है,जो मांग में वृद्धि और क्षमता उपयोग के आंकलन में सुधार इंगित करता है। तथापि, कई पूंजीगत वस्तु बाजार खंड मांग के संकुचन और इस्पात,पेट्रो-रसायन,उर्वरक आदि जैसे क्षेत्रों में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं के प्रारंभ नहीं होने से प्रभावित हुए हैं। तेल-शोधन परियोजनाओं में विलम्ब/आस्थगन हो रहा है जबकि अन्य उद्योंगों में निवेश अवसंरचना की वृद्धि और निर्मित की जा चुकी मौजूदा क्षमताओं के उपयोग पर निर्भर है।

निजी और सरकारी क्षेत्र में हाल ही में गैस का पता लगाने से यह संभावना है कि नए विद्युत संयंत्र ईंधन के रूप में गैस पर आधारित होंगे। इसके अतिरिक्त,यह तेल और गैस क्षेत्र में अन्वेषण और उत्पादन उपस्कर विशेषकर पुराने हितों के पुनःमार्जन,नए रिगों की आवश्यकता तथा साथ ही पाइपलाइनों,कंप्रेसरों आदि की आवश्यकताओं में वृद्धि करेगा।

भविष्य के लिए दृष्टिकोण

बीएचईएल ने ''कार्यनीतिक योजना 2007'' शीर्षक से एक नई कारपोरेट योजना को अंतिम रूप दिया है और उसमें रेखांकित पहलों को कार्यान्वित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। कंपनी ने उन कल्पनादृष्टि लक्ष्य और मूल्य विवरण भी पुनःनिर्धारित किया है, जिसे इसकी वर्तमान आकांक्षाओं को प्रदर्शित करने के लिए उपयुक्त रूप से पुनःसमायोजित किया गया है। कारपोरेट विवरण के अनुरूप कंपनी उपयुक्त कार्यनीतियों और ध्यान केन्द्रण क्षेत्रों के साथ त्वरित विकास का लक्ष्य बना रही है। इस परिप्रेक्ष्य में कंपनी की मूल सुदृढ़ताओं के साथ संयोजन करते हुए कंपनी द्वारा कई विकास को अवसरों का पता लगाया गया है, जैसे :

- विद्युत उत्पादन, विद्युत पारेषण,परिवहन और औद्योगिक प्रणालियों और उत्पादों के मूल व्यवसाय को सुदृढ़ करना और उसका विस्तार करना।
- एनसीईएसव,तेल क्षेत्र,लवणता समापन आदि जैसे कतिपय क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए मौजूदा सुदृढ़ता में वृद्धि और ईपीसी,विद्युत संयंत्र प्रचालन और अनुरक्षण (ओएंडएम) तथा महत्व श्रृंखला विस्तार के रूप में बाजार-पश्च सेवाओं जैसे संबद्ध क्षेत्रों में विविधीकृत होना।
- जल प्रबंध, प्रदूषण नियंत्रण और अपशिष्ट प्रबंध,पत्तन प्रहस्तन प्रणालियों, सिमुलेटर (विद्युत और प्रक्रिया) ,ऊर्जा संरक्षण प्रणालियों,एलएनजी टर्मिनल आदि जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश करना।
- विद्युत क्षेत्र में आधिपत्यपूर्ण ज्ञान और कतिपय उद्योगों में प्रक्रियात्मक ज्ञान में वृद्धि और विद्युत क्षेत्र के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर सेवाओं और इंजीनियरी अनुप्रयोगों तथा साथ ही औद्योगिक सूचना प्रौद्योगिकी/ऑटोमेशन में प्रवेश करना।
- विद्युत उत्पादन और पारषण तथा वितरण जैसे अनवरत राजस्व प्रवाह व्यवसाय में प्रवेश करना।
- वैश्वीकरण/निर्यात पहलों के एक भाग के रूप में नियमित ईपीसी संविदाकार के रूप में स्थापित होना और बिक्री पश्च,नवीकरण और आधुनिकीकरण,प्रचालन और अनुरक्षण सेवाओं पर ध्यान देना और अतिरिक्त पुर्जों से योगदान में वृद्धि करना।

जोखिम और चिन्ताएं

वैश्विक बाजार के वातावरण में,मुख्य चिन्ता इस बात पर है कि क्या विकासशील देश विद्युत क्षेत्र में अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं और आवश्यक निवेश के निधिपोषण के लिए पूंजी कैसे तत्काल उपलब्ध होगी।

घरेलू विद्युत क्षेत्र नेमांग में वृद्धि के साथ गति नहीं बनाई रखी है जिससे देश को ऊर्जा और शीर्ष कमियों का सामना करना पड़ा है। वास्तव में 40,245 मेगावाट में लक्ष्य की तुलना में 9वीं योजना के दौरान केवल 19,015 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वृद्धि प्राप्त की गई थी और 10वीं योजना के लिए लक्षित क्षमता वृद्धि के पर्याप्त भाग के लिए मुख्य संयंत्र के उपस्करों का आर्डर अभी भी दिया जाना है।

भारतीय विद्युत क्षेत्र के अन्तर्निहित मुद्दों के कारण सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए सुधारों को उनके द्वारा गति प्राप्त करने के पूर्व कुछ समय लग सकता है और व्यवसाय में संलग्न संगठनों को नई अनिश्चितताओं और जटिलताओं का सामना करना होगा। यद्यपि विद्युत अधिनियम,2003 आशय में सख्त है परन्तु सुधारों को अंगीकार करने के लिए राज्य स्तर तैयारी अभी भी महत्व रखती है। उसकी सफलता प्रत्येक राज्य और उनके विनियामक आयोगों पर निर्भर करेगी। इसके अतिरिक्त, विद्युत अधिनियम, 2003 उसमें संशोधनों के समामेलन के बाद ही अपने वास्ताविक रूप में सामने आएगा। इसके अतरिक्त, ईंधन का चयन और विद्युत क्रय करार विद्युत क्षेत्र में चिन्ता के मुद्दे है।

परिवहन उपस्कर के अतिरिक्त,यह दर्शाते हुए कि औद्योगिक सुधार के बावजूद निवेश में अभी भी वृद्धि होनी है, मशीनरी और उपस्कर का घरेलू औद्योगिक समूह ने धीमा विकास दर्ज करना जारी रखा है।

सहयोगकर्त्ता भारत से बाहर विशेषकर जहां बीएचईएल ने संदर्भ और सुदृढ़ता निर्मित किया है, के क्षेत्रों में अपने बाजार के हिस्से के संरक्षण के लिए लाइसेंस करार के अधीन निर्यात की सीमाओं को वर्धित रूप से प्रतिबंधित कर रहे हैं।

लेखापरीक्षक रिपोर्ट

सेवा में,
सदस्य
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
नई दिल्ली

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,नई दिल्ली के दिनांक 31 मार्च,2003 के संलग्न तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के संलग्न लाभ और हानि लेखा की लेखापरीक्षा की है। ये वित्तीय विवरण कंपनी के प्रबंधन के उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व अपनी लेखापरीक्षा को आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर मत व्यक्त करना है।

हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में साधारणतया स्वीकृत लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार की है। वे मानक अपेक्षा करते हैं कि हम इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना बनाते और निष्पादित करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक गलत विवरण से मुक्त हैं या नहीं। लेखापरीक्षा में परीक्षण आधार पर वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों का समर्थन करने वाले साक्ष्य की जांच शामिल होती है। लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों तथा प्रबंधन द्वारा किए गए महत्वपूर्ण अनुमानों का आंकलन तथा साथ ही समय वित्तीय विवरण प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हम विश्वास करते हैं कि हमारी लेखापरीक्षा हमारे मत के लिए उचित आधार प्रदान करते हैं।

(i) उपरोक्त तुलनपत्र और लाभ और हानि लेखा में कारपोरेट कार्यालय,उन्नत अनुसंधान परियोजना, विद्युत क्षेत्र परियोजना इंजीनियरी प्रबंध और वाणिज्यिक समूह तथा विद्युत क्षेत्र मुख्यालय नई दिल्ली के हमारे द्वारा लेखापरीक्षित लेखे और विदेशी शाखाओं सहित अन्य यूनिटों,शाखाओं सहित अन्य यूनिटों,शाखाओं तथा कार्यालयों/ प्रभागों,जहां हमारा दौरा नहीं हुआ है,और जिनकी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा की गई थी,के लेखे शामिल हैं।

(ii) विदेशी शाखाओं,क्षेत्रीय और अन्य कार्यालयों के लेखे की रिपोर्ट पर उन यूनिटों/ प्रभागों, जिनके इन विदेशी शाखाओं और क्षेत्रीय तथा अन्य कार्यालयों के लेखे शामिल किए गए हैं,का शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा विचार किया गया है। शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट हमें प्रस्तुत कर दी गई है और उस पर कंपनी के उक्त तुलन-पत्र तथा लाभ और हानि लेखे पर हमारा मत तैयार करने के प्रयोजनार्थ हमारे द्वारा विचार किया गया है।

(iii) कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 227(4क) की शर्तों के अनुसार कंपनी विधि बोर्ड द्वारा जारी विनिर्माण और अन्य कंपनी

(लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश,1988 द्वारा जैसा अपेक्षित है,हम अनुबंध में उक्त आदेश के पैराग्राफ 4 और 5 में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरणी संलग्न करते हैं।

(iv) ऊपर पैराग्राफ-III में उल्लिखित अनुबंध में अपनी टिप्पणियों के अतिरिक्त हम रिपोर्ट करते हैं कि :

(1) लेखाकरण नीति सं. 9(iii) के कारण 10,000 रुपए तक की लागत वाली अचल परिसंपत्तियों और जिनका हासिल मूल्य वर्ष के प्रारंभ में 10,000/-रुपए अथवा उससे कम है, के खर्च के लिए 288.56 लाख रुपए का अतिरिक्त मूल्यह्रास प्रदान किया गया है (अनुसूची 19 की टिप्पणी सं. 4 का अवलोकन करें)।

(1) लेखे में आवश्यक प्रकटन के साथ लेखापरीक्षकों द्वारा उल्लिखित नीति का कंपनी द्वारा कई वर्षों से लगाकार अनुपालन किया जा रहा लेखाकरण नीति के अनुरूप है।

(2) विविध देनदारों, लेनदारों, संविदाकारों को दिए गए अग्रिमों, जमाराशियों और उप-संविदाकारों/ फैब्रिकेटरों के पास पड़ी हुई स्टाक सामग्री पुष्टिकरण तथा समंजन के अधीन हैं। लेखे पर उनका परिणामी प्रभाव,अगर कोई है, अनिश्चित रहता है (अनुसूची 19 की टिप्पणी सं. 25 का अवलोकन करें)।

(2) पुष्टि के लिए अनुरोध भेजे जाते हैं और पार्टियों के साथ चालू प्रक्रिया के रूप में समंजन किया जाता है तथा प्रबंधन इसके कारण लेखे पर किसी महत्वपूर्ण प्रभाव की संकल्पना नहीं करता।

(3) आपका ध्यान निम्नलिखित की ओर आकर्षित किया जाता है :

(i) 24,974.61 लाख रुपए की निर्धारण वर्ष 1992-93 से संबंधित आयकर की विवादित मांग के संबंध में अनुसूची 19 में टिप्पणी सं. 9 (क)।

(i) मामला न्यायनिर्णयाधीन है।

(ii) निर्णीत हर्जाने और सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को यात्रा लाभ,जिससे वर्ष के लिए लाभ में 2,675.87 लाख रुपए की कमी हुई,से संबंधित लेखाकरण नीति के संशोधन के संबंध में अनुसूची 19 की टिप्पणी सं.15(क) और 15(ख)।

(ii) वर्ष 2001-2002 के लिए लेखे की लेखापरीक्षा के दौरान सरकारी लेखापरीक्षा को दिए गए आश्वासन के अनुरूप संशोधन कर दिए गए है।

(4) हम आगे सूचित करते हैं कि उपरोक्त पैराग्राफ 2 के प्रभाव और ऊपर 1 में यथाउल्लिखित मूल्यह्रास पर पूर्व वर्षों के प्रभाव पर विचार किए बिना,उनके प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सका,अगर उपरोक्त पैराग्राफ 1 में हमारे द्वारा किए गए अवलोकन पर विचार किया गया होता तो वर्ष के लिए कर-पूर्व लाभ 80,532.02 लाख रुपए (सूचित किए गए 80,243.46 लाख रुपए के आंकड़े की तुलना में) हुआ होता,प्रारक्षित निधि और अधिशेष 456,179.57 लाख रुपए (4,56,891.01 लाख रुपए के सूचित आंकड़ों की तुलना में) हुआ होता और अचल परिसंपत्तियों का कुल निवल ब्लॉक 1,17,338.72 लाख रुपए (1,17,050.16 लाख रुपए के सूचित आंकड़ों की तुलना में) हुआ होता।

पूर्वाक्त और उसके परिणामी प्रभाव के अधीन :

(क) हमने सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं,जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे।

(ख) जहां तक उन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है, हमारी राय में कंपनी ने विधि द्वारा यथापेक्षित उचित लेखा बहियां रखी है।

(ग) इस रिपोर्ट में उल्लिखित तुलनपत्र, लाभ और हानि लेखा और रोकड़ प्रवाह विवरण लेखा बहियों और शाखाओं से प्राप्त लेखापरीक्षित विवरणियों से मेल खाते हैं।

(घ) हमारी राय में इस उत्तर में उल्लिखित तुलनपत्र, लाभ और हानि लेखा तथा रोकड़ प्रवाह विवरण कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 के उप-धारा(3ग) में उल्लिखित लेखाकरण मानकों के अनुरूप हैं।

(ड.) निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों तथा निदेशक मंडल द्वारा दर्ज किए गए के आधार पर हम सूचित करते हैं कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 की उप-धारा (1) के खंड (छ) के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2003 को किसी भी निदेशक को निदेशक होने में अयोग्य नहीं किया गया है। तथापि, कंपनी कार्य विभाग, भारत सरकार से प्राप्त दिनांक 22 मार्च, 2002 के पत्रानुसार धारा 274(1)(छ) के उपबंध भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों पर लागू नहीं है।

(च) हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी में तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार अनुसूची-19 में लेखाकरण नीतियों और व्याख्यात्मक टिप्पणियों के साथ पठित उक्त लेखे कंपनी अधिनियम, 1956 द्वारा यथापेक्षित सूचना इस प्रकार अपेक्षित तरीके से प्रदान करते हैं और भारत में साधारणतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप उचित और सही चित्र प्रस्तुत करते हैं :

(i) दिनांक 31 मार्च, 2002 को तुलनपत्र के मामले में कंपनी की कार्य स्थिति; और

(ii) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ के लाभ और हानि लेखे के मामले में; और

(iii) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए रोकड़ प्रवाह के रोकड़ प्रवाह विवरण के मामले में।

कृते जे.सी. भल्ला एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट

ह./-
(सुधीर मल्लिक)
भागीदार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 जून, 2003

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध

(समसंख्यक दिनांक की हमारी रिपोर्ट के पैरा-III में उल्लिखित)

प्रबंधन का उत्तर

1. कंपनी ने सामान्यतः मात्रात्मक विवरण और अपनी स्थायी परिसंपत्तियों की स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित रिकार्ड रखा है। पट्टे पर दी गई परिसंपत्तियों को छोड़कर प्रबंधन ने वास्तविक सत्यापन के अपने चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार सामान्यतः स्थायी परिसंपत्तियों के एक भाग का वास्तविक सत्यापन कर लिया है,जिसे कंपनी के आकार और उसके व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए उचित माना गया है और वर्ष के दौरान किए गए सत्यापन की सीमा तक ऐसे सत्यापन पर कोई वास्तविक विसंगति नहीं पाई गई है।

2. वर्ष के दौरान किसी भी स्थायी परिसंपत्ति का पुर्नःमूल्यन नहीं किया गया है।

3. विनिर्माता प्रभागों के मामले में सामग्री के स्टॉक,अतिरिक्त पुर्जे,संघटक और इकाइयों में पड़े कच्चे माल का सतत मालसूची प्रणाली के अधीन सत्यापन किया गया है।

   व्यापार के लिए अधिग्रहित तथा इकाईयों के भंडारों में पड़े हुए सामानों और अतिरिक्त पुर्जों का प्रबंधन द्वारा समुचित अंतरालों पर वास्तविक सत्यापन किया गया और ऐसे सत्यापन पर कोई वास्तविक विसंगति नहीं पाई गई।

   सेवा प्रभागों के संबंध में सामग्री,अतिरिक्त पुर्जे आदि की तत्काल खपत के लिए खरीद की जाती है और अप्रत्युक्त शेष सामग्री का वर्ष के अंत में वास्तविक रूप से सत्यापन किया गया है।

   अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के लिए खरीदी गई सामग्रियों को सीधे लाभ और हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है।

   प्रभागों के योजना विभाग की उत्पादन रिपोर्टों और निरीक्षण रिपोर्टों के संदर्भ में वर्ष के अंत में निर्मित सामग्रियों के स्टॉक और चालू कार्यों का सत्यापन किया जाता है।

   संविदाकारों/फेब्रिकेटरों और अन्य पक्षों के पास पडे हुए स्टॉक के संबंध में केवल कुछ मामलों में पुष्टियां प्राप्त हुई थी।

   उपयुक्त के अधीन,हमारी राय में सत्यापन की बारम्बारता उचित है।

4. प्रबंधन द्वारा स्टॉक के वास्तविक सत्यापन के लिए अपनाई गई कार्यविधि कंपनी के आकार और उसके व्यवसाय की प्रकृति के संबंध में सामान्यतः उचित और पर्याप्त है।

बीएचईएल ने दिनांक 31 मार्च,2002 तक भारतीय रेल की टाईप (डब्ल्यूसीएएम-3) के 53 एसी/डीसी इंजनों और टाइप डब्ल्यूसीएजी-1 के 12 एसी/डीसी इंजनों की पट्टे पर आपूर्ति की है। भारतीय रेल के साथ किए गए पट्टा करार के अनुसार पूर्व की भांति भारतीय रेल से इन इंजनों के वास्तविक कब्जे की पुष्टि करते हुए एक प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया गया है।

पुष्टि के लिए अनुरोधों को भेजा जाता है और पक्षों के साथ चालू प्रक्रिया के रूप में समंजन किया जाता है तथा प्रबंधन इसके कारण लेखे पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव संकल्पित नहीं करता।

5. कंपनी के आकार और प्रचालन की प्रकृति से संबंधित बही के रिकार्ड की तुलना में स्टॉक के वास्तविक सत्यापन पर देखी गई विसंगति कोई अर्थ नहीं रखती और कंपनी की लेखा बहियों में समुचित रूप से विचार किया गया है।

6. हमारी राय में लेखाकरण नीति संख्या 7 के साथ पठित उपर्युक्त स्टॉक का मूल्यांकन सही और उचित है और सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार है और उधार लेने की लागत के पूंजीकरण की सीमा तक छोड़कर पूर्व वर्षों के आधार पर की है।

7. दी गई सूचना और प्रदान किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 और 307(1ख) के अधीन रखे जाने के लिए अपेक्षित रजिस्टर सूचीबद्ध या तो फर्मों अथवा किसी अन्य पक्षों से रक्षित अथवा आरक्षित ऋण नहीं लिया है।

8. दी गई सूचना और प्रदान किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधनियिम, 1956 की धारा 301 और 307(1ख) के अधीन रखे जाने के लिए अपेक्षित रजिस्टर में सूचीबद्ध फर्मों अथवा अन्य पक्षों से रक्षित अथवा अरक्षित कोई ऋण नहीं किया है।

9. कंपनी द्वारा ऋण की प्रकृति में पक्षों और कर्मचारियों को दिए गए ऋणों और अग्रिमों के संबंध में मूल राशि और ब्याज की वसूली, जहां भी लागू हो, सामान्यतः यथानिर्दिष्ट की गई है।

10. हमारी राय में और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के आकार और इसके व्यवसाय के अनुरूप संघटकों, संयंत्र और मशीनरी, उपस्कर और अन्य परिसंपत्तियों तथा सामग्रियों की बिक्री सहित भंडारों , कच्चे माल की खरीद के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण कार्यविधि है।

11. दी गई और प्रदान किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने संविदा अथवा करार के अनुसरण में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 201 के अधीन रखे जाने के लिए अपेक्षित रजिस्टर में सूचीबद्ध प्रत्येक पक्ष के संबंध में वर्ष के दौरान 50,000 रुपए अथवा अधिक के सामानों और सामग्रियों की खरीद सामानों और सेवाओं की बिक्री नहीं की गई है।

12. जैसा हमें स्पष्ट किया गया है, कंपनी में अप्रयोज्य या क्षतिग्रस्त सामग्री, कच्चे माल और निर्मित माल के निर्धारण के लिए उचित प्रणाली है। कंपनी की नीति के अनुसार इस प्रकार निर्धारित मदों के संबंध में होने वाली क्षति के लिए लेखे में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

13. कंपनी ने वर्ष के दौरान जनता से कोई जमाराशि स्वीकार नहीं की है।

14. हमारी राय में, कंपनी ने महत्वपूर्ण रद्दी की बिक्री और निपटान के लिए उचित रिकार्ड रखे हैं। हमें सूचित किया गया है कि कंपनी के प्रचालनों द्वारा कोई प्राप्तव्य उप-उत्पाद का उत्पादन नहीं होता।

15. हमारी राय में, कंपनी की आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली व्यापक तौर पर कंपनी के आकार और उसके व्यावसाय की प्रकृति के अनुरूप है। तथापि, कुछ इकाइयों में इसे अधिक व्यापक बनाने, आवधिकिता में सुधार करने और आंतरिक लेखापरीक्षा की सुदृढ़ बनाने की गुंजाइश है।

जहां भी आवश्यक है, आंतरिक लेखापरीक्षा को सुदृढ़ करने के उपाय किए जा रहे हैं।

16. प्रथम दृष्टया, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 209 (1)(च) के अधीन केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार विद्युत मोटरों सीवन रहित (सीमलेस) इस्पात ट्यूबों, इलेक्ट्रिक जेनरेटर, पावर ट्रांसफार्मर विद्युत चालित पम्पों, कंट्रोल ईसट्मेटेंशन और ऑटोमेशन उपस्कर के विनिर्माण के लिए निर्धारित लागत लेखा और रिकार्ड रखा है। तथापि यह निर्धारित करने की दृष्टि से कि वे यथार्थ अथवा पूर्ण हैं, रिकार्डों की विस्तृत जांच नहीं की गई थी। हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दी गई सूचना के अनुसार केन्द्र सरकार ने कंपनी के अन्य उत्पादों के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 209(1)(घ) के अधीन लागत रिकार्ड रखना निर्धारित नहीं किया है।

17. कंपनी के रिकार्ड के अनुसार कुछ यूनिटों के मामले में 547.97 लाख रुपए की कर्मचाररी राज्य बीमा की बकाया राशि, जिसे उच्च प्राधिकारियों के समक्ष अमान्य सिद्ध किया जा रहा है, को छोड़कर वर्ष के दौरान भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा की बकाया राशियां, जहा लागू हों, साधारण्तया उपयुक्त प्राधिकारियों के पास जमा की गई हैं।

दोनों मामले न्यायनिर्णयाधीन हैं।

18. हमें दी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार आयकर, संपत्ति कर, बिक्री कर, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क जो दिनांक 31 मार्च, 2003 को इनके देय होने की तारीख से छः महीनें की अनधिक अवधि के लिए बकाया रही है, के संबंध में कोई अविवादित और बकाया राशियां नहीं हैं।

19. दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण व्यवहारों के अनुसार लेखा बहियों की जांच पर संविदात्मक दायित्वों से उत्पन्न हुए अथवा सामान्यतः स्वीकृत व्यवसाय व्यवहार के अनुसार कोई भी व्यक्तिगत व्यय लाभ और हानि लेखे में प्रभारित नहीं किया गया है।

20. रूग्ण औद्योगिक कंपनी(विशेष उपबंध) अधिनियम, 1985 की धारा 3 (1)(ण) के उपबंधों के अधीन कंपनी रुग्ण कंपनी नहीं गई है।

21. सेवा कार्यकलापों के संबंध में :

(क) कंपनी में उसके आकार और व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप प्राप्तियों, निर्गमनों, सामग्रियों और भंडार की खपत तथा संबद्ध कार्यों के लिए खपत की गई सामग्री के आबंटन का रिकार्ड रखने की उचित प्रणाली है।

(ख) कंपनी के पास सामान्यतः अपने आकार और उसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप संबद्ध कार्यों के लिए प्रयुक्त मानव-घंटे आबंटित करने की उचित प्रणाली है।

(ग) भंडार से माल निर्गमन और कार्य के लिए भंडार और श्रमिक के आबंटन पर कंपनी के आकार और उसके व्यवसाय को प्रकृति के अनुरूप आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्त प्रणाली के साथ उचित स्तरों पर प्राधिकार की उचित प्रणाली है।

कृते जे.सी.भल्ला एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
ह./-
(सुधीर मल्लिक)
भागीदार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 जून, 2003

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2003 को समाप्त हुए वर्ष के लेखे पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां		प्रबंधन का उत्तर
क. लाभ और हानि लेखा	**(लाख रुपए)**	
कंपनी के 44451.27 लाख रुपए के लाभ को निम्नलिखित के कारण 2544.66 लाख रुपए अधिक बनाया गया था :		
(i) परीक्षण चालन के पूरा होने में विलंब और गैस टर्बाइनों की उपलब्धता (एनटीपीसी की फरीदाबाद परियोजना) में कमी के लिए निर्णीत हर्जाने का प्रावधान नहीं करना, संशोधित नीति और दिशानिर्देशों के अनुसार इस वित्तीय वर्ष के दौरान इस परियोजना के लिए निर्णीत हर्जाने हेतु प्रावधान का सृजन आवश्यक नहीं है।	2500.00	वर्ष 2001-2002 के लिए लेखे की लेखा परीक्षा के दौरान एमएबी को दिए गए आश्वासन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय रूप से विख्यात चार्टर्ड एकाउंटेंट की फर्म से राय प्राप्त की गई थी और दिशानिर्देशों के साथ निर्णीत हर्जाने पर नीति को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए संशोधित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था।
(ii) तीन वर्षों से अधिक के लिए वसूली के लिए शेष डुबंत और संदिग्ध ऋणों का प्रावधान नहीं करना।	33.14	प्रबंधन के आंकलन पर आधारित वर्ष के दौरान इन मामलों में कोई प्रावधान आवश्यक नहीं समझा जाता है।
(iii) मार्गस्थ सामग्रियों का कुल कारोबार के रूप में लेखाकरण	11.52	दर्ज किया गया।
ख. सामान्य		
(i) कंपनी निर्यात बिक्री के संबंध में और संविदाओं के पूरा होने के पूर्व आपूर्ति और उत्थापन संविदाओं के कुछ मामलों में वसूली योग्य मूल्य के 97.5 प्रतिशत की बजाए 100 प्रतिशत का राजस्व मानती रही है। यह इसकी लेखाकरण नीति सं. 5(ii) और (iii) के अनुसार नहीं है।		(क) निर्यात बिक्री पूर्व वर्षों के समान परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं होने के साथ समतुल्य 2.5 प्रतिशत के वारंटी प्रावधान सहित 100 प्रतिशत पर मानी गई है। (ख) बीएचईएल विनिर्मित मदों की आपूर्ति पूर्ण वर्षों के समान सही रूप से 47.5 प्रतिशत पर लेखाबद्ध की गई है। (ग) उत्थापन आय को लेखाकरण नीति सं.5(iii) के अनुसार पूर्व वर्षों के समान सही रूप से लेखाबद्ध किया गया है।
(ii) आकस्मिक देयताओं (अनुसूची 19) में सूरतगढ़ यूनिट के संबंध में 226.56 लाख रुपए के निर्णीत हर्जाने की राशि से संबंधित दावा शामिल नहीं है।		ग्राहक ने लिखित रूप में निर्णीत हर्जाने की माफी पर विचार करने पर सहमति दी है। इसलिए इसे आकस्मिक देयता में शामिल करना आवश्यक नहीं समझा गया था।

ह./-
रेवती बेदी
प्रधान निदेशक,वाणिज्यिक लेखापरीक्षा एवं पदेन
सदस्य,लेखापरीक्षा बोर्ड-III,
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अगस्त,2003

भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक द्वारा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2003 को समाप्त वर्ष के लेखों की समीक्षा।

टिप्पणी : लेखे की समीक्षा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अधीन और सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में विहित प्रतिबंधों को ध्यान में रखे बिना तैयार की गई है।

1. वित्तीय स्थिति

नीचे दी गई सारणी पिछले तीन वर्षों के लिए मुख्य शीर्षों के अधीन कंपनी की वित्तीय स्थिति का सारांश प्रस्तुत करती है :

(करोड़ रुपए में)

	2000-2001	2001-2002	2002-2003
देयताएं			
(क) चुकता पूंजी			
(i) सरकार (आबंटन होने तक शेयर आवेदन राशि सहित)	165.76	165.76	165.76
(ii) अन्य	79.00	79.00	79.00
(ख) (i) मुक्त प्रारक्षित निधि और अधिशेष	3582.83	4222.08	4556.14
(ii) पूंजी प्रारक्षित निधि	2.77	2.77	2.77
(ग) उधार			
(i) वित्तीय संस्थाओं से	120.29	15.61	4.69
(ii) नकद ऋण	590.34	0.28	0.00
(iii) अन्य	312.64	626.28	500.00
(iv) प्रोद्भूत और देय ब्याज	2.33	2.33	2.33
(घ) (i) चालू देयताएं और प्रावधान	4162.96	4715.86	4756.06
(ii) पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियों के लिए क्रेडिट	0.00	21.29	24.07
जोड़	**9018.92**	**9851.26**	**10090.82**
परिसंपत्तियां			
(ङ) सकल ब्लॉक	3004.05	3182.00	3349.31
(च) घटाएं : मूल्यह्रास	1902.81	2057.68	2230.28
जोड़ें : पट्टा समायोजन लेखा	41.37	52.26	51.47
(छ) निवल ब्लॉक	1142.61	1176.58	1170.50
(ज) चालू पूंजीगत कार्य	61.18	56.67	58.70
(झ) निवेश	10.34	10.34	10.33
(ञ) चालू परिसंपत्तियां, ऋण तथा अग्रिम	7576.20	8053.77	8348.40
(ट) आस्थगित कर परिसंपत्तियां	-	304.62	407.39
(ठ) बट्टे खाते नहीं डाले गए विविध व्यय	228.59	249.28	95.50
जोड़	**9018.92**	**9851.26**	**10090.82**
(ड) कार्यशील पूंजी (ञ-घ(i)-ग(iv)	3410.91	3335.58	3590.01
(ढ़) नियोजित पूंजी (छ+ड)	4553.52	4512.16	4760.51
(ण) निवल मूल्य (क+ख(i)-ठ)	3599.00	4217.56	4705.40
(त) पूंजी का प्रति रुपया निवल मूल्य	14.70	17.23	19.22

2. निधियों के स्त्रोत और उपयोग

नीचे दिये गए विवरण के अनुसार वर्ष के दौरान आंतरिक और बाह्य स्त्रोतों से 770.90 करोड़ रुपए की राशि वसूल की गई और उसका उपयोग किया गया :

(करोड़ रुपए में)

निधियों के स्त्रोत		
(क) प्रचालन से प्राप्त निधियां :		
कर–पश्चात लाभ	444.51	
जोड़े : मूल्यह्रास	172.60	617.11
(ख) बट्टे खाते नहीं डाले गए विविध व्यय में कमी		153.78
(ग) उधार ली गई निधियों में कमी		0.01
जोड़		**770.90**
निधियों का उपयोग		
(क) स्थायी परिसंपत्तियों में वृद्धि		166.52
(ख) अदा किया गया लाभांश (लाभांश कर सहित)		97.90
(ग) उधार ली गई निधियों में कमी		134.70
(घ) आस्थगित कर परिसंपत्तियों में वृद्धि		102.77
(ङ) कार्यशील पूंजी में वृद्धि (प्रस्तावित लाभांश और उस पर कर को छोड़कर)		266.98
(च) सीडब्ल्यूआईपी में वृद्धि		2.03
जोड़		**770.90**

3. कार्य परिणाम

दिनांक 31 मार्च को समाप्त पिछले तीन वर्षों के लिए कंपनी के कार्य परिणाम नीचे दिए गए हैं

(करोड़ रुपए में)

	2000-2001	**2001-2002**	**2002-2003**
(i) बिक्री	6377.36	7297.28	7482.22
(ii) घटाएं : उत्पाद शुल्क	633.65	691.54	551.92
(iii) निवल बिक्री	5743.71	6605.74	6930.30
(iv) अन्य अथवा विविध आय	505.42	493.92	508.72
(v) कर–पूर्व लाभ और पूर्वावधि समायोजन	294.53	657.35	812.24
(vi) पूर्वावधि समायोजन	0.44	5.48	9.81
(vii) कर–पूर्व लाभ*	294.09	662.83	802.43
(viii) कर प्रावधान	(-) 18.52	194.89	357.92
(ix) कर–पश्चात लाभ	312.61	467.95	444.51
(x) प्रस्तावित लाभांश	80.92	97.90	110.45

*यूनिट–वार कार्य परिणाम अनुबंध में दिया गया है।

4. अनुपात विश्लेषण

31 मार्च को समाप्त पिछले तीन वर्षों में कंपनी की वित्तीय स्थिति पर कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपात निम्नानुसार है :

(करोड़ रुपए में)

	2000-2001	**2001-2002**	**2002-2003**
क. नकदी अनुपात :			
चालू अनुपात [ञ/घ(i)+ग(iv)]	1.82	1.71	1.75

ख. ऋण इक्विटी अनुपात			
दीर्घावधिक ऋण/इक्विटी [ग(i) से (iii) अल्पावधिक ऋण/ण को छोड़कर]	0.13	0.15	0.11
ग. लाभप्रदता अनुपात :			(प्रतिशत में)
(क) कर–पूर्व लाभ			
(i) नियोजित पूंजी	6.46	14.69	16.86
(ii) निवल मूल्य	8.17	15.72	17.05
(iii) बिक्री	4.61	9.08	10.72
(ख) इक्विटी पर कर–पश्चात लाभ	127.72	191.19	181.61
(ग) प्रति शेयर अर्जन (रुपए में)	12.77	19.12	18.16

5. माल–सूची स्तर

31 मार्च को समाप्त पिछले तीन वर्षों के अंत में माल–सूची स्तर निम्नानुसार है :

(करोड़ रुपए में)

	2000-2001	**2001-2002**	**2002-2003**
(क) कच्चा माल	660.35	7655.60	719.66
(ख) सामग्री, अतिरिक्त पुर्जे और खुले औजार	98.83	90.26	80.86
(ग) चालू कार्य और अर्ध–निर्मित वस्तुएं	1081.44	1074.13	938.43
(घ) निर्मित वस्तुएं	208.98	185.62	274.81
(ङ) रद्दी	12.07	12.11	13.30
जोड़	**2061.67**	**2017.72**	**2027.06**

निर्मित वस्तुओं का स्टॉक वर्ष 2000–01, 2001–02 और 2002–03 में क्रमशः 0.39,0.31 और 0.44 महीनों की बिक्री प्रदर्शित करते हैं।

6. विविध देनदार

31 मार्च को समाप्त पिछले तीन वर्षों में विविध देनदार और बिक्रियां निम्नानुसार हैं :

(करोड़ रुपए में)

31 मार्च को	विविध देनदार			बिक्री (उत्पाद शुल्क सहित)	विविध देनदारो ंकी बिक्री के अनुसार प्रतिशतता
	सही माने गये	संदिग्ध माने गये	जोड़		
2001	4174.30	608.81	4783.11	6377.36	75.00
2002	4584.19	638.30	5222.49	7297.28	71.57
2003	4075.78	677.56	4753.34	7482.22	63.53

दिनांक 31.03.2003 को विविध देनदारों का अवधि–वार विश्लेषण नीचे दिया गया है :

		(करोड़ रुपये में)
(i)	6 महीने से कम	2543.43
(ii)	6 महीने से 1 वर्ष तक	368.86
(iii)	1 वर्ष से 3 वर्ष तक	919.92
(iv)	3 वर्ष से अधिक	921.33
	जोड़	**4753.54**

ह./–
रेवती बेदी
प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा एवं पदेन
सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड–III, नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.08.03

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की इकाइयों के कार्यचालन परिणाम

अनुबंध
(करोड़ रुपए)

	2000-2001	2001-2002	2002-2003
हेवी इलेक्ट्रिकल्स उपस्कर संयंत्र, हरिद्वार	26.16	65.72	117.05
हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट, हैदराबाद	54.55	104.46	136.80
हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट, तिरूचि	150.52	148.40	131.21
हेवी इलेक्ट्रिकल्स प्लांट, भोपाल	-70.10	16.40	56.13
सैंट्रल फाउंड्री फोर्ज प्लांट, हरिद्वार	-30.84	-21.62	-9.65
ट्रांसफार्मर प्लांट, झांसी	-117.29	-20.90	1.44
इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बंगलौर	16.66	47.21	78.61
इंडस्ट्रियल वाल्व प्लांट, गोइंदवाल	2.23	1.18	1.79
इंडस्ट्रियल सिस्टम ग्रुप, बंगलौर	-2.70	-10.99	-9.81
बॉयलर ऑक्जिलरी प्लांट, रानीपेट	13.31	28.23	20.41
इलेक्ट्रो पोर्सिलेंस डिवीजन, बंगलौर	1.34	11.75	1.45
इंसुलेटर प्लांट, जगदीशपुर	-16.64	-9.00	-6.90
पावर ग्रुप (चार क्षेत्र तथा परियोजना इंजीनियरिग प्रबंध)	182.68	224.60	220.72
इंटरनेशनल ऑपरेशन्स डिवीजन, नई दिल्ली	0.12	-0.01	0.06
ओवरसीज प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेशन, नई दिल्ली	2.21	3.25	13.38
प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केन्द्र, हैदराबाद	1.22	1.77	2.50
उद्योग क्षेत्र, नई दिल्ली	-0.38	0.15	-0.10
संघटक संरचना संयंत्र, रूद्रपुर	-2.02	-1.53	-1.32
क्षेत्रीय प्रचालन प्रभाग	-4.28	-0.12	0.68
भारी उपस्कर मरम्मत संयंत्र, वाराणसी	5.33	5.57	1.67
उन्नत अनुसंधान परियोजना, नई दिल्ली	0.45	0.19	0.28
पारेषण परियोजना ग्रुप, भोपाल	21.79	18.13	2.40
ईएमआरपी और ओएसबी, मुंबई	-	-	0.12
कारपोरेट समायोजन	59.77	49.99	43.51
जोड़	**294.09**	**662.83**	**802.43**

ऊर्जा का संरक्षण

वर्ष 2002-2003 के दौरान ऊर्जा की लागत कम करने के लिए किए गए उपाय निम्नानुसार हैं :

1. उचित भार आयोजना द्वारा विद्युत की अधिकतम मांग में कमी।
2. परिवर्ती स्पीड ड्राइव मोटरों का संस्थापन।
3. जल की खपत में कमी जिससे विद्युत की खपत में कमी होती है।
4. विभिन्न उत्पादन ब्लॉकों की छत पर पारदर्शी शीट प्रदान करके प्रकाश के लिए सूर्य के प्रकाश का प्रयोग।
5. फर्नेस का इष्टतम उपयोग।
6. फर्नेस में सिरामिक लाइनिंग प्रदान करके ईंधन की खपत में कमी।
7. एलपीजी की बजाए उत्पादक गैस का प्रयोग।
8. मौजूदा एमजी सेटों के स्थान पर एसी/डीसी ड्राइव का प्रयोग।
9. ऊर्जा सक्षम लैंपों आदि का प्रयोग करते हुए प्रकाश व्यवस्था प्रणाली का संशोधन।
10. कंप्रेस्ड एयर पाइपिंग और स्टीम पाइपिंग में रिसाव रोकना।
11. प्रकाश को स्वाचालित रूप से बंद करने की प्रणाली अपनाना।

उपरोक्त उपायों के परिणामस्वरूप,कुल कारोबार की प्रतिशतता के रूप में उत्पाद शुल्क को घटाकर ऊर्जा लागत वर्ष 2002-2003 के दौरान ईंधन की लागत और विद्युत टैरिफ में वृद्धि के बावजूद पिछले वर्ष में लगभग 3 प्रतिशत की तुलना में घटकर 2.86 प्रतिशत हो गई हैं।

प्रौद्योगिकी आमेलन और अनुसंधान एवं विकास

अनुसंधान एवं विकास

1. विशेष क्षेत्रों, जिनमें कंपनी द्वारा अनुसंधान और विकास कार्य किए गए]
2. उपरोक्त अनुसंधान एवं विकास के परिणामस्वरूप प्राप्त लाभ]

''अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी'' के अधीन निदेशकों की रिपोर्ट में दिया गया है।

3. भावी कार्य योजना

अनुसंधान और विकास तथा प्रौद्योगिकी के लिए बल देने वाले क्षेत्र निम्नालिखित हैं :

- ताप (थर्मल) विद्युत संयंत्र और औद्योगिक अनुप्रयोग के लिए उन्नत नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन प्लेटफार्म
- ताप (थर्मल) विद्युत संयंत्र अनुप्रयोग के लिए निष्पादन विश्लेषण,निदान और अनुकूलन (पीएडीओ) प्रणालियां।
- एकीकृत गैसीकरण संयुक्त चक्रीय (आईजीजीसी) विद्युत संयंत्र
- सुपर क्रिटिकल पैरामीटर का प्रयोग करते हुए अधिक सक्षम पारंपरिक ताप विद्युत संयंत्र
- वायुमंडलीय और सर्कुलेटिंग फ्लूडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) बॉयलर
- बॉयलर से उत्सर्जन की कमी
- उच्चतर क्षमता और दीर्घ अवधि सहित जल विद्युत संयंत्र
- उच्च क्षमता वाले बॉयलर फीड पम्प और कंप्रेसर
- पल्वराइजर्स
- 8 मेगावाट औद्योगिक स्टीम टर्बाइन
- डीजल विद्युत इंजनों के लिए तीन फेज एसी ड्राइव प्रणाली जैसी सक्षम,विश्वसनीय और लागत प्रभावी परिवहन प्रणालियां।
- थाइरिस्टर नियंत्रित श्रृंखला प्रतिपूर्ति,फेज शिफ्टिंग ट्रांसफार्मर, स्टेटिक सिंक्रोनाइज्ड कम्पनशेसन (स्टेटकॉम) ,नियंत्रित शंट रिएक्टर आदि जैसे उपकरणों सहित फ्लैक्सिबल एसी पारेषण प्रणालियां।
- 765 केवी पारेषण उपस्कर
- एचवीडीसी पारेषण प्रणालियां
- गैस विसंवाहित स्विचगियर

- अपशिष्ट अवधि आकलन अध्ययन
- चक्र अवधि और लागत की कमी
- कंपन और शोर की कमी
- विशिष्ट इंजीनियरी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग
- संगठनों के लिए विशिष्ट सॉफ्टवेयर
- सिमुलेटर्स
- अ-परम्परागत ऊर्जा प्रणालियां
- वेल्डिंग प्रौद्योगिकियां
- सरफेस कोटिंग्स

4. अनुसंधान और विकास पर व्यय

(क) पूंजी	-	85 मिलियन रुपए
(ख) आवर्ती	-	732 मिलियन रुपए
(ग) जोड़	-	817 मिलियन रुपए
कुल कारोबार की प्रतिशतता के रूप में व्यय	-	1.09 प्रतिशत

प्रौद्योगिकी आमेलन और उसे अपनाना

पिछले 5 वर्षों के दौरान आयातित प्रौद्योगिकी का ब्यौरा :

प्रौद्योगिकी	आयात का वर्ष	आमेलन की स्थिति
वन्स-थ्रू बॉयलर	1999	प्रौद्योगिकी आमेलन चल रहा है।
फैब्रिक फिल्टर्स	1999	प्रौद्योगिकी आमेलन चल रहा है। आदेश निष्पादनाधीन
न्यू जेनरेशन सीएंडआई ऑटोमेशन प्लेटफार्म	2000	प्रौद्योगिकी आमेलन चल रहा है। आदेश निष्पादनाधीन
एक्सियल फैन	2002	प्रौद्योगिकी आमेलन चल रहा है।

विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

(क) ''अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय'' के अधीन निदेशकों की रिपोर्ट में निर्यात से संबंधित कार्यकलापों की सूचना दी गई है।

(ख) प्रयुक्त और अर्जित कुल विदेशी मुद्रा :

(मिलियन रुपए)

	2002-2003	**2001-2002**
(i) प्रयुक्त विदेशी मुद्रा	13090	14085
(ii) अर्जित विदेशी मुद्रा	19231	21680

कारपोरेट अभिशासन

01. कारपोरेट शासन की संहिता पर कंपनी का दर्शन

कारपोरेट अभिशासन की संकल्पनाप,जिसने अभूतपूर्व विश्वव्यापी ध्यान प्राप्त किया है, सामयिक और पारदर्शी वित्तीय तथा साथ ही शेयरधारकों को प्रबंधकीय प्रकटन सुनिश्चित करने के लिए जांच और संतुलनों का हवाला देता है। कारपोरेट अभिशासन नियमों एवं विनियमों का अनुपालन मात्र नहीं है,बल्कि यह निष्पक्ष तरीके से किसी कारपोरेट संस्था द्वारा कार्य करने की सच्ची इच्छा, नीति एवं उत्सुकता से संबंधित है।

बीएचईएल अपने सभी परिचालनों में अच्छे कारपोरेट अभिशासन में विश्वास और उसका प्रयोग करता है तथा अभिशासन के उच्चतम मानकों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्धता दोहराता है। बीएचईएल सक्रिय उपायों को अपनाकर पणधारियों के महत्व में वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करता है, जिससे कंपनी और इसके निवेशकों, लेनदारों, वेंडरों तथा ग्राहकों के मध्य पारदर्शिता आती है। कारपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में किसी भी नए आयाम को अपनाने का बीएचईएल ने हमेशा प्रयास किया है।

02. निदेशक बोर्ड

कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 617 के अनुसरण में बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है। इस समय कंपनी की कुल चुकता शेयर पूंजी का 67.72 प्रतिशत भारत के राष्ट्रपति द्वारा धारित है।

दिनांक 31 मार्च, 2003 को बीएचईएल के बोर्ड में 12 (बारह) निदेशक यथा अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक,पांच पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक(कार्यात्मक निदेशक),भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सरकारी नामिती और चार गैर-कार्यकारी निदेशक शामिल है। चार और गैर-कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार के सक्रिय विचाराधीन है।

- **उत्तरदायित्व :**

बोर्ड का अधिदेश कंपनी की कार्यनीति संबंधी दिशा का निरीक्षण करना,कारपोरेट निष्पादन की समीक्षा और अनुवीक्षण करना,विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करना और शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा करना है।

- **स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका :**

स्वतंत्र निदेशक बोर्ड की बैठकों में विचार-विमर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इंजीनियरी,वित्त,प्रबंधन,विधि और सरकारी नीति के क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता कंपनी को प्रदान करते हैं।

बोर्ड ने लेखा परीक्षा समिति,शेयरधारक शिकायत समिति और शेयर अंतरण समिति जैसी कई समितियां स्थापित की हैं। सूचीकरण करार के खंड 49 के अनुसार लेखापरीक्षा समिति और शेयरधारक शिकायत समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है और उक्त समितियां परिभाषित विचारार्थ विषयों के भीतर कार्य करती है। समिति की बैठकों का कार्यवृत्त परिचालित किया जाता है और बोर्ड की बैठक में उस पर चर्चा की जाती है।

- **बोर्ड की बैठक :**

बोर्ड की बैठकें सामान्यतः नई दिल्ली स्थित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती है और वे बहुत पूर्व निर्धारित की जाती है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के परामर्श से कंपनी सचिव प्रत्येक निदेशक को लिखित में बोर्ड की प्रत्येक बैठक की सूचना भेजता है। बोर्ड की कार्यसूची अग्रिम रूप से निदेशकों को परिचालित की जाती है। बोर्ड के सदस्यों की कंपनी की सभी जानकारी तक अभिगम्यता होती है और वे चर्चा के लिए कार्यसूची में किसी विषय को शामिल करने की सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र हैं। आवश्यकता के मामले में वरिष्ठ प्रबंधन सदस्यों को चर्चा की जा रही मदों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने और/अथवा बोर्ड को प्रस्तुतिकरण देने के लिए बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की निम्नलिखित तारीखों को तेरह बैठकें हुई : (i) 3 अप्रैल, 2002 (ii) 29 अप्रैल,2002 (iii) 16 मई,2002 (iv) 14 जून,2002 (v) 30 जुलाई,2002 (vi) 16 अगस्त,2002 (vii) 26 अगस्त,2002 (viii) 09 अक्तूबर,2002 (ix) 28 अक्तूबर, 2002 (x) 29 अक्तूबर,2002 और (xi) 9 जनवरी,2003 (xii) 29 जनवरी, 2003 (xiii) 10 मार्च,2003 ।

किसी भी दो बैठकों के बीच अधिकतम समयांतराल तीन कैलेंडर महीने से अधिक नहीं था।

➢ **निदेशकों का संयोजन और श्रेणी,बोर्ड की बैठकों और पिछली आम वार्षिक बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति,कंपनी के प्रत्येक निदेशक की अन्य कंपनियों में निदेशक पदधारण और सदस्यता नीचे दी गई है (दिनांक 31 मार्च,2003 को) :**

नाम सर्व / श्री	उपस्थिति विवरण		अन्य निदेशक / पदधारण और समिति की सदस्यता / अध्यक्षता की संख्या	
	बोर्ड बैठक (01 / 04 / 02 से 31 / 09 / 03 तक)	अंतिम वार्षिक आम बैठक (30.09.02 को आयोजित)	अन्य पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में निदेशक पदधारिता का विवरण	समित सदस्यता एवं समिति की अध्यक्षता का विवरण
क) पूर्णकालिक कार्यात्मक (कार्यकारी) निदेशक				
के.जी. रामचन्द्रन (सीएमडी)	12	उपस्थित	शून्य	शून्य
ईशान शंकर	13	उपस्थित	शून्य	शून्य
एच डब्ल्यू भटनागर	13	उपस्थित	शून्य	शून्य
आर सी अग्रवाल	12	उपस्थित	शून्य	शून्य
सी श्रीनिवासन	13	उपस्थित	शून्य	शून्य
वीरेन्द्र कुमार	13	उपस्थित	शून्य	शून्य
ख) अंशकालिक सरकारी (गैर–सरकारी/ प्रवर्तक निदेशक)				
के के जसवाल (02.07.2002 तक)	3	उपलब्ध नहीं	1) मारूति उद्योग लिमिटेड 2) हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लि. 3) एंड्रू यूल एंड कंपनी लि. 4) भारत भारी उद्योग निगम लि. 5) हैवी इंजी. कारपोरेशन लि. 6) एचएमटी लिमिटेड 7) एचएमटी वाचेज लि. 8) एचएमटी मशीन टूल्स लि.	शून्य
बी के मल्होत्रा (30.07.2002 से)	4	उपस्थित	1) एंड्रू यूल एंड कंपनी लि. 2) एचएमटी लिमिटेड 3) मारूति उद्योग लिमिटेड	शून्य
एस वी भावे (10.03.2003 तक)	9	उपस्थित	1) भारत भारी उद्योग निगम लि. 2) इंजी. प्रोजेक्ट्स (इं.) लि. 3) माइनिंग एंड एलायड मशीनरी कारपोरेशन लि. 4) इलेक्ट्रिकल कन्सट्रक्शन कं. लि.	**सदस्य** लेखापरीक्षा समिति 1) भारत भारी उद्योग निगम लि.
ए दीदार सिंह (10.03.2003 से)	1	उपलब्ध नहीं	1) भारत यंत्र निगम लिमिटेड 2) त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लि. 3) हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लि.	शून्य
ग) अंशकालिक गैर–सरकारी (गैर–कार्यकारी / स्वतंत्र) निदेशक				
ए सी वधावन	10	उपस्थित	1) टाटा रिफ्रेंक्ट्रीज लि. 2) टाटा मेटालिंक्स लि. 3) ट्रांसवे (इंडिया लि.) 4) रिलायंस सैलुलोज प्रोडक्ट्स लि. 5) जिंदल पालिस्टर लि. 6) हिन्दुस्तान ज़िंक लि.	**सदस्य** लेखापरीक्षा समिति 1) टाटा रिफ्रेंक्ट्रीज लि. 2) जिंदल पालिस्टर लि. 3) टाटा मेटालिंक्स लि. ***पारिश्रमिक समिति*** 1) टाटा मेटालिंक्स लि. **अध्यक्ष** ***पारिश्रमिक समिति*** 1) टाटा रिफ्रेंक्ट्रीज लि.

आनन्द पटकर	11	उपस्थित	1) प्राइमटाइम–आईपी मीडिया सर्विसेज लि. 2) आईटीएम इन्फोटेक इंडिया लि. 3) एसडब्ल्यूआईएल लिमिटेड	**सदस्य** पारिश्रमिक समिति 1) एसडब्ल्यूआईएल लि.
जी पी गुप्ता	9	उपस्थित	1) जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि. 2) स्वराज इंजन लि. 3) नेशनल एल्युमीनियम कं. लि. 4) हिन्दुस्तान एरोनाक्टिस लि. 5) एम.पी. पावर जेनरेटिंग कं. लि.	**सदस्य** लेखापरीक्षा समिति 1) स्वराज इंजन लि. 2) नेशनल एल्युमीनियम कं. लि. 3) हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लि.
शरद उपासनी	9	उपस्थित	1) यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक लि. 2) एंड्रू यूल एंड कं. लि.	**सदस्य** लेखापरीक्षा समिति 1) एंड्रू यूल एंड कं. लि.

कंपनी का कोई भी निदेशक उन सभी कंपनियों जिनमें वह निदेशक हैं, को शामिल कर दस (10) समितियों से अधिक में सदस्य तथा पांच (5) समितियों से अधिक में अध्यक्ष नहीं है।

➢ निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत सूचना

निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत सूचना सामान्यतया बीएचईएल के निदेशक मंडल को कार्यसूची पत्रों के भाग के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं अथवा बोर्ड की बैठक के दौरान पेश/प्रस्तुत किए जाते हैं :

- ✓ वार्षिक संचालन योजनाएं तथा बजट एवं कोई अद्यतन सूचना।
- ✓ पूंजी बजट एवं कोई अद्यतन सूचना।
- ✓ कंपनी तथा इसके कार्यात्मक प्रभागों अथवा व्यवसाय खंडों के तिमाही परिणाम।
- ✓ लेखापरीक्षा समिति तथा बोर्ड की अन्य समितियों की बैठकों का विवरण।
- ✓ बोर्ड स्तर से ठीक पहले के वरिष्ठ अधिकारियों के चयन एवं पारिश्रमिक संबंधी सूचना।
- ✓ निदेशक मंडल के अनुमोदनार्थ अपेक्षित किसी संयुक्त उपक्रम,अनुसंधान एवं विकास परियोजना अथवा तकनीकी सहयोग करार का विवरण।
- ✓ महत्वपूर्ण श्रम समस्याएं तथा उनके प्रस्तावित समाधान। मजदूरी समझौता पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना का क्रियान्वयन आदि जैसी मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध मोर्चे में कोई महत्वपूर्ण घटना।
- ✓ महत्वपूर्ण प्रकृति के निवेशों, सहायक कंपनियों, परिसंपत्तियों की बिक्री,जो कि व्यवसाय के सामान्य क्रम में नहीं है।
- ✓ सभी लंबित मामलों पर की गई कार्रवाई।
- ✓ निदेशकों द्वारा उनकी निदेशक पदधारिता तथा अन्य कंपनियों में उनके द्वारा हासिल समिति पदों के बारे में हित का प्रकटीकरण।
- ✓ विभिन्न नियमों के अनुपालन संबंधी तिमाही रिपोर्ट।
- ✓ प्रमुख कानूनी विवादों से संबंधित सूचना।
- ✓ अधिशेष निधियों का अल्पकालिक निदेश।
- ✓ कोई संविदा (संविदाएं) जिनमें निदेशक (निदेशकों) की रूचि मानी जाती है।
- ✓ शेयरधारकों की शिकायतों संबंधी त्रैमासिक स्थिति।
- ✓ विद्युत तथा उद्योग क्षेत्रों एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्य प्रभाग के संबंध में त्रैमासिक आधार पर सूचना/स्थिति।
- ✓ महत्वपूर्ण पूंजी निवेश प्रस्ताव।
- ✓ विभिन्न एककों/कार्यों के निष्पादन संबंधी विस्तृत प्रकटीकरण।

03. लेखापरीक्षा समिति

लेखापरीक्षा समिति में इस समय केवल गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। लेखापरीक्षा समिति के सदस्य हैं, श्री ए.सी.वधावन श्री जी.पी.गुप्ता और डा. आनंद पाटकर। श्री वधावन लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष हैं। लेखापरीक्षा समिति में सूचीकरण करार और कंपनी अधिनियम,1956 के उपबंधों के अनुसार किया जाता है। समिति के सभी सदस्य वित्त लेखा और कंपनी कानून में योग्यता प्राप्त और अनुभवी है।

लेखापरीक्षा समिति का कोरम दो सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

➢ विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण :

लेखापरीक्षा समिति के बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट विचारार्थ विषय सूचीकरण करार के खंड 49 तथा साथ ही कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292क की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं। वे निम्नानुसार हैं :

1. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया को देखना और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त तथा विश्वसनीय है, इसकी वित्तीय सूचना का प्रकटन।
2. बाहरी लेखापरीक्षकों का लेखापरीक्षा शुल्क नियत करना तथा अन्य किसी सेवा के लिए भुगतान के लिए अनुमोदन।
3. प्रबंधन, बाहरी और आंतरिक लेखापरीक्षकों के साथ आंतरिक नियंत्रण, लेखापरीक्षकों के अवलोकनों सहित लेखापरीक्षा के सीमा क्षेत्र की आवधिक रूप से समीक्षा करना और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित करना।
4. बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाने से पूर्व प्राथमिक तौर पर निम्नलिखित पर विशेष बल देते हुए प्रबंधन के साथ अर्धवार्षिक तथा वार्षिक वित्तीय विवरण की समीक्षा :
   - लेखाकरण नीतियों तथा पद्धति में कोई परिवर्तन
   - प्रबंधन के निर्णय के आधार पर प्रमुख लेखाकरण प्रविष्टियां
   - प्रारूप लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अर्हता
   - लेखापरीक्षा में उत्पन्न महत्वपूर्ण समायोजन
   - गोइंग कन्सर्न का पूर्वानुमान
   - लेखाकरण मानकों का अनुपालन
   - स्टॉक एक्सचेंज विनियमों तथा वित्तीय विवरणों से संबंधित कानूनी अपेक्षाओं का अनुपालन
   - किसी संबद्ध पक्ष से लेन-देन अर्थात् कंपनी का प्रवर्तकों अथवा प्रबंधन, उनकी सहायक कंपनियों अथवा संबंधियों आदि के साथ वास्तविक लेन-देन, जिसमें पूरी कंपनी के हितों से संभावित विवाद की संभावना हो।
5. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग का ढांचा, कर्मचारियों की संख्या और विभाग की अध्यक्षता करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग की ढांचागत व्यवस्था, सीमा क्षेत्र और आंतरिक लेखापरीक्षा की बारम्बारता सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा।
6. किसी महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर आंतरिक लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा तथा उन पर अनुवर्ती कार्रवाई।
7. आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा ऐसे विषयों की आंतरिक जांच, जिनमें धोखाधड़ी अथवा अनियमितता या वास्तविक रूप में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता का संदेह हो, के निष्कर्षों की समीक्षा करना और बोर्ड को इस विषय की जानकारी देना।
8. लेखापरीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व, लेखापरीक्षा के स्वरूप और कार्यक्षेत्र के विषय पर बाहरी लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा करना तथा चिन्ता के किसी क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए लेखापरीक्षा पश्चात चर्चा करना।
9. कंपनी की वित्तीय और जोखिम प्रबंधन नीतियों की समीक्षा करना।
10. जमाकर्ताओं, डिबेंचरधारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश के भुगतान नहीं होने की स्थिति में) तथा लेनदारों के भुगतान में पर्याप्त चूक के लिए कारणों का पता लगाना।
11. लेखापरीक्षा समिति की कंपनी अधिनियम की धारा 292क में निर्दिष्ट अथवा बोर्ड द्वारा उसे भेजी गई मदों के संबंध में किसी भी मामले को जांच करने का प्राधिकार होगा और इस प्रयोजनार्थ उसे कंपनी के रिकॉर्ड में विहित जानकारी और बाह्य व्यावसायिक सुझाव, अगर आवश्यक हो, प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
12. लेखापरीक्षा समिति कंपनी अधिनियम तथा स्टॉक एक्सचेंज के साथ लागू तथा समय-समय पर यथा-संशोधित सूचीकरण करार की अपेक्षाओं का अनुपालन करेंगी।

➢ समिति की संरचना और सदस्यों की उपस्थिति

समिति की समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आठ बार बैठकें हुई। संरचना का विवरण, सदस्यों के नाम, उनका कार्यकाल और अध्यक्ष तथा सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार है :

		श्री ए.सी. वधावन अध्यक्ष	श्री जी.पी. गुप्ता (सदस्य)	डॉ. आनंद पाटकर (सदस्य)
कार्यकाल →	से	26.07.2001	23.08.2001	26.07.2001
	तक	जारी	जारी	जारी
बैठकें / उपस्थिति ↓	29.04.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	14.06.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	30.07.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	16.08.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	26.08.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	29.10.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	16.12.2002	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
	29.01.2003	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित

श्री सी. श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त) तथा श्री आर.सरस्वाथन, महाप्रबंधक (आंतरिक लेखापरीक्षा एवं कराधान) भी सूचीकरण करार की अपेक्षा के अनुरूप वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की सभी बैठकों में आमंत्रिती के रूप में उपस्थित थे।

04. पारिश्रमिक समिति

सरकारी क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण बीएचईएल के निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल तथा पारिश्रमिक भारत के राष्ट्रपति द्वारा निश्चित किया जाता है। इसलिए बोर्ड निदेशकों के पारिश्रमिक का निर्णय नहीं लेता। स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड की बैठकों तथा साथ ही समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए सिटिंग फीस का भुगतान किया जाता है। तथापि, खंड 49(III)(ख) द्वारा यथापेक्षित, निदेशकों के पारिश्रमिक के संबंध में आवश्यक प्रकटीकरण निम्नानुसार हैं :

कंपनी के कार्यकारी निदेशकों के पारिश्रमिक का विवरण :

क्र. सं.	निदेशक का नाम	वेतन	लाभ	बोनस / कमीशन	निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन	कुल	स्टॉक विकल्प	सेवा संविदा / नोटिस अवधि / सेवा प्रदाय फीस
	सर्व / श्री	(रुपए)	(रुपए)	(रुपए)	(रुपए)	(रुपए)	(रुपए)	
1	के जी रामचन्द्रन	527557	253132	शून्य	13525	794214	शून्य	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त नहीं होंगे
2	ईशान शंकर	481381	222294	शून्य	13525	717200	शून्य	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्ति
3	एच डब्ल्यू भटनागर	477069	261979	शून्य	13525	752573	शून्य	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्ति
4	आर सी अग्रवाल	481409	239799	शून्य	13525	734733	शून्य	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्ति
5	सी श्रीनिवासन	439601	208426	शून्य	13525	661552	शून्य	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्ति
6	वीरेन्द्र कुमार	506869	231450	शून्य	13525	751844	शून्य	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्ति

➢ **वर्ष 2002–2003 के दौरान गैर–कार्यकारी निदेशकों को दिए गए भुगतान का विवरण नीचे दिया गया है :**

(रुपए में)

गैर–कार्यकारी निदेशकों का नाम	सिटिंग फीस		कुल
	बोर्ड की बैठक	समिति की बैठक	
श्री ए.सी. वधावन	50, 000/-	70, 000/-	1,20, 000/-
श्री जी.पी. गुप्ता	45, 000/-	45, 000/-	90, 000/-
डॉ. आनंद पाटकर	55, 000/-	50, 000/-	1,05, 000/-
श्री शरद उपासनी	45, 000/-	5,000/-	50, 000/-

05. शेयरधारक समिति

I. शेयरधारक समिति

बोर्ड ने बहुत पहले एक शेयर अंतरण समिति गठित की थी, जिसमें कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (विद्युत) तथा निदेशक (वित्त) शामिल हैं। यह शेयर अंतरण समिति सभी शेयर से संबद्ध मुद्दों शेयरों के अंतरण/पारेषण, डीमैट मोड के अधीन लाभप्रद स्थिति को ध्यान में रखने के अतिरिक्त फिजिकल मोड में डुप्लीकेट शेयर प्रमाण-पत्र आदि जारी किए जाने पर विचार करती है और अनुमोदन प्रदान करती है। वर्ष 2002-2003 के दौरान अंतरण समिति ने इक्कीस बैठकें कीं और शेयर से संबद्ध मुद्दों से संबंधित कार्य किया। शेयर अंतरण से संबंधित कार्य मैसर्स कार्वी कंसल्टेंट्स लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा देखा जाता है। शेयर अंतरण समिति की बैठकों के कार्यवृत्त आवधिक रूप से निदेशक मंडल को प्रस्तुत किए जाते हैं।

चूंकि कुल चुकता शेयर पूंजी के विनिवेशित 32.28 प्रतिशत का 99 प्रतिशत शेयर अमूर्त रूप में है, अतः वर्ष के दौरान भौतिक खंड में शेयरों का अंतरण काफी कम हुआ तथा शेयर अंतरण समिति की बैठकें अंतरण की आवश्यकता के अनुसार की गईं।

II. शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत समिति

कंपनी ने दिनांक 26 जुलाई, 2001 को एक शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति का गठन किया। समीक्षाधीन वर्ष में कंपनी ने चार बैठकें की। संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम, आयोजित बैठकों की संख्या और सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	निदेशक का नाम तथा पद	बैठकें / उपस्थिति			
	सर्व / श्री	07.05.2002	26.08.2002	16.12.2002	22.03.2003
1.	ए.सी. वधावन (अध्यक्ष)	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
2.	ईशान शंकर (सदस्य)	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित
3.	सी. श्रीनिवासन (सदस्य)	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित	उपस्थित

शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति के गठन के पूर्व, शेयरधारकों की शिकायत का निपटारा कंपनी के आरटीए, कार्वी कंसल्टेंट्स, लिमिटेड द्वारा किया जाता और बोर्ड को सूचित किया जाता था और इस प्रकार मामला समिति की बजाए पूरे बोर्ड द्वारा देखा जाता था।

- **अनुपालन अधिकारी का नाम तथा पदनाम**
  श्री एन.के.सिन्हा, कंपनी सचिव सूचीकरण करार के खंड 47 के अनुसार अनुपालन अधिकारी हैं।
- **अभी तक शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या**
  जैसा कार्वी कंसल्टेंट लिमिटेड (आरटीए) द्वारा सेबी को सूचित किया गया है, वर्ष के दौरान शेयरधारकों की 2329 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से सभी का दिनांक 31 मार्च, 2003 तक निपटारा कर दिया गया था।
- **शेयरधारकों की संतुष्टि तक नहीं निपटाई गई शिकायतों की संख्या**
  शून्य
- **लंबित शेयर अंतरणों की संख्या**
  दिनांक 31 मार्च, 2003 को कोई भी शेयर अंतरण लंबित नहीं था। वर्ष के दौरान शेयर अंतरण स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित समय के भीतर ही किए गए और इस आशय का प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत कर दिया गया है।

06. आम बैठकें

- **अवस्थान और समय, जहां पिछली तीन वार्षिक आम बैठकें आयोजित हुईं :**

विवरण	वित्तीय वर्ष 1999-00 (36वीं वार्षिक आम बैठक)	वित्तीय वर्ष 2000-01 (37वीं वार्षिक आम बैठक)	वित्तीय वर्ष 2001-02 (38वीं वार्षिक आम बैठक)
दिनांक और समय	**29 सितम्बर, 2000** 10.00 बजे पूर्वाह्न	**29 सितम्बर, 2001** 10.00 बजे पूर्वाह्न	**30 सितम्बर, 2002** 10.00 बजे पूर्वाह्न
अवस्थान	फिक्की सभागार बाराखम्बा रोड (तानसेन मार्ग) नई दिल्ली-110 001	फिक्की सभागार बाराखम्बा रोड (तानसेन मार्ग) नई दिल्ली-110 001	फिक्की सभागार बाराखम्बा रोड (तानसेन मार्ग) नई दिल्ली-110 001

- **क्या पिछले वर्ष डाक-मत पत्र के माध्यम से विशेष संकल्प किए गए,मतदान पैटर्न का विवरण :**
  पिछले वर्ष डाक मत-पत्र के माध्यम से कोई विशेष संकल्प नहीं किए गए।
- **व्यक्ति,जिसने डाक मत-पत्र कार्य संचालित किया :**
  लागू नहीं
- **क्या डाक मत-पत्र के माध्यम से विशेष संकल्प किए जाने प्रस्तावित हैं**
  डाक मत-पत्र के माध्यम से कोई विशेष संकल्प किया जाना प्रस्तावित नहीं है।

07. प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर)

संबद्ध पक्ष के साथ वास्तविक रूप से महत्वपूर्ण लेन-देन का प्रकटीकरण अर्थात कंपनी के प्रवर्त्तकों,निदेशकों अथवा प्रबंधन,उसकी सहायक कंपनियां अथवा संबंधियों के साथ वास्तविक लेन-देन,जिसके कंपनी के हित के विरूद्ध होने की संभावना हो।

कंपनी का किसी संबद्ध पक्ष से कोई भी ऐसा लेन-देन नहीं है, जिसका उसके हित के विरूद्ध होने की संभावना हो।

- **कंपनी द्वारा अनुपालन नहीं किए गए विषयों,पूंजी बाजार से संबद्ध किसी विषय पर स्टॉक एक्सचेंज अथवा ''सेबी'' या अन्य किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान कंपनी पर लगाए गई दंडों,अवक्षेपों का विवरण।**
  कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीकरण करार तथा साथ ही ''सेबा'' द्वारा निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों को सभी अपेक्षाओं का अनुपालन किया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी विषय पर किसी सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा कंपनी पर कोई दंड या अवक्षेप नहीं लगाया गया है।

08. संप्रेषण के साधन

- कंपनी और शेयरधारकों के बीच संप्रेषण का साधन पारदर्शी और निवेशक अनुकूल है।
- कंपनी की उपलब्धियों और महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे-बड़े ऑर्डर प्राप्त करना, को प्रेस तथा इलेक्ट्रॉनिक प्रचार माध्यमों के द्वारा घोषणाएं की जाती हैं और उन्हें कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध किया जाता है।
- **प्रत्येक आंतरिक शेयरधारकों को अर्धवार्षिक रिपोर्ट**
  तथापि, शेयरधारकों को प्रत्येक के घर में अलग से कोई अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। दिनांक 30 सितम्बर,2003 को समाप्त अर्ध-वर्ष के वित्तीय परिणाम दिनांक 30.10.2002 को इंडियन एक्सप्रेस,नई दिल्ली में अंग्रेजी में तथा दिनांक 30.10.2002 को जनसत्ता,नई दिल्ली में हिन्दी में प्रकाशित किए गए थे तथा वेबसाइट पर भी रखे गए थे।
- **तिमाही परिणाम**

टिप्पणियों सहित अ-लेखापरीक्षित तिमाही परिणाम समाचार पत्रों में निम्नानुसार प्रकाशित किए गए थे :

समाचार–पत्र	समाप्त तिमाही में प्रकाशित परिणामों की तिथि				
	31.03.2002	**30.06.2002**	**30.09.2002**	**31.12.2002**	**31.03.2003**
इंडियन एक्सप्रेस, नई दिल्ली (अंग्रेजी)	01.05.2002	31.07.2002	30.10.2002	31.01.2003	02.05.2003
जनसत्ता, नई दिल्ली (हिन्दी)	01.05.2002	31.07.2002	30.10.2002	31.01.2003	02.05.2003

- **वेबसाइट, जहां प्रदर्शित किया गया**
  कंपनी की वेबसाइट : http://www.bhel.com में
- **क्या इसमें आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियां, संस्थागत निवेशकों अथवा विश्लेषकों के लिए बनाए गए प्रस्तुतीकरण भी प्रदर्शित किए जाते हैं**
